Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
NA Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 14 अप्रैल, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-104

### भारत के मुख्य न्यायाधीश का महत्वपूर्ण वक्तव्य

# सम्पन्न लोगों के हित साधता है हमारा कानून



**सामान्य लोगों के साथ कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होता है**

**भारत सिंगापुर की शीर्ष अदालतों का दो दिवसीय सम्मेलन**

**कानून के क्षेत्र में बदलाव करने और अपनाने का समय है**

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि बदले हुए समय में कानून में भी बदलाव करने और बदलाव को अपनाने का समय है। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने यह माना कि देश में संसाधनों की कमी वाले लोगों के साथ कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होता है, जबकि हमारा कानून साधन सम्पन्न लोगों के हितों की रक्षा और सेवा में लगा रहता है। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है। चंद्रचूड़ ने कहा कि न्याय प्रणाली में शामिल न्यायाधीशों के जीवन अनुभव यही हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश का यह महत्व-पूर्ण वक्तव्य भारत और सिंगापुर की शीर्ष अदालतों के बीच संवाद और प्रौद्योगिकी के विषय पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में जारी हुआ। 13 और 14 अप्रैल को हो रहे इस सम्मेलन का आयोजन भी सुप्रीम कोर्ट ही कर रहा है। सम्मेलन में उपस्थित दोनों देशों के शीर्ष न्यायाधीशों ने न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की परिवर्तनकारी भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि एआई के दौर में अप्रत्यक्ष भेदभाव दो महत्वपूर्ण चरणों में सामने आ सकता है। सबसे पहले, प्रशिक्षण चरण के दौरान अधूरे या गलत डाटा पक्षपातपूर्ण परिणाम दे सकते हैं। वहीं, डाटा प्रोसेसिंग के दौरान भेदभाव हो सकता है।

चंद्रचूड़ ने कहा कि कानूनी क्षेत्र में एआई को अपनाने से उन्नत तकनीक तक पहुंच वाले लोगों के पक्ष में असमानता बढ़ सकती है, लेकिन यह मौजूदा ढांचे को बाधित करते हुए नए खिलाड़ियों और सेवाओं के लिए द्वार भी खोलता है। यही कारण है कि पारिस्थितिकी तंत्र परियोजना में हम तेजी से खुले एपीआई की ओर रुख कर रहे हैं ताकि हम अपने डाटा को स्टार्टअप और नए उद्यमों को उजागर कर सकें जो कानूनी प्रणाली में दक्षता प्रदान करने के लिए उस डाटा का उपयोग करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यहां हाइब्रिड मोड को अपनाना देश के न्यायिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव दिखाता है, जिसके न्याय और कानूनी पेशे तक पहुंच के दूरगामी प्रभाव हैं। कानून के क्षेत्र में, यह एआई के लिए न्याय वितरण में तेजी लाने और सुव्यवस्थित करने की क्षमता का अनुवाद करता है। यथास्थिति बनाए रखने का मकसद हमारे पीछे है। यह हमारे पेशे के भीतर बदलाव को अपनाने और यह पता लगाने का समय है कि हम प्रौद्योगिकी की प्रसंस्करण शक्ति का पूरी तरह से उपयोग कैसे कर सकते हैं।

चंद्रचूड़ ने कहा कि एआई के दौर में अप्रत्यक्ष भेदभाव दो महत्वपूर्ण चरणों में सामने आ सकता है। सबसे पहले, प्रशिक्षण चरण के दौरान जहां अधूरे या गलत डाटा पक्षपातपूर्ण परिणाम दे सकते हैं। ▶9पर

### आतंकवादियों के सफाये पर साफ-साफ बोले विदेश मंत्री

# जब आतंकी नियम नहीं मानते तो हम क्यों मानें?

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ-साफ कहा कि आतंकवादी अगर कोई नियम नहीं मानते तो उन्हें खत्म करने के लिए हमें भी नियम नहीं मानना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा, आतंकवादी सोचते हैं कि वे सीमा पार हैं इसलिए वे किसी नियम को नहीं मानेंगे।

ऐसे आतंकवादियों का सफाया करने के लिए भारत भी किसी नियम को नहीं मानेगा। जयशंकर ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत का पड़ोसी देश है, इसलिए उसकी हरकतों पर अंकुश रखना केवल हमारी ही जिम्मेदारी है।

आतंकवाद से लेकर विदेश नीति में हुए बदलाव पर जयशंकर पुणे में युवाओं से बातचीत कर रहे थे।

अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि 1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर पर आक्रमण किया और भारतीय सेना ने उनका डटकर मुकाबला किया और राज्य का एकीकरण हुआ। उन्होंने कहा कि जब भारतीय सेना अपनी कार्रवाई कर रही थी, हम अचानक रुक गए और खुद ही संयुक्त राष्ट्र में चले गए। यह हमारी विदेश नीति की भीषण खामी थी। आतंकवाद को लेकर पहले नीतियां पूरी तरह से अलग थीं, अब पूरी तरह से अलग हैं।

**2014 से बदल गई है भारत की विदेश नीति**

**अब 'इस हाथ दे तो उस हाथ ले' की नीति है**

**पड़ोसी की हरकतों पर काबू रखना हमारा काम**



जयशंकर ने दो टूक कहा कि आतंकवाद किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। देश की विदेश नीति के बदलाव के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, मेरा जवाब है कि देश की विदेश नीति में 50 फीसदी बदलाव है।

उन्होंने कहा कि मुंबई हमले के बाद एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जिसने महसूस नहीं किया होगा कि हमें माकूल जवाब देना चाहिए। जयशंकर ने कहा, आतंकवादियों को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि वे सीमा पार हैं, इसलिए उन्हें कोई छू नहीं सकता। मैं आपको बता दूं, आतंकवादी किसी भी नियम से नहीं चलते, इसलिए हमारा मानना है कि आतंकवादियों को जवाब देने के लिए भी कोई नियम नहीं हो सकता। विदेश मंत्री ने कहा कि एक आदर्श राजनयिक पहले अपने स्वामी और देश का पक्ष प्रस्तुत करता है।

इस दौरान वातावरण कभी-कभी अनुकूल होता है तो कभी नकारात्मक भी हो जाता है। दबाव के दौरान दूसरे देशों में अपना पक्ष कैसे रखें, यही कूटनीति का सर्वोपरि बिंदु है। रामायण में भगवान बजरंगबली लंका गए थे, उन्होंने वहां चुनौती भरी परिस्थिति में भी भगवान राम का पक्ष मजबूती से रखा। इसलिए हनुमान आदर्श दूत हैं और इसीलिए आज भी प्रासंगिक हैं।

### भाजपा अध्यक्ष ने इंडी गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं की करतूतें गिनाईं

# आधे नेता जेल में आधे जमानत पर



**गोंदिया, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्षियों को भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा विपक्षी गठबंधन के आधे नेता जेल में और आधे जमानत पर बाहर हैं।महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए

**भ्रष्टाचारियों और परिवारवादियों का गठबंधन**

नड्डा ने कहा, एक तरफ पीएम मोदी भ्रष्टाचारियों को सजा देने की बात करते हैं। वहीं, इंडी गठबंधन का कहना है कि भ्रष्टाचारियों को बचाया जाना चाहिए। अब आपको चुनना है कि भ्रष्टाचारियों को बचाना है या उन्हें सजा मिलनी चाहिए। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पी चिदंबरम, लालू यादव और उनके दोनों बेटे क्या ये सब जमानत पर नहीं हैं? अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन क्या ये सब जेल में नहीं हैं? आधे जमानत पर हैं, आधे जेल में हैं। जेपी नड्डा ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को रेखांकित करते हुए कहा, कांग्रेस ने कोयला घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, चावल, चीनी, 2-जी/3-जी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला समेत घोटाला दर घोटाला किया। अखिलेश यादव ने लैपटॉप घोटाला और गोमती रिवर फ्रंट में भ्रष्टाचार किया। ▶9पर

### आपा भ्रष्टाचार के दलदल में धंस गई है



**नई दिल्ली, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था, लेकिन आज यह पार्टी खुद ही भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है। हमारे दो-दो मंत्री जेल में हैं। हमारे मुख्यमंत्री भी जेल में हैं। सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। मैं नहीं समझता हूं कि हमारे पास अब सरकार में रहने का कोई नैतिक बल रह गया है। आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने वाले पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद ने यह बात कही।

राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है। इसमें आनंद ने केजरीवाल को अपने इस्तीफे के बारे में बताया। ▶9पर

### ब्रिटेन ने पाकिस्तान समेत 24 देशों की यात्रा से मना किया

# बेहद खतरनाक देशों में पाकिस्तान शुमार



**लंदन, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** ब्रिटेन ने पाकिस्तान को अत्यंत खतरनाक देशों की लिस्ट में शामिल किया है। यह एक्शन ब्रिटेन के राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस एफसीडीओ) ने लिया है। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने भी एक रेड लिस्ट जारी की है,

**आंतरिक विध्वंस की हालत में पाकिस्तान**

जिसमें शामिल देशों में जब तक बिल्कुल आवश्यक न हो यात्रा से बचना चाहिए। इस सूची में पाकिस्तान शामिल है।

पाकिस्तान को लेकर खुद पाकिस्तान के ही मीडिया संस्थान दि डॉन ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों में हिंसा से संबंधित 1,524 मौतें हुईं और 1,463 लोग घायल हुए। ये वहां 6 साल में 2018 के बाद सबसे अधिक हिंसा है। खास बात यह है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत हिंसा के मुख्य केंद्र बिंदु के रूप में उभरे, जिनमें कुल मौतों में से 90 प्रतिशत से अधिक और 84 प्रतिशत हमलों में आतंकवाद से लेकर सुरक्षा बल के संचालन तक की घटनाएं शामिल थीं। इसके अलावा, सांप्रदायिक हिंसा में चिंताजनक वृद्धि हुई। 2023 के दौरान, धार्मिक समुदायों और उनके ▶9पर

### खालिस्तानी आतंकी प्रभप्रीत गिरफ्तार



**नई दिल्ली, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने दुर्दांत खालिस्तानी आतंकी प्रभप्रीत सिंह सिद्धू को दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। प्रभप्रीत के जर्मनी से भारत आने का सुराग मिलने पर उसकी गिरफ्तारी का जाल बिछाया गया था। प्रभप्रीत के पकड़े जाने से आतंकवादियों की भर्ती, उनकी फंडिंग, हथियारों की सप्लाई और सहायता करने वाले मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की।

एसएसओसी अमृतसर को गुप्त सूचना मिली थी कि खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा पंजाब में कुछ शख्सियतों को निशाना ▶9पर

TIBCON CAPACITORS
It's all about SAVING ENERGY AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

### असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की घोषणा

# चुनाव बाद असम में बहु-विवाह पर लगेगा प्रतिबंध

**गुवाहाटी, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि चुनाव के बाद असम में न सिर्फ बहुविवाह प्रथा पर प्रतिबंध लगेगा बल्कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भी लागू होगा। सरमा ने साफ कहा कि मदरसा शिक्षा से मुसलमानों का भला नहीं होगा। मुस्लिम बेटे-बेटियों को डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वैज्ञानिक बनाने की राह दिखानी होगी। उनकी तरक्की के सारे रास्ते बंद हो जाएं, ऐसी शिक्षा नहीं चाहिए।

हिमंत बिस्व सरमा ने ध्रुवीकरण पर कहा, सामने वाला ऐसा करता है, तो हमें भी करना पड़ता है। उन्होंने मुस्लिमों से वोट नहीं मांगने के सवाल पर कहा, किससे वोट मांगना है, किससे नहीं, यह मेरा लोकतांत्रिक अधिकार है। मैं जब जानता हूं कि एक विशेष वर्ग वोट नहीं देगा, तो वहां जाकर वक्त बर्बाद क्यों करना।

पीएम मोदी के 400 पार में



**असम में भी जल्दी ही लागू होगा यूसीसी**

**जो वोट नहीं देंगे उनसे वोट मांगूं ही क्यों**

पूर्वोत्तर राज्य के योगदान पर सीएम सरमा ने कहा, पूर्वोत्तर में 25 सीटे हैं। मेरा मानना है कि 22 सीटें एनडीए के पास आएंगी। इसमें से 15-16 भाजपा को मिलेंगी, बाकी गठबंधन को मिलेंगी। सरमा ने कहा, जिसमें निर्णय लेने की क्षमता हो, जिस व्यक्ति के पास नई दिशा हो, उसके साथ मिलकर काम करना होगा। पूर्वोत्तर भारत पर पीएम मोदी ध्यान दे रहे हैं। इसीलिए हम भाजपा में आए और यहां सरकार बनाई। राज्य में दो-दो बार सरकार बनाई, लोकसभा के दो चुनावों में हमारा अच्छा परिणाम रहा। अगर असम को देखें तो राज्य तरक्की के रास्ते पर निकल पड़ा है। 2014 के बाद यात्रा बहुत ही सफल रही है। तमाम अलगाववादी संगठनों ने हथियार डाले, चारों ओर विकास की गंगा बहने लगी। इससे हम बहुत ही संतुष्ट हैं। असम में हम वह करने में कामयाब रहे, जो जीवन में कभी सोचा भी नहीं था। ▶9पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $33^0$
न्यूनतम : $25^0$




# भद्रेश पटेल को पकड़ने के लिए एफबीआई ने की इनाम की घोषणा, 2015 में पत्नी हत्या के बाद से है फरार

**वॉशिंगटन, 13 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

अहमदाबाद के वीरमगाम के रहने वाले भारतीय नागरिक भद्रेश कुमार पटेल की अमेरिका जांच एजेंसी एफबीआई पिछले आठ वर्षों से तलाश कर रही है। एफबीआई ने दस सबसे ज्यादा वांछित भगोड़े भद्रेश कुमार की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को दो लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। गौरतलब है कि गुजरात का रहने वाला भद्रेशकुमार 2017 से एफबीआई की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल है। गुजरात के अहमदाबाद का रहने वाला भद्रेशकुमार ने अमेरिकी की जांच एजेंसी एफबीआई के नाक में दम कर रखा है। 2017 से मोस्ट वांटेड की सूची में आने के बाद से ही उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार एफबीआई जांच कर रही है। भद्रेश कुमार पर 2015 में मैरीलैंड राज्य के हनोवर में डंकिन डोनट्स कॉफी शॉप के अंदर अपनी पत्नी की चाकू से हत्या करने का आरोप है। वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है। जिसकी धरपकड़ के लिए एफबीआई ने उस पर इनाम की घोषणा की है। 20 अप्रैल, 2015 को यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, डिस्ट्रिक्ट ऑफ मैरीलैंड, बाल्टीमोर, मैरीलैंड में एक संघीय गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

**क्या है मामला** – मामले से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक, वारदात के दौरान आरोपी की उम्र महज 24 साल थी, जिसने अपनी 21 वर्षीय पत्नी की रसोई के चाकू से हत्या कर दी। इस दौरान उसने दुकान के पीछे मौजूद कमरे में कई बार चाकू से बार किया, जहां वे दोनों काम करते थे। हैरत की बात है कि घटना के दौरान दुकान में ग्राहक मौजूद थे। हत्या से लगभग एक महीने पहले दंपति का वीजा समाप्त हो गया था और जांचकर्ताओं का मानना है कि पलक पटेल भारत लौटना चाहती थीं, लेकिन उनके पति ने इसका विरोध किया। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में आरोपी भद्रेश और उसकी पत्नी पलक को रैक के पीछे गायब होने से पहले स्टोर की रसोई की ओर एक साथ चलते हुए देखा गया था। हत्या का खुलासा तब हुआ जब एक ग्राहक ने स्टोर पर किसी कर्मचारी को नहीं देखा और पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस को पलक का शव मिला जिस पर चाकू से कई वार के निशान थे, लेकिन इस समय तक पटेल पहले ही अपराध स्थल से जा चुका था। हत्या के बाद, भद्रेश पटेल अपने अपार्टमेंट में लौट आया और कुछ दस्तावेजों के साथ एक कैब में निकल गया। अनुमान लगाया गया कि आरोपी अमेरिका से भाग गए और कनाडा या इक्वाडोर में जा छिपा है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल पर दर्जनों मिसाइलें दागीं, आयरन डोम एंटी-मिसाइल से हमला रुका



**तेल अवीव ।** पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के हिंसक संघर्ष के छह महीने से अधिक बीत चुके हैं। अब तक 33 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। ताजा घटनाक्रम में लेबनान की तरफ से हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल पर दर्जनों मिसाइलें दागीं हैं। लेबनान को कथित तौर पर ईरान का समर्थन हासिल है। ताजा घटनाक्रम में इजराइली सेना (आईडीएफ) ने कहा बाद लेबनान से उत्तरी इजराइल की तरफ लगभग 40 रॉकेट दागे गए। रिपोर्ट के मुताबिक हमलों को आयरन डोम एंटी-मिसाइल सिस्टम की मदद से नाकाम कर दिया गया। कुछ मिसाइलें खुले इलाकों में गिरीं, जबकि कुछ मिसाइल लेबनान की सीमा में ही रह गए। सीरिया में ईरानी दूतावास पर इजराइल ने हवाई हमला किया था। इस कार्रवाई में ईरान के दो शीर्ष जनरलों की मौत हो गई थी। इस हमले से बौखलाए तेहरान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से आई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ईरान शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात इजराइल पर हमला कर सकता है। ईरान की ओर से हमले की आशंका के बीच चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला ने इजराइल के ऊपर 40 से अधिक रॉकेट दाग दिए हैं। इजराइली रक्षा बलों ने बताया कि इस हमले में कोई मारा नहीं गया है। रक्षा बलों ने इस हमले का वीडियो जारी किया है। उत्तरी इजराइल के गैलिली में हुए हमले के दौरान हिजबुल्ला के दो ड्रोन को इजराइली सेना ने मार भी गिराया। भारत ने जारी की एडवाइजरी, कहा-सतर्क रहें ईरान सीरिया में अपने वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले का बदला लेने के लिए जल्द ही इजराइल पर हमला कर सकता है। अमेरिकी मीडिया ने यह आशंका जताई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने तनाव को देखते हुए शुक्रवार को अपने नागरिकों को ईरान व इजराइल की यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी की है। साथ ही, इजराइल में अप्रैल-मई में 6,000 मजदूर भेजने के फैसले को भी अगले आदेश तक के लिए टाल दिया गया। विदेश मंत्रालय ने ईरान व इजराइल में रह रहे भारतीयों से भी अत्यंत सतर्कता बरतने और भारतीय दूतावास से संपर्क कर पंजीकरण कराने को कहा है। उधर, विदेश मंत्रालय से एडवाइजरी जारी होने के तुरंत बाद इजराइल में भारतीय दूतावास ने वहां बसे भारतीयों के लिए परामर्श जारी किया है। इसमें मौजूदा हालात में अनावश्यक यात्रा टालने व सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। दूतावास ने नागरिकों के पंजीकरण के लिए लिंक जारी किया है। दरअसल, सीरिया के दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इस महीने के शुरू में इजराइली हमले में ईरानी कुद्स फोर्स के दो जनरल व पांच अन्य अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इसे अपनी जमीन पर हमला करार देते हुए जवाबी कार्रवाई करने और इजराइल ने हमला होने पर सीधे ईरान से युद्ध की धमकी दी है। अमेरिका ने भी जारी किए दिशा-निर्देश अमेरिका ने भी खतरे को देखते हुए अपने नागरिकों को ऐसी ही एडवाइजरी जारी की है। अमेरिका ने अपने लोगों से यात्रा से बचने, दिशा-निर्देशों का पालन करने और जरूरत पड़ने पर दूतावास में संपर्क करने को कहा है। मिसाइल या ड्रोन से हमला कर सकता है ईरान : अमेरिका और पश्चिम एशिया के कई मीडिया समूहों ने अनुमान जताया है, ईरान इजराइल पर मिसाइल अथवा ड्रोन से हमले कर सकता है।

### पाकिस्तान में फिर सेना और पुलिसः सैन्यकर्मी पर छापेमारी से नाराज जवानों ने थाना घेरा, पुलिसवालों को बंधक बनाया



**बहावलनगर/लाहौर ।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार और पाकिस्तान सेना ने एक सेवारत अधिकारी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस और सेना के जवानों के बीच चल रही जंग की जांच कराने का फैसला किया, ईद के दिन यह मुद्दा सोशल मीडिया का चर्चा का विषय बना रहा। गौरतलब है कि मदरसा पुलिस के स्टेशन हाउस अधिकारी समेत चार कर्मियों पर एक व्यक्ति और उसके दो बेटों को अधिकार के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक पुलिस एसएचओ निलंबित इस मामले ने तूल पकड़ा और एक अन्य पुलिसकर्मी मारूट पुलिस एसएचओ को निलंबित कर दिया गया और सोशल मीडिया पर गलत सूचना प्रसारित करने के लिए उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। गौरतलब है कि 10 अप्रैल को मदरसा पुलिस में इंस्पेक्टर सैफुल्लाह हनीफ की शिकायत पर दर्ज की गई एफआईआर में कहा गया है कि पूर्व एसआई/एसएचओ रिजवान अब्बास, एएसआई मोहम्मद नईम, कांस्टेबल मोहम्मद अब्बास और अली रजा ने मोहम्मद खलील और मोहम्मद इदरीस और उनके पिता मोहम्मद अनवर को गिरफ्तार किया, जिन्हें 8 अप्रैल को दर्ज हुई एफआईआर में नामित किया गया था।


# राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर की बढ़ी मुश्किलें, अदालत ने नशीली दवाओं और बंदूक मामले में ठुकराई अपील

**वॉशिंगटन, 13 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाइडन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। डेलावेयर में एक संघीय न्यायाधीश ने उनके खिलाफ अवैध रूप से बंदूक रखने के मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया है।

बता दें, हंटर बाइडन ने हथियार खरीदने के लिए झूठ बोलने और बंदूक खरीदने के दौरान ड्रग्स का इस्तेमाल करने के आरोपों के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया था। हालांकि, संघीय न्यायाधीश मैरीलेन नोरिका ने शुक्रवार को उनकी याचिका खारिज कर दी।

यह पहला मौका है, जब अमेरिका में किसी मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे के खिलाफ आपराधिक आरोप तय हुए हैं। जून के पहले सप्ताह के दौरान सुनवाई होगी।



### यह है मामला

इससे पहले पिछले साल अदालत ने माना था कि हंटर ने हथियार खरीदने के लिए कई बार झूठ बोला है। उन पर अक्तूबर 2018 में बंदूक खरीदने के दौरान अपनी नशे की लत को लेकर झूठ बोलने का भी आरोप है। कहा गया था कि हंटर ने जब अक्तूबर 2018 में डेलावेयर के कॉल्ट कोबरा स्पेशल स्टोर से बंदूक खरीदी थी। तो उस समय बंदूक खरीदने के लिए उन्होंने जो फॉर्म भरे थे, उसमें उन्होंने झूठी जानकारी दी थी। उन्होंने उस समय कहा था कि वह ड्रग्स का आदी नहीं है जबकि ऐसा नहीं था। एक रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने हंटर को इस मामले में दोषी माना है।

### हंटर ने दोषी नहीं होने का अनुरोध किया

हंटर बाइडन लगातार इन आरोपों से इनकार कर रहे हैं। वहीं, उनकी कानूनी टीम ने तर्क दिया था कि उनके मुवक्किल को वर्तमान राष्ट्रपति के साथ उनके पारिवारिक संबंध के कारण गलत तरीके से फंसाया जा रहा था। हंटर बाइडन के वकीलों ने तर्क दिया था कि मामला राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने दावा किया था कि मूल याचिका सौदे से छूट का प्रावधान जो टूट गया था वह अभी भी कायम है। उन्होंने अभियोजन का नेतृत्व करने के लिए डेलावेयर में अविशेष वकील डेविड वीस की नियुक्ति को भी चुनौती दी थी।

हालांकि, संघीय न्यायाधीश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि विशेष वकील डेविड वीस की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार अटॉर्नी जनरल को स्वयं राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया गया था। जो हंटर के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। न्यायाधीश नोरिका ने अपने फैसले में कहा कि हंटर पर आरोप लगाने वाली कार्यकारी शाखा का नेतृत्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा किया जा रहा है, जो फिलहाल उनके पिता है। डीओजे का नेतृत्व करने वाले अटॉर्नी जनरल को प्रतिवादी के पिता द्वारा नियुक्त किया गया था और रिपोर्ट किया गया था। उसी अटॉर्नी जनरल ने विशेष वकील नियुक्त किया, जिसने इस मामले को उठाया।

न्यायाधीश ने इस बात को भी सिरे से खारिज कर दिया कि हंटर के खिलाफ सिर्फ इसलिए यह आरोप लगाए गए थे क्योंकि उनके पिता राष्ट्रपति हैं। साथ ही इस तरह के दावे को बकवास बताया।

### हंटर नहीं दे सकें अपने बेगुनाही के सबूतः न्यायाधीश

न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि हंटर और वीस के बीच 2023 के पिछले समझौते ने उन्हें चल रहे अभियोजन से प्रतिरक्षा प्रदान नहीं की। उन्होंने इस दावे को भी खारिज कर दिया कि आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने फैसला सुनाया कि हंटर और वीस के बीच 2023 के पिछले समझौते ने उन्हें चल रहे अभियोजन से छूट नहीं दी थी। उन्होंने इस दावे को भी खारिज कर दिया कि आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

### यह भी आरोप

बता दें कि हंटर अपनी बिजनेस डीलिंग्स को लेकर भी जांच के दायरे में रहे हैं। इस मामले को देख रहे एक विशेष काउंसिल ने कहा कि समय पर टैक्स का भुगतान नहीं करने की वजह से हंटर पर वॉशिंगटन या फिर कैलिफोर्निया में मामला चलाया जा सकता है।आरोप हैं कि हंटर बाइडन ने जानबूझकर आयकर का भुगतान नहीं किया। वह 2017 और 2018 में 15 लाख डॉलर से अधिक का टैक्स रिटर्न समय पर दाखिल नहीं कर पाए। इन दो सालों में उनकी कमाई पर लगभग एक लाख डॉलर से अधिक का बकाया है। अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि हंटर सबूत पेश करने में असफल रहे, इसलिए मुकदमा चलाया जाएगा। बंदूक मामले में फैसला सुनाए जाने के बाद टैक्स आरोपों से जुड़े मामले की जांच जून के अंत में शुरू होगी।

# इजराइल-ईरान में जंग के खतरे के बीच अमेरिका ने भूमध्य सागर में तैनात किया युद्धपोत



**वॉशिंगटन, 13 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

इजराइल-हमास युद्ध के साथ अब इजराइल-ईरान के बीच युद्ध का खतरा भी मंडरा रहा है। इस हमले से निपटने के लिए इजराइल ने अपनी कमर कस ली है। दरअसल, हाल ही में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इसमें दो ईरानी जनरलों की मौत हो गई थी। इससे ही ईरान बौखलाया हुआ है और उसने हमले का आरोप इजराइल पर लगाया है। साथ ही उसने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल को अलर्ट करते हुए कहा कि वह जल्द ही ईरान की तरफ से हमले की उम्मीद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के भीतर ईरान की तरफ से यहूदी धरती पर ड्रोन और मिसाइल से हमले होने की संभावना है। ईरान के पास अपनी सीमाओं से 2000 किमी दूर तक अपने लक्ष्य पर हमला करने वाले बैलेस्टिक और क्रूज मिसाइलें हैं।

### भूमध्य सागर में अमेरिका ने तैनात किया नौसेना विध्वंसक पोत

इजराइल को बचाने के लिए अमेरिका ने मदद भेज दी है। भूमध्य सागर में अमेरिका ने अपनी नौसैनिक विध्वंसक पोत को तैनात किया है। एक यूएसएस कार्ने भी है, जिसे लाल सागर में हूती ड्रोन और जहाज रोधी मिसाइलों को रोकने के लिए तैनात किया गया था। अमेरिका ने क्षेत्र में युद्ध को रोकने के लिए अपने राजनायिक प्रयासों को भी दोगुना कर दिया है। अमेरिका स्विस चैनलों के माध्यम से लगातार ईरान को संदेश भेज रहा है। बाइडन ने अमेरिका सेंट्रल कमांड के अधिकारी जनरल माइकल कुरिला को वार्ता के लिए इजराइल भेजा है।

### क्या है मामला

एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इससे दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। वहीं, ईरान के दो शीर्ष सैन्य जनरल और पांच अन्य अधिकारी भी मारे गए थे। इस हमले का ईरान इजराइल पर आरोप लगा रहा है। साथ ही उसने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने बुधवार को चेतावनी दी थी कि इजराइल को सजा दी जानी चाहिए। उस पर इजराइली विदेश मंत्री ने कहा था कि अगर ईरान हमला करता है तो हम कड़ा जवाब देंगे।

# यूक्रेन पर हमले में चीन कर रहा रूस की सहायता अमेरिका ने दी परिणाम भुगतने की चेतावनी

**वॉशिंगटन, 13 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच रूस के सबसे बड़े सैन्य विस्तार में चीन उसकी मदद कर रहा है। इससे यूक्रेन में चिंताएं बढ़ने लगी है। एक अधिकारी ने दावा किया कि चीन और रूस मिलकर रूस के भीतर ड्रोन के उत्पादन में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं। चीन का समर्थन रूस की तरफ से यूक्रेन पर हमला जारी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मौजूदा स्थिति में यूक्रेन की सेना हथियारों की कमी से जूझ रही है। इसी बीच अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से कीव को नए अमेरिकी सैन्य सहायता पैकेज पर वोटिंग को रोकने के बाद यूक्रेन की चिंता और भी बढ़ गई थी।



### चीन को रूस की सहायता करने से रोकना होगाः अमेरिकी अधिकारी

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमेरिका को यूक्रेन का समर्थन करने के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) को रूस को अपने सैन्य औद्योगिक के पुनर्गठन में मदद करने से रोकना होगा। उन्होंने आगे कहा कि रूस पीआरसी के मदद के बिना अपने युद्ध प्रयासों को जारी रखने में संघर्ष करेगा। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि चीन ने रूस को मशीन टूल्स में 900 मिलियन डॉलर का 70 फीसदी से अधिक प्रदान किया। उन्होंने आगे बताया कि रूस के 90 फीसदी माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स आयात का इस्तेमाल मिसाइल, टैंक और एयरक्राफ्ट बनाने में किया जाता है। अमेरिका इसे लेकर चीन को परिणाम भुगतने की चेतावनी दे चुका है।रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका और यूरोप की तुलना में रूस तोप के लिए तीन गुना से अधिक गोला-बारूद तैयार कर रहा है। रूस में इतने बड़े पैमाने में तोप के लिए गोला-बारूद बनाने में चीन की प्रमुख भूमिका है। इसके अलावा रूस को यूक्रेन पर इस्तेमाल करने के लिए सैटेलाइट और अन्य आंतरिक्ष उपकरणों के उपयोग की क्षमता को बढ़ाने में भी चीन मदद कर रहा है। इसकी सूचना अमेरिका के खुफिया जानकारों ने दी है। अमेरिका की चीन को चेतावनी इस महीने की शुरुआत में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से फोन पर संपर्क किया।

# राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में बाइडन-ट्रंप को टक्कर देगा शिक्षक, बदला नाम, कहा-राजनीति को रीसेट करना जरूरी

**वॉशिंगटन, 13 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के अलावा एक नए व्यक्ति का नाम सामने आया है। इसके लिए एक 35 वर्षीय शिक्षक डस्टिन इबे ने आधिकारिक तौर पर अपना नाम भी बदला है। उन्होंने राष्ट्रपति की दौड़ में बाइडन और ट्रंप के बीच दोबारा मुकाबले को देखते हुए निराशा व्यक्त की है। हालांकि, यह एक ध्यान आकर्षित करने वाला निर्णय है, लेकिन इबे के पास उठाने के लिए कई गंभीर मुद्दे हैं।

मीडिया से बात करते हुए डस्टिन इबे ने कहा, मेरा नाम कोई भी अन्य (लिटरली एनीबडी एल्स) है और मैं राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल हुआ हूं। उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी अपने वेतन पर घर खरीदने में असमर्थ हैं। डस्टिन इबे ने कहा, मौजूदा स्थिति में हम और कई युवा घर ढूंढने में संघर्ष कर रहे हैं। हम अब उन चीजों के लिए संघर्ष कर रहे हैं जो 20 से 30 साल पहले चिंता का विषय नहीं था।



### अमेरिकी राजनीति को रीसेट करने की आवश्यकता

गणित के शिक्षक इबे ने कहा कि अब अमेरिकी राजनीति को रीसेट करने की आवश्यकता है और वह इसका तरीका ढूंढ रहे हैं। इबे ने बताया कि उन्होंने ऐसा करने लिए कानूनी तौर पर अपना नाम बदल लिया और खुद को मतपत्र में लाने के लिए लंबे समय से लोगों के हस्ताक्षर एकत्र कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि पिछले हफ्ते वह डलास के एक पार्क में अपनी टेबल लगाई और लोगों के हस्ताक्षर जुटाने में लग गए। इस दौरान कई लोग उन्हें उत्सुकता से देख रहे थे और कई उनपर हंस रहे थे।

### इबे के समर्थन में आए लोग

इस दौरान वित्तीय क्षेत्र में काम करने वाले 28 वर्षीय ब्रैंडन रियोस डस्टिन इबे के समर्थन में आगे आए। उन्होंने कहा, बाइडन और ट्रंप के अलावा भी कोई है जिसे हम चाहते हैं। इसलिए मैं इस व्यक्ति को अपना वोट दे रहा हूं। कोई भी वहां पहुंच सकता है और बाइडन एवं ट्रंप से बेहतर काम कर सकता है। 68 वर्षीय सेवानिवृत्त विंसेंट जेम्स ने कहा, वह जो भी कर रहा है, मैं उसकी सराहना करता हूं।

बता दें कि टेक्सास में राष्ट्रपति पद के लिए किसी उम्मीदवार को शामिल करने के लिए 113,000 ऐसे मतदाताओं के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है जिन्होंने पार्टियों के प्राथमिक चुनावों में हिस्सा नहीं लिया है।

# चुनाव में धांधली को लेकर विपक्षी महागठबंधन का एलान, सरकार के खिलाफ देशभर में आंदोलन

**इस्लामाबाद, 13 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

सरकार के विरोध में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) एक बड़ा अभियान छेड़ने वाली है। आठ फरवरी के चुनाव में कथित धांधली और जनादेश से छेड़छाड़ कर सरकार बनाने के खिलाफ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने विपक्षी दलों के महागठबंधन के साथ मिलकर आज देशव्यापी आंदोलन का एलान किया। महागठबंधन, जिसमें छह राजनीतिक दल शामिल हैं, की बैठक शुरू हुई, जो शनिवार तक चली। इस दौरान तहरीक तहफुल्ला अईन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) ने पाकिस्तान के संविधान की रक्षा के लिए एक आंदोलन में साथ देने का फैसला किया। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि विपक्षी गठबंधन के आंदोलन शुरू करने से संकेत मिलता है कि चुनाव के बाद शांति और राजनीतिक स्थिरता का सपना अधूरा ही रह जाएगा। गठबंधन में यह पार्टियां बता दें, पीटीआई ने उन पार्टियों के साथ गठबंधन किया है, जिन्होंने आठ फरवरी के चुनाव के नतीजों पर आपत्ति जताई थी। विरोध करने वाली पार्टियां बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएएनपी), पश्तूनख्वा मिल्ली आवामी पार्टी (पीएकेएमपी), जमात-ए-इस्लामी (जी), मुत्ताहिदा वहदत-उल-मुस्लिमीन (एमओएम) आदि हैं।





### कई घंटों तक बैठक चली

बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) के प्रमुख सरदार अख्तर मेंगल की अध्यक्षता में कई घंटों तक बैठक चली। इस दौरान फैसला लिया गया कि पश्तूनख्वा मिल्ली आवामी पार्टी (पीएकेएमपी) के प्रमुख महमूद खान अचकजई गठबंधन का नेतृत्व करेंगे। इसके अलावा, बैठक में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के अध्यक्ष साहिबजादा हामीद रजा खान, मजलिस वहादत मुस्लिमीन के प्रमुख राजा नसीर अब्बास और जमात ए इस्लामी के नेता लिकायत बलूच भी शामिल हुए।

### यह आंदोलन करने का उद्देश्य

पीटीआई महासचिव उमर अयूब खान ने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि आंदोलन करने का उद्देश्य देश में कानून का शासन बहाल करना है और इसे शनिवार से बलूचिस्तान के पिशिन इलाके से एक सार्वजनिक रैली के साथ शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा, सभी क्षेत्रों में बिगड़ते हालात के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी इच्छा से विपक्षी गठबंधन में शामिल हुए हैं।

उमर ने कहा कि आंदोलन आठ फरवरी के चुनाव में कथित धांधली और जनादेश से छेड़छाड़ कर सरकार बनाने के खिलाफ शुरू किया जा रहा है। बता दें, महागठबंधन चुनावी नतीजों को मानने से इनकार कर चुके हैं। अचकजई ने कहा कि गठबंधन सेना के खिलाफ नहीं है, लेकिन वे संविधान में दी गई उसकी राजनीतिक भूमिका के खिलाफ हैं।

### शनिवार से जनसभाएं शुरू

अचकजई ने कहा, संविधान एक सामाजिक अनुबंध है और हम इसके बचाव के लिए शनिवार से जनसभाएं शुरू करेंगे। उन्होंने किसी भी नागरिक और सैन्य अधिकारियों की सेवा में विस्तार करने का भी विरोध किया है।

नए विपक्षी गठबंधन से पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार को तुरंत कोई खतरा नहीं हो सकता है। हालांकि, जब देश को कई आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए शांति की जरूरत है, उस समय इस गठबंधन का सड़कों पर उतरना सरकार को अस्थिर कर सकता है।

# भारत का कुल टोल संग्रह पहुंचा 64,810 करोड़

## टोल वसूली में 35 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारत में कुल टोल संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 में 64,809.86 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। और सरकारी और उद्योग के अनुमानों को पार कर गया, क्योंकि व्यावसायिक गतिविधि में बढ़ोतरी हुई है।

टोल वाले सड़कों में तेज बढ़ोतरी और नए फास्टैग यूजर्स को जोड़ने के कारण कुल टोल संग्रह वर्ष की शुरुआत में सरकार द्वारा निर्धारित 55,000 करोड़ रुपए के अनुमान को पार कर गया। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टैग हैं जो वाहनों को जारी किए जाते हैं, जिससे टोल प्लाजा पर लेनदेन कैशलेस हो जाता है।

पिछले पांच वर्षों में भारत का कुल टोल संग्रह लगभग 2.6 गुना बढ़ गया है, जो 2018-19 में 25,154.76 करोड़ रुपए से बढ़कर हुआ है। 2019-20 में कुल टोल राजस्व 27,637.64 करोड़ रुपए, 2020-21 में 27,923.80 करोड़ रुपए, 2021-22 में 33,907.72 करोड़ रुपए और 2022-




23 में 48,028.22 करोड़ रुपए रहा।

सरकार का अनुमान है कि भारत में कुल टोल संग्रह 2024-25 में 70,000 करोड़ रुपए को पार करने और 2029-30 तक 1,30,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। आगामी लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) 2024-25 के लिए नए टोल दरों का ऐलान करेगा।

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने पिछले हफ्ते राज्य के स्वामित्व वाले राजमार्ग प्राधिकरण को राजमार्गों पर नए टोल दरों की गणना के लिए आगे बढ़ने के लिए कहा था, जो आम तौर पर देश के ज्यादातर टोल वाले हाईवे पर 1 अप्रैल से सालाना लागू होते हैं। लेकिन आयोग ने कहा कि नए उपयोगकर्ता शुल्क चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद ही लागू होने चाहिए। लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होने वाले चरणों में होगा, इसके बाद 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को मतदान होगा। मतों की गिनती 4 जून को है।

नेशनल हाईवे फीस (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008 के अनुसार नेशनल हाईवे पर 855 टोल प्लाजा हैं जो यूजर फीस लेते हैं। इनमें से लगभग 675 सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित प्लाजा हैं और 180 रियायतकर्ता संचालित हैं।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने 2023-24 में 12,349 किमी नेशनल हाईवे का निर्माण किया, जो 2022-23 में दर्ज किए गए 10,993 किमी की तुलना में 12.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। लेकिन वित्त वर्ष 24 के लिए निर्धारित 13,800 किमी के लक्ष्य से अभी भी काफी दूर है। 2022-23 और 2023-24 में हाईवे निर्माण की दूसरी और तीसरी सबसे ज्यादा दर दर्ज करने के बावजूद, एमओरआरटीएच ने अभी तक 2022-23 के बजट के हिस्से के रूप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित 25,000 किमी सड़क का निर्माण अभी तक पूरा नहीं किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 30 नवंबर, 2023 तक 7.98 करोड़ से ज्यादा फास्टैग जारी किए जा चुके हैं। नेशनल हाईवे फीस प्लाजा पर फास्टैग के जरिए रोजाना औसत संग्रह 2023-24 में 147.31 करोड़ रुपए रहा।

### गेमर्स से मुलाकात में पीएम मोदी ने बेसाख्ता कहा

# गुजरात कैसे पहुंची ये बीमारी भगवान इसकी लत से बचाए

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** हाल में देश के पहले डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स अवार्ड में कई सारे क्रिएटर्स से मिलने और उन्हें सम्मानित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात ऑनलाइन गेमर्स से मुलाकात की है जो कि नमन माथुर, अनिमेश अग्रवाल, मिथिलेश पाटणकर, पायल धारे, अंशु बिष्ट, तीर्थ मेहता और गणेश गंगाधर हैं। यूट्यूब और सोशल मीडिया पर इन गेमर्स के फॉलोअर्स लाखों में हैं। इनमें से कुछ ई-स्पोर्ट्स गेमर्स हैं और कुछ गेमिंग के वीडियोज को मजाकिया अंदाज में री-क्रिएट करते हैं।



राउंड टेबल के दौरान अपने परिचय में तीर्थ मेहता ने जब कहा कि वे गुजरात से हैं और मोबाइल गेमिंग के साथ उन्होंने अपने ऑनलाइन गेमिंग करियर की शुरुआत की थी तब पीएम मोदी ने कहा कि यह बीमारी गुजरात भी पहुंच गई? पीएम मोदी के इतना कहते ही सारे गेमर्स हंसने लगे, हालांकि पीएम ने गेमिंग को नकारात्मक लहजे में नहीं, बल्कि मजाकिया लहजे में बीमारी कहा है।

मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने गेमिंग पर हाथ आजमाया और अंत में कहा कि भगवान ना करें मुझे इसकी आदत लगे, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें गेमिंग के प्रैक्टिस करनी होगी। पीएम ने कहा कि भारत में ऑनलाइन गेमिंग को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

जिन सात गेमर्स से पीएम मोदी ने राउंड टेबल मीटिंग की है उनमें महिला के तौर पर केवल पायर धारे थीं। पायर धारे से पीएम ने पूछा कि क्या इस फील्ड में लड़कियों को पर्याप्त मौके मिलते हैं? इसके जवाब में पायल ने कहा कि फिलहाल तो बहुत ही कम मौके मिलते हैं, लेकिन इस वीडियो के पब्लिश होने के बाद लोगों का नजरिया निश्चित तौर पर बदलेगा। पायल के बताया कि जब उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग में करियर शुरू किया था तो उनके पास हर रोज करीब 100-200 लड़कियों के मैसेज आते थे कि कि मैंने आपको देखकर गेमिंग शुरू किया।

# गढ़चिरौली में 130 ड्रोन, 17 हेलिकॉप्टर रखेंगे मतदान पर नजर

**गढ़चिरौली, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** विदर्भ के गढ़चिरौली-चिमूर लोकसभा क्षेत्र में बुलेट और बैलेट के बीच संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी यही स्थिति बनती दिखाई दे रही है। नक्सलियों ने मतदान करने पर नतीजे भुगतने की चेतावनी दी है। वहीं, लाल आतंक से निपटने के लिए प्रशासन भी मुस्तैद हो गया है। गढ़चिरौली पुलिस छावनी में तब्दील हो गई है।



मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए गढ़चिरौली में 130 ड्रोन और 6 एमआई 17 हेलिकॉप्टर, 180 सोर्टीज तैनात किए जाएंगे। इसकी निगहबानी में 19 अप्रैल को यहां चुनाव सम्पन्न कराए जाएंगे। नक्सल विरोधी ऑपरेशन के पुलिस महानिदेशक (डीजी) संदीप पाटिल और डीआईजी गढ़चिरौली रेंज अंकित गोयल जिला मुख्यालय में कैंप कर रहे हैं।

गढ़चिरौली के हर इलाके में हेलीकॉप्टर से निगरानी की जा रही है। जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीलोत्पल ने बताया कि 19 अप्रैल को सेंट्रल आर्म्स पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) के 15000 हजार जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल, सीएपीएफ की 47 कंपनियां नक्सल ग्रस्त इलाके में हैं जबकि 40 कंपनियां बाहरी इलाके में तैनात की गई है। वहीं, मतदान के दिन 6 एमआई-17 हेलिकॉप्टर, 180 सोर्टीज से पूरे इलाके की निगहबानी की जाएगी जबकि किसी भी स्थिति में मेडिकल सुविधा के लिए एक एयर एंबुलेंस भी तैनात रखा जाएगा।

गढ़चिरोली-चिमूर लोकसभा क्षेत्र की चार विधानसभाओं में माओवादी आतंक का साया मंडरा रहा है। खासतौर से गढ़चिरौली, आरमोरी, सिरोंचा और गोंदिया जिले की आमगांव विधानसभा नक्सल प्रभावित है। इसके चलते इन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भामरागढ़, पेरीमिली, धनोरा, पेंड्री, कासनसुर, गट्टा, लाहिड़ी, बिनागुंडा सहित उत्तर और दक्षिण गढ़चिरौली के अन्य दूरदराज के इलाकों में कोई चुनावी हलचल नहीं है। इससे इस क्षेत्र के आदिवासी खौफ में हैं।

# जम्मू संसदीय क्षेत्र में 8वीं पास से लेकर डॉक्टर तक मैदान में

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 13 अप्रैल।** जम्मू संसदीय सीट में विभिन्न शैक्षिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों का एक अनूठा मिश्रण देखा जा रहा है, जिसमें डॉक्टरों और वकीलों से लेकर मामूली शैक्षणिक योग्यता वाले व्यक्ति तक शामिल हैं। मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार जुगल किशोर (61) सहित छह उम्मीदवार 10वीं कक्षा की शिक्षा के बराबर शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। इसके विपरीत, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने वाले रमन भल्ला (61) के पास विज्ञान और कानून में स्नातक की डिग्री है।

चुनावी मैदान में वकील और डॉक्टर जैसे पेशेवर भी शामिल हैं। 75 साल की उम्र में, 10वीं पास निर्दलीय उम्मीदवार सतीश पुंछी सबसे उम्रदराज दावेदार हैं, जबकि सबसे कम उम्र की नेशनल



अवामी यूनाइटेड पार्टी की 30 वर्षीय शिखा बंद्राल के पास इंदिरा गांधी नेशनल ओपन विश्वविद्यालय से कला स्नातक की डिग्री है जो 2020 में प्राप्त की गई। सभी 22 उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता का खुलासा उनके हलफनामे में किया गया है। विशेष रूप से, भाजपा उम्मीदवार जुगल किशोर ने 1981 में जम्मू-कश्मीर राज्य बोर्ड जम्मू से 10वीं कक्षा पूरी की।

विभिन्न शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले अन्य उम्मीदवारों में स्वतंत्र उम्मीदवार प्रिंसिपल सीडी शर्मा (63) शामिल हैं, जिनके पास अर्थशास्त्र में एमए, बी.एड और बीए एलएलबी है; और निर्दलीय उम्मीदवार परसीन सिंह (43), विज्ञान में 12वीं पास हैं।

दावेदारों में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुरेंद्र सिंह (66), कला स्नातक की डिग्री के साथ एक स्वतंत्र उम्मीदवार, और डॉ. प्रिंस रैना (37), एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी, एमसीएच सहित व्यापक चिकित्सा योग्यता वाले एक अन्य स्वतंत्र उम्मीदवार जैसे व्यक्ति शामिल हैं। विशेष रूप से, जम्मू और कश्मीर नेशनलिस्ट पीपल्स फ्रंट के स्वामी दिव्य नंद (60) और एक स्वतंत्र उम्मीदवार बंसी लाल (58) जैसे उम्मीदवार सामान्य शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनकी योग्यता मिडिल स्कूल पास के बराबर है।

# कभी कांग्रेस की दुश्मन थी एनसी, आज जम्मू में दे रही सहारा

**जम्मू, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में थे। जम्मू-कश्मीर से इस बार भाजपा को बहुत उम्मीदें हैं। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का दावा है कि इस बार कश्मीर रीजन में भी उसका खाता खुलेगा। अभी तक उसे जम्मू बेस्ड पार्टी ही माना जाता है। जम्मू-कश्मीर में इस बार नेशनल कॉन्फ्रेंस घाटी की तीन लोकसभा सीटों पर तो कांग्रेस जम्मू की दो और लद्दाख की एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। विपक्षी गठबंधन में उनकी साथी पीडीपी भी कश्मीर की तीन सीटों पर ताल ठोक रही है।

साल 1967 में जम्मू-कश्मीर से पहली बार छह नुमाइंदे दिल्ली में अपने-अपने क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे। खास बात ये है कि इनमें दो निर्विरोध चुने गए थे। शुरुआती सालों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के चुनावों से दूरी बनाकर रखने की वजह से जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस पार्टी को बड़ी सफलताएं मिलीं लेकिन शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उभार ने बाद के सालों में उसे धीरे-धीरे कश्मीर घाटी में कमजोर कर दिया। साल 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी पहली



बार देश के पीएम बने और इसी साल जम्मू रीजन में पहली बार भाजपा ने खाता भी खोला।

जम्मू-कश्मीर में हुए लोकसभा चुनावों के परिणामों पर नजर डालें तो पता चलता है कि लद्दाख में सिर्फ दो बार कश्मीर बेस्ड नेशनल कॉन्फ्रेंस को जीत मिली। इसके अलावा वहां के वोटर्स ने या तो निर्दलीय या फिर कांग्रेस और पिछली दो बार से भाजपा पर भरोसा जताया है। साल 1967 में जम्मू-कश्मीर में पहली बार लोकसभा के चुनाव हुए। इस चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने श्रीनगर लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की तो राज्य की अन्य पांच सीटों पर कांग्रेस के कैंडिडेट्स चुने गए। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों ने अनंतनाग और लद्दाख लोकसभा सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की।

1971 में हुए लोकसभा चुनाव में श्रीनगर लोकसभा सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की जबकि अन्य पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी विजयी हुई। इमरजेंसी के बाद हुए 1977 के लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने श्रीनगर के साथ-साथ बारामुला की सीटों पर जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस पार्टी ने अनंतनाग-राजौरी, लद्दाख और उधमपुर सीट पर जीत दर्ज की। इस चुनाव में जम्मू रीजन में निर्दलीय प्रत्याशी ने मुकाबला जीता।

1980 में हुए लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर का सियासी नक्शा काफी हद तक बदल गया। इस चुनाव में कश्मीर घाटी की तीन मुस्लिम बहुल्य सीटों पर जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जीत दर्ज की जबकि लद्दाख सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी जीता। जम्मू रीजन की उधमपुर सीट पर इंदिरा विरोधी कांग्रेस यू ने जीत दर्ज की। इस चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ जम्मू लोकसभा सीट पर जीत हासिल हुई। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद साल 1984 के चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कश्मीर की तीन और कांग्रेस ने जम्मू की दो और लद्दाख की एक सीट पर जीत हासिल की। साल 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस कश्मीर की तीन सीटें जीतने में सफल रही जबकि कांग्रेस जम्मू की दो सीटें जीत सकी। लद्दाख सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत हासिल की। 1991 में जम्मू-कश्मीर में हालातों की वजह से चुनाव नहीं हुए।

साल 1996 में हुए लोकसभा चुनाव का नेशनल कॉन्फ्रेंस ने बहिष्कार किया था। इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने कश्मीर की बारामुला और श्रीनगर सीट पर जीत दर्ज की जबकि जनता दल ने अनंतनाग सीट पर विजय हासिल की। इस चुनाव की खास बात ये है कि उधमपुर सीट पर भाजपा ने जीत हासिल कर जम्मू-कश्मीर में अपना खाता खोला। लद्दाख और जम्मू लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जीत हासिल करने में सफल रहे। दो साल बाद 1996 में हुए लोकसभा चुनाव में कश्मीर की दो सीटों बारामुला और श्रीनगर पर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जीत दर्ज की जबकि लंबे समय बाद घाटी की अनंतनाग सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की। इस चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने पहली बार लद्दाख में जीत दर्ज की जबकि जम्मू से कांग्रेस का सफाया हो गया। साल 1999 में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कश्मीर की तीन और लद्दाख सीट पर जीत दर्ज की तो जम्मू की दोनों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की।

साल 2004 में जम्मू-कश्मीर में पीडीपी का उदय हुआ। यहां की अनंतनाग सीट पर पीडीपी ने जीत दर्ज की जबकि बारामुला और श्रीनगर लोकसभा सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस विजयी हुई। लद्दाख सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी तो जम्मू की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की। साल 2009 के लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कश्मीर घाटी की तीनों सीटें तो कांग्रेस ने जम्मू की दोनों सीटों पर जीत हासिल की। लद्दाख पर निर्दलीय का कब्जा हुआ।

इसके बाद होती है शुरुआत मोदी युग की। मोदी युग में पहली बार भाजपा जम्मू-कश्मीर की 6 में से तीन लोकसभा सीटें जीतने में कामयाब रही। भाजपा को जम्मू रीजन की दो सीटों के साथ लद्दाख पर विजय मिली जबकि कश्मीर रीजन में नेशनल कॉन्फ्रेंस का सफाया हो गया। यहां तीनों सीटों पर पीडीपी ने जीत दर्ज की हालांकि अगली बार साल 2019 में कश्मीर की तीनों सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस का कब्जा हुआ जबकि जम्मू और लद्दाख की तीन सीटों पर भाजपा काबिज हुई।

# पहलगाम और सोनमर्ग में दो पर्यटकों की हार्ट अटैक से मौत


**जम्मू, 13 अप्रैल (ब्यूरो)।** कश्मीर घूमने आए एक अमेरीकी और एक गुजराती टूरिस्ट की क्रमशः सोनमर्ग और पहलगाम में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के सोनमर्ग में शनिवार को अमेरिका के एक पर्यटक की मौत हो गई।

एक अधिकारी ने बताया कि एक विदेशी पर्यटक लाना मैरी (61) पत्नी ज्योफ चार्ल्स निवासी संयुक्त राज्य अमेरिका को होटल विलेज वॉक सोनमर्ग में अचानक बीमार हो गई। उन्होंने बताया कि लाना को गंभीर हालत में इलाज के लिए पीएचसी सोनमर्ग ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि चिकित्सीय कानूनी औपचारिकताओं के लिए शव पीएचसी सोनमर्ग में पड़ा हुआ है, जबकि आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

दूसरी ओर अधिकारियों ने बताया कि गुजरात के रहने वाले एक पर्यटक की शनिवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

# सऊदी की जेल से रिहाई के लिए लोगों ने जुटाए 34 करोड़

**कोझिकोड, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** सऊदी अरब में मृत्युदंड की सजा पाए कोझिकोड के एक व्यक्ति अब्दुल रहीम को बचाने के लिए केरल के लोग एकसाथ आए हैं। लोगों ने चंदे के जरिए 34 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। रहीम को सजा से बचने के लिए 18 अप्रैल से पहले ब्लड मनी के तौर पर करीब 34 करोड़ रुपए का भुगतान करना है। ब्लड मनी का आशय सजा से बचने के लिए पीड़ित के परिवार को धन का भुगतान करना होता है।




रहीम 18 साल से जेल में बंद है। उस पर साल 2006 में सऊदी में एक लड़के की हत्या का आरोप है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रहीम को सऊदी अरब में 2006 में एक दिव्यांग लड़के की दुर्घटनावश मौत के बाद जेल में डाल दिया गया था। जिसकी वह देखभाल करता था। लड़के के परिजनों ने माफी देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद 2018 में रहीम को मौत की सजा सुनाई गई थी।

एक्शन कमेटी के सदस्यों ने मीडिया को बताया कि उनकी याचिका को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया था। लेकिन बाद में परिवार रहीम को ब्लड मनी देने शर्त पर माफ करने को सहमत हो गया। राज्य के लोगों की भावना की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि यह करुणा और सच्चाई की रियल केरल स्टोरी है।

उन्होंने कहा कि केरल को निशाना बनाने वाले नफरती अभियानों के बीच मलयाली लोगों की भावना उठ खड़ी हुई है। विजयन ने कहा कि सऊदी अरब में मौत की सजा का सामना कर रहे एक व्यक्ति अब्दुल रहीम की कहानी इसी प्रतिरोध का प्रतीक है। उसकी रिहाई के लिए 34 करोड़ करोड़ रुपए जुटाकर केरल के लोगों ने अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट की है।मुख्यमंत्री ने कहा, इस मानवीय काम के लिए हाथ बंटाने वाले सभी लोगों का आभार। एकजुट रहकर हम करुणा और सच्चाई की रियल केरल स्टोरी को साझा करना जारी रखेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फ़ायदा होगा। आपको कोई अच्छी ख़बर मिल सकती है, जो न केवल आपको बल्कि आपके परिवार को भी रोमांचित कर देगी। आपको अपने रोमांच को नियंत्रित रखने की ज़रूरत है। नौकरी-पेशे के लिहाज़ से की गयी यात्रा सकारात्मक फल देगी। आपको इंटरव्यू के दौरान दिमाग़ ठण्डा रखने और ख़ुद को अभिव्यक्त करने की ज़रूरत है। आज अपने जीवनसाथी का व्यहवार उतना अच्छा नहीं होगा ।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आप जो शारीरिक बदलाव आज करेंगे, वे निश्चित तौर पर आपके रूप-रंग को आकर्षक बनाएगा। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके ख़र्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ़ खींचेंगे- आपके सामने चुनने के लिए कई चीज़ें होंगी और आपके सामने समस्या यह होगी कि किसे पहले चुना जाए। सहकर्मियों और वरिष्ठों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इज़ाफ़ा करेगा। जल्दबाज़ी में फ़ैसले न करें, ताकि ज़िन्दगी में आगे आपको पछताना न पड़े।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज आप ऊर्जा से लबरेज़ होंगे- आप जो भी करेंगे उसे आप उससे आधे वक़्त में ही कर देंगे, जितना वक़्त आप अक्सर लेते हैं। जेवर और एंटीक में निवेश फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। यह वक़्त इस बात को समझने का है कि गुस्सा छोटा-पागलपन है और यह आपको वारी नुक़सान की तरफ़ धकेल सकता है। काम की अधिकता के बावजूद भी आज कार्यक्षेत्र में आपमें ऊर्जा देखी जा सकती है। आज आप दिये गये काम को तय वक़्त से पहले ही पूरा कर सकते हैं। रात के समय आज आप घर के लोगों से दूर होकर अपने घर की छत या किसी पार्क में टहलना पसंद करेंगे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। आपकी माता पक्ष से आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है। हो सकता है कि आपके मामा या नाना आपकी आर्थिक मदद करें। अपने जीवन-साथी के साथ अपनी गोपनीय जानकारी बांटने से पहले सोच लें। अगर मुमकिन हो तो इससे बचें, क्योंकि इन बातों के बाहर फैलने का ख़तरा है । लोग आपको अपने बढ़िया काम के लिए कार्यक्षेत्र में पहचानेंगे। हितकारी ग्रह कई ऐसे कारण पैदा करेंगे, जिनकी वजह से आज आप ख़ुशी महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन में चीज़ें हाथ से निकलती हुई मालूम होंगी।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आपको काफ़ी समय से चल रही बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आप दूसरों पर कुछ ज़्यादा ख़र्चा कर सकते हैं। बच्चों के साथ समय बिताना ख़ास होगा। आप किसी बड़े व्यावसायिक लेन-देन को अंजाम दे सकते हैं और मनोरंजन से जुड़ी किसी परियोजना में कई लोगों का संयोजन कर सकते हैं। वक़्त की नाजाकत को समझते हुए आज आप सब लोगों से दूरी बनाकर एकांत में वक़्त बिताना पसंद करेंगे। ऐसा करना आपके लिए हितकर भी होगा। आपका जीवनसाथी आपको ख़ुश करने के लिए आज काफ़ी कोशिशें करता नज़र आएगा।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

घरेलू परेशानियाँ आपको तनाव दे सकती हैं। आज आपको अपने उन रिश्तेदारों को पैसा उधार नहीं देना चाहिए जिन्होंने आपका पिछला उधार अब तक वापस नहीं किया है। आपको ऐसी परियोजनाएँ शुरू करनी चाहिए, जो पूरे परिवार के लिए समृद्धिलाएँ। आईटी से जुड़े लोगों को अपना जौहर दिखाने का मौक़ा मिल सकता है। आपको क़ामयाबी पाने के लिए केवल काम पर एकाग्र होकर जी-तोड़ मेहनत करने की ज़रूरत है। सामाजिक और धार्मिक समारोह के लिए बेहतरीन दिन है। कोई रिश्तेदार अचानक आपके घर आ सकता है, जिसके चलते आपकी योजनाएँ गड़बड़ा सकती हैं।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

झगड़ालू स्वभाव को क़ाबू में रखें, नहीं तो रिश्तों में कभी न मिटने वाली खटास पैदा हो सकती है। दीर्घावधि मुनाफ़े के नज़रिए से स्टॉक और म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करना फ़ायदेमंद रहेगा। शाम का वक़्त दोस्तों के साथ बिताना दिलचस्प तो रहेगा ही, साथ ही छुट्टी साथ बिताने की योजनाओं पर भी चर्चा हो सकेगी। प्यार के नज़रिए से यह दिन बेहद ख़ास रहेगा। अपने काम और प्राथमिकताओं पर ध्यान एकाग्र करें। अपने जरुरी कामों को निपटाकर आज आप अपने लिए समय तो अवश्य निकालेंगे लेकिन इस समय का उपयोग आप अपने हिसाब से नहीं कर पाएंगे।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज के दिन आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है लेकिन इसके साथ ही आपको दान-पुण्य भी करना चाहिए क्योंकि इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आपके घर वाले आपकी कोशिशों और समर्पण को सराहेंगे। आपका महबूब आज आपको बड़ी ख़ूबसूरती से कुछ ख़ास करके चौंका सकता है। लगता है कि आपके विरष्ठ आज देवदूतों जैसा व्यवहार करने वाले हैं। कोई रोचक मैगजीन या उपन्यास पढ़ के आजके दिन को आप अच्छी तरह से व्यतीत कर सकते हैं। मतभेदों की एक लम्बी श्रृंखला के पनपने के कारण आपको सामंजस्य बिठाने कें मुश्किल आएगी।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है। अगर आपने किसी शख़्स को पैसा उधार दिया था तो आज आपको वो पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। कुछ भी चालाकी भरे काम को करने से बचें। मानसिक शांति के लिए इस तरह के कामों में से दूर रहे। दूसरों की राय को ग़ौर से सुनें- अगर आप आज वाक़ई फ़ायदा चाहते हैं तो। आपकी व्यस्त दिनचर्या के चलते आपका जीवनसाथी आपके ऊपर शक़ कर सकता है।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज के दिन किए गए दान-पुण्य के काम आपको मानसिक शान्ति और सुकून देंगे। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है। किसी ऐतिहासिक इमारत के आस-पास सैर-सपाटे की योजना बनाएँ। इससे बच्चों और परिवार के सदस्यों को ज़रूरी ताज़गी मिलेगी। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल रहेगा। साझीदारी की परियोजनाएँ सकारात्मक परिणाम से ज़्यादा परेशानियाँ देंगी। कोई आपका बेजा फ़ायदा उठा सकता है और उसे ऐसा करने देने के लिए आप ख़ुद से ही नाराज़ हो सकते हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

कुदरत ने आपको आत्मविश्वास और तेज़ दिमाग़ से नवाज़ा है- इसलिए इनका भरपूर इस्तेमाल कीजिए। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज धन की बहुत आवश्यकता पड़ेगी लेकिन बीते दिनों में किये गये फिजुलखर्च के कारण उनके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें। उन्हें महसूस होने दें कि आप उनका ख़याल रखते हैं। काम के दबाव के चलते मानसिक उथल-पुथल और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। खुदरा और थोक व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है। उन लोगों से मेलजोल बढ़ाने से बचें जिनके साथ आपका वक़्त ख़राब होता है।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

यात्रा के लिहाज़ से आप अभी कुछ कमज़ोर हैं, इसलिए लंबी यात्राओं से बचने की कोशिश कीजिए। पैसा अचानक आपके पास अएगा, जो अपके ख़र्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। ऐसे कामों में सहभागिता करने के लिए अच्छा समय है, जिसमें युवा लोग जुड़े हों। अचानक मिला कोई सुखद संदेश नींद में आपको मीठे सपने देगा। आपके लिए आज बहुत सक्रिय और लोगों से मेल-जोल भरा दिन रहेगा। लोग आपसे आपकी राय मांगेंगे और जो भी आप कहेंगे, उसे बिना सोचे मान लेंगे। आज के दिन आपके कुछ दोस्त आपके घर में आ सकते हैं और उनके साथ आप समय बिता सकते हैं।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 14 अप्रैल 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : चैत्र , शुक्ल पक्ष
तिथि : षष्ठी प्रात: 11:46 तक
नक्षत्र : आर्द्रा रात्रि 01:35 तक
योग : अतिगंड रात्रि 11:32 तक
करण : तैतिल प्रात: 11:46 तक
चन्द्रराशि : मिथुन
सूर्योदय : 06:00, सूर्यास्त 06:32 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:07 , सूर्यास्त 06:32 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:59 , सूर्यास्त 06:25 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:52 , सूर्यास्त 06:22 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : नवरात्रि कात्यायनी पूजन , डॉ. अम्बेडकर जयंती

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# अनिल विज की सुरक्षा में तैनात कर्मी पर जानलेवा हमला

## बीचबचाव करने आए सरपंच के पिता व भाई भी चोटिल

**फतेहाबाद, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** जिले के गांव कुदनी के पास शुक्रवार रात को पूर्व गृहमंत्री अनिल विज की सुरक्षा में तैनात हिम्मतपुरा ढाणी निवासी एएसआई अमनप्रीत सिंह पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अमनप्रीत सिंह के अलावा गांव कूदनी के सरपंच प्रतिनिधि मदनलाल व उसके भाई को भी चोटें आई हैं। हमलावरों ने दो फायर भी किए। हालांकि, घायलों के फिट नहीं होने के कारण पुलिस बयान दर्ज नहीं कर पाई है। मामले की सूचना मिलने के बाद पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने भी फोन करके एएसआई अमनप्रीत सिंह के परिजनों से जानकारी ली। उन्होंने घटनाक्रम की गंभीरता से जांच करवाने का भरोसा दिलाया।



प्रत्यक्षदर्शी हंसराज नंबरदार के अनुसार शुक्रवार रात करीब 10 बजे वह टोहाना की तरफ से गांव कुदनी आ रहा था। इसी दौरान रहनवाली रोड पर उसने दो गाड़ियां तीव्र गति से कूदनी की ओर जाती देखी। जब वह थोड़ी देर बाद आगे पहुंचा तो दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। एक गाड़ी नहर की तरफ जबकि दूसरी गेहूं के खेत में गिरी पड़ी थी। उसने सोचा दोनों गाड़ियों का एक्सीडेंट हो गया है। इसके चलते उसने गांव के सरपंच प्रतिनिधि व अन्य लोगों को बुला लिया ताकि घायलों की मदद की जा सके। मगर कार के समीप खड़े 5-6 लोग झगड़ा कर रहे थे। इन्होंने सरपंच प्रतिनिधि मदन लाल व उसके बेटे संजय के नजदीक आने पर लाठी डंडे से वार करना शुरू कर दिया। इसी बीच हमलावरों में से एक ने रिवाल्वर से दो फायर किए, जिसके कारण सब लोग इधर-उधर भाग गए। एएसआई अमनप्रीत सिंह की माता ने बताया कि उसका बेटा रात को घर लौट रहा था। किसी ने उसकी गाड़ी का पीछा किया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उसके बेटे को सरपंच संदीप के पिता मदनलाल और भाई संजय ने बचाया। उसके बेटे को बचाते हुए सरपंच प्रतिनिधि मदनलाल व उनका बेटा घायल हो गए। दोनों पिता-पुत्र को हिसार के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। अमनप्रीत सिंह का एक भाई विदेश में रहता है।

जांच अधिकारी के अनुसार हमले में एएसआई अमनप्रीत सिंह के अलावा गांव कूदनी के सरपंच प्रतिनिधि मदन लाल व उसका पुत्र संजय घायल हुए हैं। उन्हें डॉक्टर ने अभी फिट घोषित नहीं किया है। फिट होने के बाद पुलिस बयान लेकर केस दर्ज करेगी।

# भरतपुर रेंज में 741 वांछित अपराधी गिरफ्तार

**भरतपुर, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान में भरतपुर पुलिस रेंज के छह जिलो में गत 36 घंटे की कार्यवाही के बाद पुलिस द्वारा 741 वांछित अपराधी एवं असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने के साथ 746 अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

रेंज महानिरीक्षक राहुल प्रकाश ने बताया कि भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, गंगापुरसिटी एवं डीग जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं भय रहित सुनिश्चित करने के लिये ऑपरेशन निर्भय में भाग लेते हुये मुकामी थानों, पुलिस कार्यालयों, पुलिस लाइन, क्यूआरटी और आरएसी के 1200 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की 281 से अधिक टीमों ने 1079 स्थानों पर दबिश देकर कार्यवाही को अंजाम दिया।

उन्होंने बताया कि 638 ऐसे व्यक्ति जो चुनाव को प्रभावित कर सकते थे, के साथ 2 हार्डकोर, 62 हिस्ट्रीशीटर एवं 44 आदतन अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार आरोपियों में जघन्य अपराधों में 19 वांछित, 15 ईनामी, 19 आदतन वांछित, 8 वांछित हिस्ट्रीशीटर शामिल है। पुलिस ने इस अभियान में अवैध शराब, मादक पदार्थ और हथियार के धंधे में लिप्त आरोपियों को भी गिरफ्तार कर हथियार, शराब और मादक पदार्थ जब्त किये हैं।

# मोदी के जन्मदिन पर 111 कन्याओं की होंगी शादियां: गणेशीलाल

**सिरसा, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने कहा है कि हारे का सहारा ट्रस्ट की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर 111 कन्याओं की सामुहिक शादियां करवाई जाएंगी। प्रो. गणेशीलाल ने कहा कि इसके अलावा गरीब कन्याओं के लिए शिक्षा व महिलाओं के लिए सिलाई मशीनों की भी व्यवस्था की जा रही है। उनके हिसार रोड स्थित आवास रॉयल हवेली में बैसाखी के पावन अवसर पर आयोजित मिलन समारोह में उपस्थित जनसमूह से यह बात कही। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया।



प्रो. गणेशीलाल ने बताया कि इन शादियों के लिए कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति आवेदन कर सकता है। इस मौके पर समाज-सेवी मनीष सिंगला ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा गरीब कन्याओं की शादियां, जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें, ट्राईसाइकिल सहित कृत्रिम अंगों का भी वितरण किया जा रहा है, ताकि किसी असहाय व्यक्ति की जितनी हो सके मदद की जा सके। भारतीय जनता पार्टी नेता एवं प्रत्याशी अशोक तंवर ने भी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए संस्था के कार्यो की सराहना की।

इस अवसर पर गुरजाप सिंह को पावर लिफ्टिंग में चार बार गोल्ड मेडलिस्ट रहने पर प्रो. गणेशीलाल ने सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। प्रो. गणेशीलाल ने कहा कि गुरजाप सिंह ने सिरसा ही नहीं, प्रदेश व देश का नेतृत्व किया है। उन्होंने गुरजाप को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग, बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, सुरेंद्र आर्य, पूर्व विधायक मक्खन लाल सिंगला, जसविंद्र पाल पिंकी, गौरव जिंदल, हरपिंद्र शर्मा, राजिंद्र रेनु, जेपी गुप्ता, हर्ष खुराना, सांवर मल गुज्जर, योगेश गर्ग, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भावना शर्मा, हनुमान कुंडू, मुकेश लाखलान, रोहताश जांगड़ा, सतपाल मेहता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बिजली गिरने से ईंट-भट्ठा मजदूर की मौत

**श्रीगंगानगर, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान के अनूपगढ़ जिले में रावला थाना क्षेत्र के चक 9-पीएसडी में शनिवार को बिजली गिरने से एक ईंट भट्ठा मजदूर की मौत हो गयी और एक मजदूर बाल-बाल बच गया। इस गांव में पूर्वाह्न लगभग 10 बजे दो बार बिजली गिरी। पहले ईंट भट्टे पर और दूसरी बार कुछ ही दूरी पर खेजड़ी के एक पेड़ पर बिजली गिरी। खेजड़ी का पेड़ जल गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बलवंतराम तथा तहसीलदार सपना सोनी मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद विधायक शिमला देवी नायक एडवोकेट भी घटनास्थल पर पहुंच गयीं।

पुलिस के अनुसार मृतक युवक की पहचान सोनू उर्फ सुनील नायक (19) निवासी चेक 9- पीएसडी के रूप में हुई है। वह और चार-पांच अन्य मजदूर पूर्वाह्न लगभग 10 बजे चक 9- पीएसडी में एक ईंट भट्टे पर चिमनी के पास काम कर रहे थे, तभी बिजली गिरी, जिससे सोनू बेहोश होकर गिर गया। उसको अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला दो नाबालिग सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** जिले के किलडोद गांव की बणी में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में बैठे चार युवकों को पकड़ने गई पुलिस पार्टी पर आरोपियों ने फायर कर दिया। इसमें पुलिस कर्मी बार-बाल बच गए। किसी तरह पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। पकडे.गए चार आरोपियों में से दो नाबालिग हैं। पकड़े गए आरोपियों से मोटरसाइकिल व स्कूटी, दो अवैध हथियार, तीन जिंदा कारतूस व एक खाली खोल बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अदालत झज्जर में पेश किया गया। अदालत के आदेश अनुसार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया जबकि दोनों नाबालिग आरोपियों को अदालत के आदेश अनुसार सुधार गृह फरीदाबाद भेजा गया।




सीआईएए झज्जर प्रभारी निरीक्षक सोमबीर ने बताया कि सीआईए झज्जर की पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि चार नौजवान लड़के हथियार सहित किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। जो गांव किलडोद की बणी (जंगली एरिया) में बैठे हैं। सूचना के आधार पर सीआईए झज्जर में तैनात सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार की पुलिस टीम किलडोद गांव की बनी में पहुंची तो रोड से काफी अंदर की तरफ एक मोटरसाइकिल व स्कूटी दिखाई दी।

पुलिस टीम ने आगे बढ़कर देखा तो चार नौजवान लड़के बैठे दिखाई दिए। सभी नौजवान लड़के पुलिस पार्टी को अपनी तरफ आता देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने चारों नौजवान लड़कों को रुकने के लिए कहा तो उनमें से भागते हुए एक नौजवान लड़के ने अपने हाथ में लिए हुए पिस्टल से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। इससे पुलिस पार्टी बाल-बाल बच गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों लड़कों को काबू कर लिया। पकड़े गए चारों आरोपियों के खिलाफ थाना सदर झज्जर में आपराधिक मामला दर्ज किया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय उर्फ भूरु निवासी जैतपुर व केशव निवासी सिलानी गेट झज्जर के तौर पर की गई। पकड़े गए आरोपियों से मोटरसाइकिल व स्कूटी दो अवैध हथियार, तीन जिंदा कारतूस व एक खाली खोल बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अदालत झज्जर में पेश किया गया। अदालत के आदेश अनुसार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उपरोक्त मामले में काबू किए गए दोनों नाबालिग आरोपियों को अदालत के आदेश अनुसार सुधार गृह फरीदाबाद भेजा गया।

# विदेशियों से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** साइबर क्राइम भिवानी थाना की टीम ने वेबसाइट पर फर्जी आईडी बनाकर विदेशी लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को साइबर क्राइम थाना की टीम ने न्यायालय से दो दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी वहीं आरोपियों से तीन मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। आरोपी ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस देने के नाम पर विदेशी नागरिकों से धोखाधड़ी करते थे।

पुलिस अधीक्षक भिवानी वरुण सिंगला द्वारा थाना साइबर क्राइम पुलिस को जिले में आम जनता को ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की सख्त हिदायतें दी हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस ने फर्जी आईडी बनाकर ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस देने के नाम पर यूनाइटेड किंगडम के लोगों से धोखाधड़ी कर रुपए ऐंठने के मामले में एक गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना साइबर क्राइम पुलिस भिवानी के उप निरीक्षक विकास कुमार को सूचना प्राप्त हुई कि भिवानी निवासी कुछ व्यक्ति वेबसाइट पर एस्कॉर्ट सर्विस के नाम से फर्जी आईडी बनाकर ऐड लगाकर यूनाइटेड किंगडम के नागरिकों को धोखाधड़ी कर रुपए ऐंठने का काम कर रहे हैं। निरीक्षक विकास कुमार ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए गांव बिधवान से दो व्यक्तियों को उनके मोबाइल फोन से यूनाइटेड किंगडम के लोगों को एस्कॉर्ट सर्विस देने के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपए ऐंठने के मामले में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान चांदवीर निवासी बिधवान व मुकेश निवासी बिधवान जिला भिवानी के रूप में हुई है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड अवधि में पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि आरोपियों द्वारा वेबसाइट पर एस्कॉर्ट सर्विस की फर्जी ऐड लगाते हैं तथा यूनाइटेड किंगडम के नागरिकों को एस्कॉर्ट सर्विस देने के नाम पर वर्चुअल व्हाट्सएप अकाउंट पर कॉल करके उन्हें गुमराह करते हैं और एस्कॉर्ट सर्विस देने के नाम पर नागरिकों से 50 पाउंड से लेकर 500 पाउंड तक की रुपयों की धोखाधड़ी करते हैं। इस दौरान आरोपियों से धोखाधड़ी के लिए प्रयोग किए गए तीन मोबाइल फोन को बरामद किए हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद इन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें कारागार भेजने के आदेश हुए हैं7 इस मामले में अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता में न्यूजीलैंड के दंपति रहे प्रथम स्थान पर




**उदयपुर, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान के उदयपुर में चल रहे मेवाड महोत्सव में आयोजित विदेशी युगल की राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर न्यूजीलैंड के जोनाथन स्पर्क एवं उनकी पत्नी यास्मीन क्लार्क रहे है। मेवाड महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को गणगौर घाट पर आयोजित राजस्थानी वेशभूषा प्रतियोगिता में जिम्बाब्वे के बेन काइज एवं उनकी माँ जेनिफर द्वितीय तथा ग्रीस की मिस सोना तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में सैन फ्रैंसिस्को के पाको और उनकी पत्नी रोजा को, नीदरलैंड के विलियम बे और उनकी पत्नी मेफिकी, इटली के सरिगो और उनकी पत्नी जैकलीन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को होटल व्यवसाय से जुड़े संस्थानों द्वारा प्रायोजित पुरस्कार प्रदान किये गए।



# भारत-मॉरीशस कर संधि प्रोटोकॉल पर काम बाकी, अनुमोदित अधिसूचित किए जाने पर आईटी विभाग ने कही ये बात

**नई दिल्ली,13 अप्रैल (एजेंसियां)।** आयकर विभाग ने कहा कि दोहरे कराधान बचाव समझौते पर संशोधित भारत-मॉरीशस प्रोटोकॉल को अभी तक विभाग द्वारा अनुमोदित और अधिसूचित नहीं किया गया है। भारत और मॉरीशस ने 7 मार्च, 2024 को डीटीएए में एक संशोधन पर हस्ताक्षर किए और समझौते में एक प्रमुख उद्देश्य परीक्षण (पीपीटी) को शामिल किया, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करके कर से बचाव को कम करना है कि संधि के लाभ केवल वास्तविक उद्देश्य वाले लेनदेन के लिए दिए जाते हैं।

संशोधित भारत-मॉरीशस डीटीएए पर कुछ चिंताएं उठाई गई - ऐसी चिंताएं थीं कि मॉरीशस के रास्ते आने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशों को कर अधिकारियों द्वारा अधिक जांच का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, ऐसी आशंकाएं भी थीं कि पिछले निवेशों को संशोधित प्रोटोकॉल द्वारा कवर किया जा सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट में आईटी विभाग ने कहा कि हाल ही में संशोधित भारत-मॉरीशसडीटीएए पर कुछ चिंताएं उठाई गई है।

### जब भी लागू होगा समाधान किया जाएगा- आयकर विभाग

आयकर विभाग ने कहा कि जब भी प्रोटोकॉल लागू होगा, जहां भी आवश्यक होगा, समाधान किया जाएगा। ऐतिहासिक रूप से, 2016 तक भारतीय कंपनियों में शेयरों की बिक्री से पूंजीगत लाभ की गैर-कर देयता के कारण मॉरीशस भारत में निवेश में संलग्न होने के लिए एक पसंदीदा क्षेत्राधिकार रहा है।

### भारत में पूंजीगत लाभ पर कर लगाने का दिया अधिकार

2016 में भारत और मॉरीशस ने एक संशोधित कर समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसने भारत को 1 अप्रैल, 2017 से शुरू होने वाले द्वीप राष्ट्र के माध्यम से शेयरों में लेनदेन पर भारत में पूंजीगत लाभ पर कर लगाने का अधिकार दिया। इंडसलॉ के पार्टनर लोकेश शाह ने कहा कि भारत-मॉरीशस कर संधि में अब पीपीटी परीक्षण शुरू होने से, भारत में कर अधिकारी टीआरसी (मॉरीशस कर अधिकारियों द्वारा कर निवास प्रमाण पत्र) से परे देखने की संभावना रखते हैं और भारत-मॉरीशस के लाभ को अस्वीकार करने की क्षमता रखेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए तीन साल से ज्यादा नहीं करना होगा इंतजार, नया नियम लागू



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य बीमा में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत पॉलिसीधारकों को अब पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए 36 महीने से ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।पहले इन बीमारियों के इलाज के लिए प्रतीक्षा अवधि 48 महीने थी। नया नियम एक अप्रैल, 2024 से लागू है। बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने हालिया अधिसूचना मे कहा, पहले से हुई किसी बीमारी (पीईडी) की जांच स्वास्थ्य बीमा कंपनी की ओर से जारी पॉलिसी के शुरू होने की तारीख से 36 माह पहले फिजिशियन द्वारा किया जाता है या चिकित्सा सलाह या उपचार की सिफारिश की गई है तो ऐसे मामलों में वेटिंग अवधि 36 माह से ज्यादा नहीं होगी। इरडा के मुताबिक, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के शुरू होने से 36 महीने तक की अवधि के दौरान उल्लिखित बीमारियां या इलाज (दुर्घटना के कारण को छोड़कर) कवर नहीं होते हैं। अवधि पूरी होने पर इन बीमारियों/ उपचारों को कवर किया जाएगा, बशर्ते पॉलिसी को बिना किसी रुकावट के लगातार रिन्यू कराया गया हो। बीमा कंपनी को देनी होगी पुरानी बीमारी की जानकारी इरडा ने स्पष्ट कहा है कि पॉलिसी खरीदते समय खरीदारों को पुरानी बीमारियों के बारे में पूरी जानकारी बीमा कंपनी को देनी होगी।इस आधार पर बीमा कंपनी स्वास्थ्य बीमा उत्पादों में पहले से मौजूद बीमारी की वेटिंग अवधि और विशिष्ट वेटिंग अवधि को कम करने का प्रयास कर सकती हैं। हालांकि, यह नियम विदेशी यात्रा पॉलिसियों के लिए लागू नहीं होगा। आसान उत्पाद पेश करें कंपनियां नियामक ने कहा है कि बीमा कंपनियों को सरल और आसान उत्पाद पेश करने की जरूरत है, जो पॉलिसीधारक को समझ में आ जाए। इनके शब्दों, कवरेज व शर्तों में पारदर्शिता और स्पष्टता हो। पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा हो। उत्पादों से संबंधित सभी जोखिमों पर मूल्य निर्धारण में उचित रूप से विचार किया जाए।

### आईपीएल के दौरान होटल और हवाई किराया बढ़ा, पिछले साल की तुलना में इस साल होटलों के किराये में करीब 20 फीसदी का इजाफा हुआ

**नई दिल्ली।** आईपीएल की वजह से इस साल होटल और हवाई किराए में पिछले साल के मुकाबले इस बार होटल किराए में इजाफे में बढ़ोतरी देखी गई है। बताया जा रहा है कि अधिकतर भारतीयों के लिए क्रिकेट धर्म नहीं बल्कि जुनून है इसलिए मांग सिर्फ युवाओं तक ही सीमित नहीं है बल्कि हर तबके के लोगों के बीच फैली है। खबर के मुताबिक पर्यटक शहर के बारे में जानने के लिए मैच एक-दो दिन पहले पहुंच रहे हैं अथवा मैच के बाद भी एक-दो दिन रह रहे हैं। मांग न केवल मैचों की मेजबानी करने वाले मेट्रो शहर के लिए है बल्कि जयपुर, मोहाली, धर्मशाला, लखनऊ, गुवाहाटी और अहमदाबाद जैसे छोटे शहरों की यात्रा करने वाले यात्री भी अधिक हैं।



### कच्चा तेल सपाट, कई शहरों में पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ, ब्रेंट क्रूड का भाव 90 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख बरकरार है। ब्रेंट क्रूड का भाव 90 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चल रहा है। हालांकि, ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते जंग के आसार के चलते इसमें और तेजी आ सकती है। इस बीच 13 अप्रैल को देशभर में पेट्रोल-डीजल के नए भाव जारी कर दिए हैं। देश के 4 महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि अन्य राज्यों में ईंधन महंगा और सस्ता हो गया है। छत्तीसगढ़, दमन और द्वीप, गोवा समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल के दाम बढ़े हैं जबकि गुजरात, हरियाणा और कर्नाटक में ईंधन के दाम में कमी आई है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.65 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 94.94 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.92 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.89 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.65 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

## मार्च में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.85 प्रतिशत हुई

# यह 10 महीने में सबसे कम, वजह खाने-पीने के चीजों की कीमतें घटीं

**नई दिल्ली,13 अप्रैल (एजेंसियां)।** मार्च में खुदरा महंगाई दर 10 महीने में सबसे कम रही। खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से खुदरा महंगाई दर में ये गिरावट देखी गई है। नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश की खुदरा महंगाई दर मार्च में घटकर 4.85 प्रतिशत रही, इससे पहले जून में यह दर 4.81 प्रतिशत थी। खाद्य महंगाई दर 8.66 प्रतिशत से घटकर 8.52 प्रतिशत पर आ गई ग्रामीण महंगाई दर 5.34 प्रतिशत से बढ़कर 5.45 प्रतिशत आ गई शहरी महंगाई दर 4.78 प्रतिशत से घटकर 4.14 प्रतिशत पर आ गई

**महंगाई कैसे प्रभावित करती है** - महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6 प्रतिशत है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी।

**महंगाई कैसे बढ़ती-घटती है** - महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे।ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी।

इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

**सीपीआई से तय होती है महंगाई** - एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, सीपीआई उसी को मापता है।

कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी रिटेल महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 300 सामान ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर



रिटेल महंगाई का रेट तय होता है।

**फरवरी 2024 में आईआईपी ग्रोथ 5.7 प्रतिशत दर्ज की गई** - वहीं इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन यानी आईआईपी के फरवरी 2024 के आंकड़े भी जारी कर दिए गए हैं। फरवरी में आईआईपी ग्रोथ 5.7 प्रतिशत दर्ज की गई है। जनवरी में यह 3.8 प्रतिशत रही थी। यानी महीना दर महीना आधार पर आईआईपी बढ़ी 1.9 प्रतिशत बढ़ी है।

**इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन क्या है** - जैसा कि नाम से ही जाहिर है, उद्योगों के उत्पादन के आंकड़े को औद्योगिक उत्पादन कहते हैं। इसमें तीन बड़े सेक्टर शामिल किए जाते हैं। पहला है- मैन्युफैक्चरिंग, यानी उद्योगों में जो बनता है, जैसे गाड़ी, कपड़ा, स्टील, सीमेंट जैसी चीजें।

दूसरा है- खनन, जिससे मिलता है कोयला और खनिज। तीसरा है- यूटिलिटिज यानी जन सामान्य के लिए इस्तेमाल होने वाली चीजें। जैसे- सड़कें, बांध और पुल। ये सब मिलकर जितना भी प्रॉडक्शन करते हैं, उसे औद्योगिक उत्पादन कहते हैं।

**इसे नापा कैसे जाता है** - आईआईपी औद्योगिक उत्पादन को नापने की इकाई है- इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन। इसके लिए 2011-12 का आधार वर्ष तय किया गया है। यानी 2011-12 के मुकाबले अभी उद्योगों के उत्पादन में जितनी तेजी या कमी होती है, उसे आईआईपी कहा जाता है। इस पूरे आईआईपी का 77.63 प्रतिशत हिस्सा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से आता है। इसके अलावा बिजली, स्टील, रिफाइनरी, कच्चा तेल, कोयला, सीमेंट, प्राकृतिक गैस और फर्टिलाइजर- इन आठ बड़े उद्योगों के उत्पादन का सीधा असर आईआईपी पर दिखता है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी गिरावट रही, सेंसेक्स 74,244 और निफ्टी 22,519 पर बंद




**मुंबई,13 अप्रैल (एजेंसियां)।** बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार ने लगातार कीर्तिमान बनाया और आखिरकार शुक्रवार को फिसलकर बंद हुआ। बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी की गिरावट देखी गई। बाजार विशेषज्ञ के मुताबिक अमेरिका में ब्याज दर में कटौती में देरी और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से तेल की कीमतों में आई तेजी और चौथी तिमाही के कमजोर परिणाम के अनुमानों की चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स में भारी गिरावट से निवेशकों के 2.52 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीते सप्ताह ईद उल फित्र पर्व के अवसर पर गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहने की वजह से पांच कारोबारी दिनों में से केवल चार दिन कारोबार हुआ। घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 300 अंकों से अधिक की बढ़त के साथ 74,599 पर खुला और 494.28 अंकों की बढ़त के साथ 74,742.50 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 25600 के स्तर से अधिक बढ़कर खुला और 152.60 अंक चढ़कर 22,666.30 पर बंद हुआ। भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स मंगलवार को नए उच्च स्तर पर खुले। बीएसई सेंसेक्स पहली बार 75,124 के नए शिखर पर खुला और 58.80 अंक फिसलकर 74,683.70 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 20 फीसदी बढ़त के साथ 22,765 अंक पर खुला और 23.55 अंक कमजोर होकर 22,642.75 के पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 270 अंकों की तेजी के साथ 74,953.96 पर खुला और 75000 के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी 77 अंकों की तेजी के साथ 22,720.25 के लेवल पर खुला और 22750 का स्तर पार कर बंद हुआ। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 304 अंकों की गिरावट के साथ 74,734 के स्तर पर खुला और 793.25 अंक (1.06 प्रतिशत) फिसलकर 74,244.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 82 अंक कमजोर होकर 22,672 के स्तर पर खुला और 234.40 अंक (1.03 प्रतिशत) गिरकर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ।

# सोना 1,050 रुपए उछलकर 73 हजार रुपए के पार, चांदी भी नए हाई पर पहुंची

**नई दिल्ली,13 अप्रैल (एजेंसियां)।** वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच सोने और चांदी में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी आई और यह 1,050 रुपये की तेजी के साथ 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, दिल्ली में सोने की कीमत 1,050 रुपये की तेजी के साथ 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इसी तरह चांदी की कीमत भी 1,400 रुपये की तेजी के साथ 86,300 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में सोने (24 कैरेट) की हाजिर कीमत 1,050 रुपये की तेजी के साथ 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रही है। ईद-उल-फितर के कारण कमोडिटी बाजार आंशिक रूप से बंद थे। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर सोना हाजिर भाव 48 डॉलर की बढ़त के साथ 2,388 डॉलर प्रति औंस हो गया। यूरोपीय कारोबारी दिन शुरुआती घंटों में सोना नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।



गांधी ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और सीरिया में अपने दूतावास पर इजरायली हमले के खिलाफ ईरान द्वारा जवाबी कार्रवाई की आशंका के बाद सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में मांग बढ़ने से बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी आई है। इसके अलावा वैश्विक बाजार चांदी के भाव भी तेजी के साथ 28.95 डॉलर प्रति औंस हो गया। पिछले सत्र में सोना 28.05 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था। उधर, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में दिन के कारोबार में सोना 72,828 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। सोने का जून अनुबंध 1,037 रुपये यानी 1.45 फीसदी की तेजी के साथ 72,681 रुपये प्रति 10 ग्राम पर के भाव कारोबार करता दिखा।

# 200 करोड़ की संपत्ति दान कर सन्यास लेंगे गुजरात के कारोबारी, फोन, एसी, पंखा सब छोड़ करेंगे भिक्षाटन

**नई दिल्ली,13 अप्रैल (एजेंसियां)।** गुजरात के साबरकांठा जिले का एक कारोबारी परिवार सुर्खियों में है। दरअसल हिम्मतनगर के रहने वाले बिजनेसमैन भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ की संपत्ति दान कर सन्यास लेने का फैसला किया है। उनके इस फैसले की खूब चर्चा हो रही है। भावेश भाई को जाननेवालों का मानना है कि भंडारी के परिवार का हमेशा से जैन समाज की ओर झुकाव रहा है। अक्सर इनके परिवार की मुलाकात दीक्षार्थियों और गुरुजनों से होती रहती थी।



**बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के कारोबार से जुड़े हैं भावेश** - भावेश भाई और उनकी पत्नी ने अपनी एशो-आराम की जिंदगी त्यागकर जैन धर्म की दीक्षा लेने और सन्यासी जीवन बिताने का फैसला किया है। भावेश बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के बिजनेस से जुड़े हुए हैं। उनका कारोबार साबरकांठा से अहमदाबाद तक फैला हुआ है।

**शोभायात्रा में भावेश ने दान कर दी 200 करोड़ की संपत्ति** - साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर में धूमधाम से चार किलोमीटर लंबी एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सन्यास ग्रहण करने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ रुपये की संपत्ति दान में दे दी। उन्होंने अचानक कारोबारी से दीक्षार्थी बनने का फैसला किया है। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को भावेश भाई और उनकी पत्नी समेत 35 लोग हिम्मतनगर रिवर फ्रंट पर संयमित जीवन जीने का संकल्प लेंगे।

**पंखा, एसी और मोबाइल जैसी सुविधाएं त्यागनी होगी** - सन्यास ग्रहण करने के बाद भावेश भाई और उनकी पत्नी को संयमित दिनचर्या का पालन करना होगा। वे जीवन भर भिक्षा मांगकर गुजारा करेंगे। इतना ही नहीं उनको पंखा, एसी, मोबाइल फोन जैसी सुख-सुविधाएं भी त्यागनी पड़ेगी। वे जहां कहीं भी यात्रा करेंगे उन्हें नंगे पांव चलना होगा।

**बेटा-बेटी दो वर्ष पहले ही शुरू कर चुके हैं संयमित जीवन जीना** - सन्यास लेने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी से पहले उनके बच्चे (बेटा-बेटी) भी संयमित जीवन जीना शुरू कर चुके हैं। भावेश के 16 साल के बेटे और 19 साल की बेटी दो साल पहले ही जैन समाज की दीक्षा ले चुके हैं। अपने बच्चों से प्रेरित होकर ही भावेश भाई और उनकी पत्नी ने दीक्षा लेने का फैसला किया है।

## अडानी ग्रुप ने गुजरात में लगाया दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन एनर्जी प्लांट

# 538 वर्ग किमी में फैला यह प्लांट पेरिस से लगभग 5गुना बड़ा

**नई दिल्ली,13 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारत की दुनिया में एक अलग पहचान बन गई क्योंकि भारत ने हर क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखा है, चाहे वह टेक्नालॉजी, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, खेल या फिर एनर्जी सेक्टर हो भारत दुनिया से अपना लोहा मनवा चुका है। भारत के हर क्षेत्र में भारतीय बिजनेसमैन अपने कारोबार का विस्तार कर रहे हैं। एनर्जी सेक्टर पर भारत के बड़े बिजनेसमैन गौतम अडानी इस पर विशेष फोकस कर रहे हैं और यही कारण है अडानी ग्रुप ने गुजरात के खावड़ा में बंजर जमीन पर दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन एनर्जी प्लांट ही लगाया है। यह फ्रांस की राजधानी पेरिस से 5 गुना बढ़ा है। ग्रीन एनर्जी प्लांट अडानी ग्रुप की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। गौतम अडानी की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने यह प्लांट को तैयार किया है। गुजरात के खावड़ा में पाकिस्तान की सीमा के पास बनाए



गए इस प्लांट में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से ग्रीन एनर्जी बनाई जाएगी।अडानी ग्रुप का ये प्लांट करीब 538 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जो फ्रांस की राजधानी पेरिस से लगभग 5 गुना बड़ा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार गौतम अडानी जब अपने इस प्रोजेक्ट के सिलसिले में पहली बार साल 2022 में गुजरात के खावड़ा में आए थे, तो इस जगह को देखकर उन्होंने मजाक में कहा था कि क्या किसी को इस जगह पर एक मच्छर भी मिल सकता है इसके बाद उनके समूह अडानी ग्रुप ने इस बंजर भूमि पर न केवल सौर पैनल लगाए ये सूर्य की किरणों को बिजली में बदल देंगे, बल्कि मिलें, लेबर कॉलोनियां और खारे पानी को पंप करने के लिए अलवणीकरण संयंत्र भी लगाए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है इस प्लांट की क्षमता 2000 मेगा वाट या 2 गीगा वाट बिजली उत्पादन की है। कंपनी की योजना वित्त वर्ष 2024-25 में ही इसे 4 गीगा वाट तक पहुंचाने की है। वहीं जब यह पूरी क्षमता के साथ काम करेगा, तब 30 गीगा वाट स्वच्छ बिजली का उत्पादन होने लगेगा। उसमें 26 गीगा वाट का उत्पादन सोलर से और 4 गीगा वाट का उत्पादन पवन ऊर्जा से किया जाएगा। भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी खावड़ा में स्वच्छ बिजली उत्पादन के लिए करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट कर रही है। अडानी ग्रुप इस प्रोजेक्ट को 2070 तक शुद्ध-कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने की व्यापक योजना के हिस्से के रूप में देख रहा है। अडानी ग्रुप तकरीबन 8000 कर्मचारियों के लिए कालोनी व अन्य बुनियादी सुविधाएं तैयार करने में जुटा है। बता दें कि अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी दुनिया के टॉप अरबपतियों की लिस्ट में शामिल हैं।

## दिमाग की बत्ती

# अंदर गर्म है पृथ्वी, क्यों?



**पृथ्वी** के अंदर से गर्म होने के दो कारण हैं। आज से कोई साढ़े चार अरब साल पहले पृथ्वी का निर्माण बहुत सारे कणों से मिलकर हुआ था। इन कणों के एक-दूसरे के पास आने से बहुत ज्यादा ऊर्जा पैदा हुई, जिसे आदिकालीन गर्मी कहा जाता है। यह गर्मी अब भी मौजूद है, क्योंकि पिछले साढ़े चार अरब सालों में पृथ्वी धीरे-धीरे ठंडी हुई है। इसलिए उसकी ऊपरी परत ठंडी है, लेकिन भीतर की परतों में तापमान अब भी बहुत है। इसकी भीतरी गर्मी का दूसरा कारण है रेडियों धर्मी तत्व। जब पृथ्वी बनी थी, तो उसमें एल्युमीनियम 26, जैनॉन 129 जैसे तत्व थे, जो अब नहीं मिलते। लेकिन इनके अलावा पोटाशियम 40, थोरियम 232, यूरेनियम 235 ये सभी तत्व अब भी मौजूद हैं, जिनसे परमाणु रिएक्शन होते रहते हैं और पृथ्वी इतनी गर्म रहती है।

## क्या आप जानते है?

- दुनिया के प्रत्येक डाक-टिकट पर उस देश का नाम अंकित रहता है, जहां से वह जारी होता है। केवल इंग्लैंड ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसके टिकट पर देश का नाम नहीं छपा होता। विश्व में डाक-टिकटों का प्रचलन सबसे पहले इंगलैंड से हुआ था।
- जिस प्रकार मनुष्यों को उनकी उंगलियों की छाप से पहचाना जा सकता है, उसी प्रकार जानवरों को उनकी नाक की छाप से पहचाना जा सकता है।
- सोना सबसे ज्यादा लोचदार धातु है। केवल एक ओंस सोने से 43 मील लंबा तार खींचा जा सकता है।
- किसी भी मछली के शरीर की परत पर पड़ी गोल धारियों को गिन कर ठीक उसी प्रकार उसकी आयु बताई जा सकती है, जिस प्रकार पेड़ के तने पर पड़ी गोल धारियों को देखकर पेड़ की उम्र बताई जा सकती है।
- अमरीका की ओइस्टर नामक मछली प्रतिवर्ष 50 करोड़ अंडे देती है, फिर भी उनमें से सामान्यत: एक बच्चा ही वयस्क होने तक जीवित रह पाता है।

# तीन दिल वाला

**ऑक्टोपस** के तीन दिल होते हैं। दो छोटे और एक बड़ा। छोटे दिल बल देकर पहले दोनों गिल्स (अंग जहां से वह सांस लेता है) तक खून पहुंचाते हैं, फिर बड़ा दिल, जिसे सिस्टेमिक हार्ट कहते हैं, शरीर के बाकी हिस्सों तक खून पहुंचाता है।



# बिजली बार-बार गिरी

बादलों के अंदर पानी के कण तेजी से घूमते हुए आपस में टकराते हैं, जिससे बिजली पैदा होती है। बिजली पैदा होने का काम तब तक चलता रहता है, जब तक कि वह एक बड़ी चिंगारी बनकर धरती तक जोरदार चमक बनकर कौंध नहीं जाती...



**काले** बादलों से घिरा आसमान, तेज हवाएं और अचानक तेज बारिश का केवल एक ही मतलब है कि तूफान आने वाला है। तूफान में बिजली गिरने की संभावना बढ़ जाती है। अमेरिका में आकाशीय बिजली गिरने से हर साल औसतन 73 व्यक्ति मरते हैं और 300 जख्मी होते हैं।

जिंदगी में सबसे ज्यादा बार किसी व्यक्ति पर बिजली गिरने का रिकॉर्ड सुलिवन के नाम दर्ज है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी उसका नाम दर्ज है। न्यूयॉर्क सिटी और दक्षिण कैरोलीना स्थित गिनीज वर्ल्ड एग्जीबिट हॉल्स में सुलिवन की दो रेंजर हैट्स प्रदर्शित की गई हैं, जिन पर बिजली गिरी थी।

7 फरवरी 1912 को जन्मे रॉय क्लेवलैंड सुलिवन अमेरिका के वर्जिनिया में शेनानदोह नैशनल पार्क में पार्क रेंजर थे। सुलिवन पर जिदगी में सात बार विभिन्न अवसरों पर बिजली गिरी, लेकिन वह हर बार बच गए। इसलिए लोग उन्हें 'ह्यूमन लाइटनिंग कंडक्टर' कहकर बुलाते थे। 28 सितंबर, 1983 को तड़के तीन बजे 71 साल की उम्र में उन्होंने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

### उस पर सात बार गिरी बिजली

- 1942: सुलिवन पर पहली बार बिजली तब गिरी जब वह फायर लुकआउट टावर में थे। बिजली उनकी टांग पर गिरी, जिसके कारण उन्हें अपने पैर के अंगूठे का नाखून गंवाना पड़ा।
- 1969: दूसरी बार उन पर बिजली उस समय गिरी जब वह एक पहाड़ी सड़क पर ट्रक ड्राइव कर रहे थे। इसके कारण वह बेहोश हो गए और उनके आईब्रो जल गए।
- 1970: जब वह घर के आंगन में बैठे थे, तब बिजली उन पर गिरी और उनका बायां कंधा जल गया।
- 1972: चौथी बार रेंजर स्टेशन में उन पर बिजली गिरी। इससे उनके बालों में आग लग गई। इसके बाद वह जहां भी जाते अपने साथ कार में पानी की बाल्टी जरूर लेकर जाते।



- 7 अगस्त, 1973: सुलिवन ड्राइव कर रहे थे, जब बादल काफी नीचे तक आ गया और कार के भीतर बैठे सुलिवन की हैट के नीचे उनके सिर पर टकराया। एक बार फिर उनके सिर के बालों में आग लग गई। सुलिवन ने अपने पास रखी बाल्टी से सिर पर पानी उंडेल कर खुद को ठंडा किया।
- 5 जून, 1976: कैंपग्राउंड में बिजली गिरने से सुलिवन का टखना जख्मी हो गया। बताया जाता है कि इस बार सुलिवन ने एक बादल देखा, जो उनके पीछे आ रहा था। उन्होंने इससे बचने की बहुत कोशिश की, पर फिर भी बिजली उन पर गिर गई।
- 25 जून, 1977: सातवीं और अंतिम बार उन पर बिजली तब गिरी, जब वह मछली पकड़ रहे थे। आग से सुलिवन की छाती व पेट जल गए, जिसके कारण उन्हें कई जख्म आए और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

### क्या है रहस्य ?

लाइटनिंग के बारे में नैशनल ज्योग्रैफिक्स फ्लैश फैक्ट्स के अनुसार तीन हजार के पीछे एक व्यक्ति पर ही जीवन में एक बार बिजली गिरने की संभावना रहती है। एक व्यक्ति पर सात बार बिजली गिरने की संभावना 22 सैप्टीलियन के पीछे एक (यानी22,000,000,000,000,000,000,000 के पीछे एक) ही है।

रॉय पर बार-बार बिजली क्यों गिरती थी, वैज्ञानिक तौर पर इसका कारण ज्ञात नहीं है। हालांकि एक अनुमान यह लगाया जाता है कि चूंकि सुलिवन को रेंजर होने के कारण ज्यादातर ऐसी जगहों पर रहना पड़ता था, जहां गरज के साथ काफी आंधियां आती थीं। इसके अलावा संभवत: वर्जिनिया का स्थानीय मौसम भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है।

### मौत बन कर गिरी बार-बार

इटली में एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों के लोगों की एक ही ढंग से और एक ही जगह पर अलग-अलग समय में मौत हुई। इटली में 1899 में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जब वह टैरेंटो शहर में अपने घर के बैकयार्ड में खड़ा था। तीस साल बाद उसके बेटे की भी बिजली गिरने से उसी तरह मौत हो गई। वह भी उस समय बैकयार्ड में उसी जगह पर खड़ा था। 8 अक्तूबर, 1949 में रोला प्रिमार्दा की भी मौत ठीक वैसे ही हुई, जैसे उसके पिता व दादा की हुई थी।

### मर कर भी चैन न मिला

फरवरी 1918 में फ्लैंडर्स के जंग के मैदान में ब्रिटिश अफसर मेजर समरफोर्ड जब लड़ाई लड़ रहे थे, तब बिजली चमकने पर घबरा कर उनके घोड़े ने उन्हें नीचे गिरा दिया, जिसके कारण कमर से नीचे का उनका शरीर लकवाग्रस्त हो गया।

रिटायरमेंट के बाद समरफोर्ड वैंकूवर चले गए। 1924 में एक दिन जब वह नदी के किनारे बैठे मछली पकड़ रहे थे, तब उस पेड़ पर बिजली गिरी, जिसके नीचे वह बैठे थे। इसके कारण उनके शरीर के दाएं हिस्से को लकवा हो गया। दो साल बाद समरफोर्ड काफी हद तक ठीक हो गए थे। अब वह स्थानीय पार्क में सैर के लिए भी जाने लगे थे। 1930 में गर्मियों के दिनों में जब वह सैर कर रहे थे, तब अचानक बिजली चमकी और उन पर गिर गई। इससे वह पूरी तरह लकवाग्रस्त हो गए। दो साल बाद उनकी मौत हो गई। बार-बार बिजली गिरने का संयोग उनकी मौत के बाद भी खत्म नहीं हुआ। उनकी मौत के चार साल बाद एक तूफान के दौरान उसी जगह बिजली गिरी, जहां उन्हें दफनाया गया था। इससे उनकी कब्र क्षतिग्रस्त हो गई।

# पल्लवी की पिकनिक




**पल्लवी** को कभी अपनी म मी से डांट सुननी पड़ती थी, कभी अपने पापा से, तो कभी अपने दादादादी से। उसे डांट पड़ने का कारण उसका आलसी तथा भुलक्कड़ स्वभाव था। वह खाना खाकर बर्तन नहीं उठाती थी। पढ़ते समय किताबें उठाना भूल जाती थी। स्कूल से आकर वह अपना बैग, जूते, जुराबें कभी कहीं रख देती थी, कभी कहीं। उसका पैन, शार्पनर, रबड़ तथा पैंसिल भी इधर- उधर बिखरे पड़े रहते थे। अक्सर उसे अपने अध्यापकों का भी क्रोध झेलना पड़ता था। कभी-कभी तो वह अपना खाना ले जाने वाला टिफन भी स्कूल में भूल आती थी। उसकी एक और बुरी आदत यह थी कि वह कोई भी काम करने से तुरंत ही इनकार कर देती थी।

उसके स्कूल में तीन छुट्टियां थीं। उसके स्कूल की ओर से उसकी क्लास के बच्चों को पिकनिक पर ले जाने का प्रोग्राम बनाया गया था। पिकनिक पर जाने से पहले बच्चों को यह बताया गया था कि कोई भी बच्चा घर से खाना नहीं लाएगा। खाना सभी बच्चे मिलकर स्वयं बनाएंगे, स्वयं परोसेंगे और अपने-अपने बर्तन भी खुद ही साफ करेंगे। पल्लवी को चिंता थी कि यदि टीचर्स ने उसे कोई काम करने के लिए कह दिया तो वह क्या करेगी, क्योंकि उसने तो कभी कोई काम किया ही नहीं था। वह पिकनिक पर जाना नहीं चाहती थी, लेकिन उसकी सहेलियों ने उसका नाम पिकनिक पर जाने वाले बच्चों में लिखवा दिया। वे पिकनिक मनाने एक पर्वतीय स्थान पर गए।

टीचर्स ने खाना बनाने तथा परोसने के लिए बच्चों को अलग-अलग काम सौंपे। किसी को पानी लाने के लिए कहा गया, किसी को आटा गूंथने के लिए। किसी को सफाई करने के लिए कहा गया, तो किसी को स ज़ी काटने और बनाने के लिए। पल्लवी को सफाई करने तथा आटा गूंथने के काम दिए गए। पल्लवी ने टीचर्स से डरते हुए इन कामों को करने के लिए हामी तो भर दी, लेकिन उसकी हालत बहुत ही दयनीय बनी हुई थी। वह ठीक ढंग से सफाई भी नहीं कर पा रही थी। उसके पसीने छूट रहे थे। आटा गूंथने से तो उसे डर लग रहा था। टीचर्स उसकी ओर देख रहे थे। कुछ समय बाद उन्होंने पल्लवी के साथ और बच्चों को लगा दिया।

पल्लवी ने अपना काम निपटा तो लिया, लेकिन बहुत मुश्किल से। वह मन ही मन सोच रही थी कि टीचर्स उसके बारे में क्या सोचते होंगे। खाना बनकर तैयार हो गया। बच्चों को बैठा कर खाना परोसा जाने लगा। पल्लवी की सहेली ने उसे खाना परोसने में उसकी सहायता करने के लिए कहा। वह खाना परोसने लगी। उसे सब्जी डालने का काम सौंपा गया। सब्जी डालते समय कभी उससे सब्जी गिर जाती तो कभी बच्चों का पानी का गिलास गिर जाता। सभी बच्चे उस पर हंस रहे थे। खाना खाने के बाद सभी बच्चों को इक्ट्ठा किया गया।

बच्चों ने मनोरजंक कार्यक्रम पेश किए। मंच संचालन की भूमिका पल्लवी ने संभाली। उसने मंच का संचालन बहुत अच्छे ढंग से किया। सभी बच्चों ने उसकी प्रशंसा की। पिकनिक से लौटते समय पल्लवी को अपनी गलतियों का अहसास हो रहा था। वह सोच रही थी कि उसके मम्मी-पापा तथा दादा-दादी उसे ठीक ही डांटते हैं। यदि उसने उनका कहना मानकर कभी घर में काम किया होता तो उसे बच्चों और टीचर्स के सामने शर्मिन्दा न होना पड़ता। उसने उस दिन से ही फैसला कर लिया कि वह भविष्य में ऐसी गलती नहीं करेगी।

# गोल्डन सिटी की सैर



**कुछ** दिन पहले तक तो बच्चो आप पढ़ाई में खूब व्यस्त थे, लेकिन अब तो ज़्यादातर बच्चों के एग्जजाम्स खत्म हो चुके हैं और उनमें से अधिकतर के तो रिजल्ट्स भी आ चुके हैं या इस हफ्ते आ जाएंगे। नई क्लासिस शुरू होने में अभी कुछ समय बाकी है, इसलिए इन दिनों जब आप पर पढ़ाई का कोई बोझ भी नहीं है, तो क्यों न आप अपने मम्मी-पापा के साथ कुछ दिन छुट्टियां बिताने के लिए किसी खूबसूरत जगह पर जाएं। आज हम आपको राजस्थान की गोल्डन सिटी जैसलमेर के पर्यटक स्थलों के बारे में बता रहे हैं।

रेत के ऊंचे-नीचे टीलों पर हवा से बनी लहरें और दूर तक फैली रेत पर चलते ऊंटों के काफिले, मरुभूमि के ऐसे दृश्य हमें फिल्मों में नजर आते हैं। राजस्थान के बहुत बड़े भाग में फैले थार रेगिस्तान में ऐसे कई ठिकाने हैं, जहां आप डेजर्ट के खूबसूरत नजारों का मजा उठा सकते हैं। इन स्थानों की रेतीली धरती पर रेत के विशालकाय टीले दिखाई देते हैं। इन्हें सैंड-ड्यूंस यानी रेत के टिब्बे या रेत के धोरे कहा जाता है।

सुनहरी रेत के असीमित संसार को देखना हो, तो जैसलमेर से बेहतर कोई सैरगाह नहीं है। राव जैसल द्वारा स्थापित यह ऐतिहासिक शहर देश-विदेश के सैलानियों का पसंदीदा पर्यटन स्थल है। गोल्डन सिटी के नाम से प्रसिद्ध जैसलमेर में देखने के लिए एक विशाल किला, सुंदर हवेलियां और शहर से कुछ दूर स्थित सैंड ड्यूंस हैं।

पीले पत्थरों से बने जैसलमेर फोर्ट को सोनार किला कहा जाता है। करीब 80 मीटर ऊंची त्रिकूट पहाड़ी पर स्थित यह किला विशाल परकोटे से घिरा है। इस परकोटे में 99 बुर्ज बने हैं। किले में प्रवेश के लिए चार द्वार हैं। सोनार किले के अंदर कुछ सुंदर महल भी दर्शनीय हैं। राज परिवार के सुंदर महलों के अलावा यहां आम लोगों के घर भी हैं। कहते हैं शत्रु से जनता की रक्षा के लिए राजाओं ने पूरे शहर को किले की चारदीवारी में ही बसाया था।

इस शहर में भव्य हवेलियां भी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। 19वीं शताब्दी में समृद्ध व्यवसायियों द्वारा बनवाई गई ये हवेलियां छोटे वास्तुशिल्प में कला का समावेश करने के उस दौर का अद्भुत उदाहरण हैं। इनमें सबसे आकर्षक पटवों की हवेली है। यह सात मंजिली पांच हवेलियों का समूह है।

जैसलमेर की गडीसर झील में बोटिंग का आनंद लिया जा सकता है। वैसे सैलानियों के लिए यहां सबसे बड़ा आकर्षण शहर से 42 किमी दूर स्थित सम सैंड ड्यूंस हैं। वहां तक आप जीप से पहुंच सकते हैं, फिर सामने रेत ही रेत होगी। चाहे आप रेत पर पैदल घूमें या फिर ऊंट पर बैठ रेत के धोरों के मध्य घूमने निकल पड़ें। रेत के इस समंदर में घूमना आपको रोमांचक लगेगा।

शाम के समय मरुटीलों के पीछे छिपते सूर्य का दृश्य आपका मन मोह लेगा। इसके अलावा लोद्रवा, कनोई, कुलधारा आदि गांवों के समीप भी रेत के टीले देखे जा सकते हैं।

# संघर्ष ही जीवन है

**वनस्पति** अध्यापक अपने छात्रों को पढ़ा रहे थे कि एक कैटरपिलर किस तरह तितली में बदल जाता है। उन्होंने छात्रों को बताया कि अगले कुछ घंटों में तितली कोकून से बाहर निकलने के लिए छटपटाएगी, लेकिन उन्होंने कहा कि तितली को बाहर निकलने में कोई मदद न करे। इतना कहकर वह बाहर चले गए।

तितली कोकून ने बाहर निकलने के लिए छटपटाने लगी। यह देखकर एक बच्चे को बड़ी दया आई। अपने अध्यापक की बात की परवाह किए बगैर, उसने कोकून तोड़कर तितली को बाहर निकलने में मदद की, जिससे तितली को संघर्ष नहीं करना पड़ा और वह आसानी से बाहर निकल आई, लेकिन थोड़ी देर में तितली मर गई।

अध्यापक वापस आए और पूरा माजरा समझ गए। उन्होंने बच्चे को समझाया कि उसने तितली की मदद करने की बजाय उसे मार दिया, क्योंकि कुदरत का यह उसूल है कि कोकून से बाहर आने में जो संघर्ष तितली करती है, वही उसके पंखों को मजबूत बनाता है। बच्चे ने उसका संघर्ष छीन लिया, इसलिए तितली मर गई।

इसी सिद्धांत को हमें अपने जीवन पर भी लागू करना चाहिए। बिना संघर्ष के जीवन में कुछ भी महत्वपूर्ण हासिल नहीं होता है।



## हम बताएं, आप बनाएं



# कागज से नहीं बनते नोट




**करंसी** नोट्स साधारण कागज से नहीं बनाए जाते। इन्हें बनाने में विशेष तरह की कॉटन व लिनेन का इस्तेमाल किया जाता है।

# चैत्र नवरात्रि का छठा दिन माता कात्यायनी को है समर्पित

## सिद्धि प्राप्त के लिए करें इस मंत्र का जाप



**इस वर्ष 9 अप्रैल से शुरू हुए चैत्र नवरात्रि में 14 अप्रैल रविवार को माता के मां कात्यायनी रूप की पूजा होगी। ऋषि कात्यायन की पुत्री होने के कारण माता को कात्यायनी नाम मिला है। माता के रूप की पूजा अर्चना से विवाह संबंधी रुकावट दूर होने के साथ-साथ सिद्धि की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं माता के कात्यायनी स्वरूप, पूजा विधि और मंत्र।**

### मां कात्यायनी का स्वरूप

स्वर्ण आभा से दमकती कात्यायनी स्वरूप में माता चार भुजाधारी हैं। माता का यह रूप शस्त्र धारण करने वाला है। शेर पर सवार माता बाएं भुजाओं में कमल और खड्ग धारण करती हैं और दाएं भुजाएं स्वास्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा में हैं। माता ने इसी रूप में राक्षसराज महिषासुर का संहार किया था। दानवों, पापियों और असुरों का नाश करने के कारण माता को महिसासुरमर्दिनी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार, ऋषि कात्यायन की पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण माता को कात्यायनी का नाम मिला है।

### मां कात्यायनी की पूजा विधि

चैत्र नवरात्रि के छठे दिन माता के कात्यायनी रूप की पूजा करने के लिए सुबह स्नान करने के बाद पीले वस्त्र धारण कर हाथों के लाल पुष्प लेकर माता का आह्वान करें। मंदिर या पूजा स्थल को गंगाजल से पवित्र कर पूजा विधि शुरू करें। माता को पुष्प, गंध, रोली अक्षत, कुमकुम अर्पित करें। माता के इस रूप को श्रृंगार की वस्तुएं चढ़ानी चाहिए। इसके लिए लाल रंग की चुनरी, सिंदूर, बिंदी, लाल चूड़ियां माता को चढ़ाएं। आरती करें और देसी घी के दीपक जलाएं। पूजा के दौरान ऊं देवी कात्यायन्यै नम: का जाप करें।

### विवाह के लिए माता की पूजा

माता के इस रूप की पूजा से विवाह में आ रही परेशानियों से मुक्ति मिलती है। शीघ्र विवाह के योग बनते हैं। नवविवाहितों के जीवन में आ रही अड़चने दूर होती हैं।

# त्रेता युग का साक्षी रह चुका बागपत का मंशा देवी मंदिर





उत्तर प्रदेश में बागपत के खेकड़ा क्षेत्र में बड़ागांव स्थित मां मंशा देवी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था व अटूट श्रद्धा का केंद्र है। यह मंदिर अपने आप में त्रेता युग की स्मृति संजोए हुए हैं।

यहां वर्ष में दो बार नवरात्रि के दिनों में मेला भी लगता है। मंदिर में दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और हरियाणा समेत कई प्रदेशों से भी श्रद्धालु लोग आते हैं और मां के आगे अपनी झोली फैलाते हैं। कहते हैं कि मां उनकी मनोकामना पूरी करती है।

प्राचीन मां मंशा देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष राजपाल त्यागी बताते है कि यह मंदिर त्रेता युग का गवाह रह चुका है। यहां विराजमान मां मंशा देवी की मूर्ति लंकाधिपति रावण हिमालय से लेकर आया था, मां के चमत्कार को रावण ने जाना तो उसने उसको लंका ले जाने के लिए घोर तप किया। मां ने रावण की तपस्या से प्रसन्न होकर उसके साथ चलने के लिए हां कर दी। लेकिन कहा था, अगर तुमने रास्ते में मुझे कहीं रखा तो मैं वहीं स्थापित हो जाऊंगी। रावण मां को लेकर लंका के लिए चल पड़ा। रास्ते में वह मां का तेज और भार सहन नहीं कर पाया और बड़ागांव में मूर्ति को पृथ्वी पर रख दिया। तब से मां बड़ागांव के मंदिर में विराजमान हैं।

कहते हैं रावण मां को यहां छोड़कर लंका लौट गया। तब से इस गांव का नाम रावण उर्फ बड़ागांव पड़ गया। हालांकि, उस मूर्ति के खंडित होने के बाद उसके स्थान पर अब करीब 250 साल पुरानी मूर्ति रखी हुई है। इतना ही नहीं भगवान विष्णु की खड़ी प्रतिमा भी इसी मंदिर में देखने को मिलती है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष राजपाल सिंह त्यागी, प्रवीण कुमार त्यागी आदि ग्रामीण बताते हैं कि मंदिर का जीर्णोद्धार बड़ागांव निवासी लक्ष्मणदास जैन सेठ ने कराया था। बताया जाता है किसी जुर्म में सेठ को अंग्रेजों ने तोप से उड़ाने की तैयारी की थी, मगर देवी का कोई बाल रूप उनके सामने आ जाता था। तीन बार प्रयास के बाद भी सेठ तोप से बच गए थे। उसी समय उनकी सजा माफ कर दी गई थी। इसके बाद उन्होंने यहां भव्य मंदिर बनवाया था। मंदिर में दशावतार के रूप में भगवान विष्णु, मंशा देवी, राम दरबार, शिव परिवार, हनुमान, भैरव, राधा-कृष्ण की मूर्तियां भी स्थापित हैं। नवरात्र के दिनों में यहां विशाल मेला लगता है। कस्बा खेकड़ा से मात्र पांच किमी दूर बड़ागांव के प्रवेश मार्ग पर ही स्थित मंदिर को देखकर हर किसी का मन भक्तिमय हो जाता है। मान्यता है कि जो श्रद्धालु यहां आकर सच्चे मन से मन्नत मांगता है। देवी मां उनकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करती हैं।

# चूड़धार मंदिर के चार माह बाद खुले कपाट, यात्रा प्रारंभ



हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में 11 हजार 965 फीट की ऊंचाई पर स्थित चूड़धार मंदिर के कपाट शनिवार से भक्तों के लिए खुल गए हैं। इसके साथ ही सर्दियों में करीब चार महीने बंद रहने के बाद चूड़धार की यात्रा आज से प्रसाशनिक तौर एक बार फिर शुरू हो चुकी है।

आज वैशाखी की संक्रांति होने के चलते बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु यहाँ पहुंचे है। बता दें कि हर साल देवता शिरगुल महाराज की तपोस्थली कही जाने वाली चूड़धार चोटी की यात्रा पर दिसंबर माह में आधिकारिक रूप से प्रतिबंध लग जाता है। दिसंबर महीने में चूड़धार में अत्यधिक बर्फबारी के चलते जहां पारा माइनस से नीचे रहता है, वहीं चूड़धार के रास्तों पर यात्रा में अत्यधिक जोखिम रहता है। जिसके बाद अप्रैल माह में वैशाखी की संक्रांति पर मंदिर के कपाट विधिपूर्वक पूजा-पाठ के साथ खुल जाते हैं।

उधर, बेशक चूड़धार मंदिर के कपाट आज से खुल गए है, लेकिन अभी भी सभी रास्तों में भारी बर्फ जमी हुई है। इसलिए यात्रा जोखिमपूर्ण है। वहीं, प्रशासन ने अपील की है कि यात्री संभलकर यात्रा करें।

# श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं थावे दुर्गा मंदिर में होती हैं पूरी



बिहार में गोपालगंज जिले के थावे दुर्गा मंदिर में सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती है। गोपालगंज के सुप्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर दो तरफ से जंगलों से घिरा है और इस मंदिर का गर्भगृह काफी पुराना है। इस मंदिर में नेपाल, उत्तर प्रदेश, बिहार के कई जिले से श्रद्धालु पूजा-अर्चना एवं दर्शन करने आते हैं। वैसे यहां सालों भर भक्तों की कतार लगी रहती है, लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्र में पूजा करने का विशेष महत्व है। नवरात्रि के नौ दिनो में यहां विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र में यहां खास मेला भी लगाया जाता है। इसके अलावा इस मंदिर में सोमवार और शुक्रवार को विशेष पूजा होती है।

सावन के महीने में भी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस मंदिर को लोग थावे वाली माता का मंदिर, सिंहासिनी भवानी के नाम से भी जानते हैं। यहां नवरात्र में पशुबलि देने की भी परम्परा है। लोग मां के दरबार में खाली हाथ आते हैं लेकिन मां के आशीर्वाद से भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। थावे दुर्गा मंदिर को सिद्धपीठ माना जाता है।

थावे दुर्गा मंदिर की स्थापना की कहानी काफी रोचक है। चेरो वंश के राजा मनन सिंह खुद को मां दुर्गा का बड़ा भक्त मानते थे, तभी अचानक उस राजा के राज्य में अकाल पड़ गया। उसी दौरान थावे में माता रानी का एक भक्त रहषु था। रहषु के द्वारा पटेर को बाघ से दौनी करने पर चावल निकलने लगा। यही वजह थी कि वहां के लोगों को खाने के लिए अनाज मिलने लगा। यह बात राजा तक पहुंची लेकिन राजा को इस बात पर विश्वास नहीं हो रहा था। राजा रहषु के विरोध में हो गया और उसे ढोंगी कहने लगा और उसने रहषु से कहा कि मां को यहां बुलाओ। इस पर रहषु ने राजा से कहा कि यदि मां यहां आईं तो राज्य को बर्बाद कर देंगी लेकिन राजा नहीं माना। रहषु भगत के आह्वान पर देवी मां कामाख्या से चलकर पटना और सारण के आमी होते हुए गोपालगंज के थावे पहुंची। राजा के सभी भवन गिर गए। इसके बाद राजा मर गया। एक अन्य मान्यता के अनुसार, हथुआ के राजा युवराज शाही बहादुर ने वर्ष 1714 में थावे दुर्गा मंदिर की स्थापना उस समय की जब वे चंपारण के जमींदार काबुल मोहम्मद बड़हरिया से दसवीं बार लड़ाई हारने के बाद फौज सहित हथुआ वापस लौट रहे थे। इसी दौरान थावे जंगल मे एक विशाल वृक्ष के नीचे पड़ाव डाल कर आराम करने के समय उन्हें अचानक स्वप्न में मां दुर्गा दिखीं। स्वप्न में आये तथ्यों के अनुरूप राजा ने काबुल मोहम्मद बड़हरिया पर आक्रमण कर विजय हासिल की और कल्याण पुर, हुसेपुर, सेल-ारी, भेलारी, तुरकहा और भुरकाहा को अपने राज के अधीन कर लिया। विजय हासिल करने के बाद उस वृक्ष के चार कदम उत्तर दिशा में राजा ने खुदाई कराई, जहां दस फुट नीचे वन दुर्गा की प्रतिमा मिली और वहीं मंदिर की स्थापना की गई।

# रामनवमी पर भगवान रामलला का सूर्यतिलक, परीक्षण सफल



रामनवमी के दिन वैज्ञानिक दर्पण के जरिए सूर्य की किरण को भगवान रामलला के मस्तक पर पहुंचाएंगे। इस दौरान सूर्य की किरण लगभग 4 मिनट तक रामलला के ललाट की शोभा बढ़ाएगा। जिसका शुक्रवार को पूर्वाभ्यास हुआ और प्रयोग पूर्ण रूप से सफल रहा। वैज्ञानिकों ने सफल परीक्षण के बाद यह स्पष्ट कर दिया कि भगवान रामलला का तिलक सूर्यदेव इस बार ही रामनवमी के मौके पर करेंगे। पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि मंदिर पूर्ण होने के बाद ही यह प्रयोग सफल हो सकेगा, लेकिन वैज्ञानिकों ने सूर्य की किरण को शुक्रवार को भगवान रामलला के मस्तक तक सफलतापूर्वक पहुंचाया।

श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने जानकारी दी कि सूर्य के तिलक का सफल परीक्षण पूरा कर लिया गया है। वैज्ञानिकों ने जिस तरह से प्रयास किया है, वह बहुत सराहनीय और वह बहुत अद्भुत है, क्योंकि सूर्य की किरणें भगवान रामलला के ठीक ललाट पर पड़ी है। जैसे ही सूर्य की किरणें प्रभु राम के माथे पर पड़ी, वैसे ही पता चल रहा है कि भगवान सूर्य उदय कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इतना ही नहीं, त्रेता युग में भी जब प्रभु राम ने अवतार लिया था तो उस दौरान सूर्य देव एक महीने तक अयोध्या में रुके थे। त्रेता युग का वह दृश्य अब कलयुग में भी साकार हो रहा है। जब हम प्रभु राम का आरती उतार रहे थे और सूर्य देव उनके माथे पर राजतिलक कर रहे थे तो वह दृश्य बहुत अद्भुत दिख रहा था।




इटावा में चंबल के बीहड़ों में स्थित महाभारत कालीन सभ्यता से जुडे मां काली के मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां महाभारत का अमर पात्र अश्वत्थामा अदृश्य रूप में सबसे पहले पूजा करते हैं।

कालीवाहन नामक यह मंदिर इटावा मुख्यालय से मात्र पांच किलोमीटर दूर यमुना नदी के किनारे स्थित है। नवरात्र पर इस मंदिर में दूरदराज से बड़ी तादाद में श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के इरादे से यहां आकर मां काली के चरणों में अपना शीश नवाते हैं।

कालीवाहन मंदिर के करीब 40 साल से अधिक समय तक मुख्य साधक रहे राधेश्याम द्विवेदी के बेटे विवेक द्विवेदी बताते है कि दूरदराज के क्षेत्रों में ख्यातिप्राप्त इस अति प्राचीन मंदिर का एक अलग महत्व है। नवरात्र के दिनों में तो इस मंदिर की महत्ता अपने आप में खास बन पड़ती है।

उन्होने बताया कि उनके पिता करीब 40 साल तक इस मंदिर के मुख्य साधक के रूप रहे है लेकिन आज तक इस बात का पता नहीं लग सका है कि रात के अंधेरे में जब मंदिर को धोकर साफ कर दिया जाता है, इसके बावजूद तड़के जब गर्भगृह खोला जाता है उस समय मंदिर के भीतर ताजे फूल मिलते है जो इस बात को साबित करता है कोई अदृश्य रूप में आकर पूजा करता है। अदृश्य रूप में पूजा करने वाले के बारे में ऐसा कहा जाता है कि महाभारत के अमर पात्र अश्वत्थामा सबसे पहले अदृश्य रूप में मंदिर में पूजा करने के लिए आते है।

मंदिर की महत्ता के बारे में चौधरी चरण सिंह पोस्ट डिग्री कालेज के प्राचार्य और नामी इतिहासकार डॉ. शैलेंद्र शर्मा का कहना है कि इतिहास में कोई भी घटना तब तक प्रामाणिक नहीं मानी जा सकती जब तक कि उसके पक्ष में पुरातात्विक, साहित्यिक, ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध न हो जाएं लेकिन जनश्रुतियों के अनुसार कतिपय बातें समाज में प्रचलित हो जातीं हैं। महाभारत ऐतिहासिक ग्रंथ है, उसके पात्र अश्वत्थामा का इटावा में काली मंदिर में आकर पूजा करने का कोई प्रत्यक्ष ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है लेकिन जनश्रुतियों के आधार पर ऐसा कहा जा रहा है कि महाभारत का अमर पात्र अश्वत्थामा अदृश्य रूप में काली वाहन मंदिर में सबसे पहले श्रद्धालु बनाकर के पूजा करने के लिए आता है। सालो से यह कथाएं और कहानी अश्वत्थामा को लेकर के चल रही है तो जाहिर है कि लोग उन पर यकीन भी कर रहे है।

पुलिस सेवा से मुक्त हो चुके पुलिस अधिकारी रामनाथ सिंह यादव बताते है कि उन्होंने अपने पुलिस सेवा काल के दौरान काली वाहन मंदिर से जुड़े हुए कई ऐसे संस्मरण भी सुने हैं जो चंबल के कुख्यात डाकुओं से कहीं ना कहीं ताल्लुक रखते हैं। गुपचुप तरीके से डाकू झंडे और घंटे चढ़कर के गए लेकिन जब उनके नाम तस्दीक हुए तब इस बात की पुष्टि हुई कि चंबल का यह कुख्यात डाकू अपने गैंग के साथ आकर के इस मंदिर में घंटे और झंडे चढ़कर के चला गया है। इस मंदिर से डाकुओ से इतना लगाव रहा है कि वो अपने गैंग के डाकुओ के साथ आकर पूजा अर्चना करने मे पुलिस की चौकसी के बावजूद कामयाब हुये लेकिन इस बात की पुष्टि तब हुई जब मंदिर मे डाकुओ के नाम के घंटे और झंडे चढे हुये देखे गये। काली वाहन मंदिर शक्ति मत में दुर्गा-पूजा के प्राचीनतम स्वरूप की अभिव्यक्ति है। इटावा के गजेटियर में इसे काली भवन का नाम दिया गया है। यमुना के तट के निकट स्थित यह मंदिर देवी भक्तों का प्रमुख केन्द्र है। इष्टम अर्थात शैव क्षेत्र होने के कारण इटावा में शिव मंदिरों के साथ दुर्गा के मंदिर भी बड़ी सख्या में हैं। महाकाली, महालक्ष्मी व महासरस्वती की प्रतिमायें है, इस मंदिर में स्थित मूर्ति शिल्प 10 वीं से बारहवीं शताब्दी के मध्य का है।

वर्तमान मंदिर का निर्माण बीसवीं शताब्दी की देन है। मंदिर में देवी की तीन मूर्तियाँ है- महाकाली, महालक्ष्मी तथा महासरस्वती । महाकाली का पूजन शक्ति धर्म के आरंभिक रूवरूप की देन है। मार्कण्डेय पुराण एवं अन्य पौराणिक कथानकों के अनुसार दुर्गा जी प्रारम्भ में काली थी। एक बार वे भगवान शिव के साथ आलिगंनबद्ध थीं, तो शिवजी ने परिहास करते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे श्वेत चंदन वृक्ष में काली नागिन लिपटी हुई हो। पार्वती जी को क्रोध आ गया और उन्होंने तपस्या के द्वारा गौर वर्ण प्राप्त किया। महाभारत में उल्लेख है कि दुर्गाजी ने जब महिषासुर तथा शुम्भ-निशुम्भ का वध कर दिया, तो उन्हें काली, कराली, काल्यानी आदि नामों से भी पुकारा जाने लगा। कालीवाहन मंदिर काफी पहले से सिनेमाई निर्देशको के आकर्षण का केंद्र बना रहा है। डाकुओ पर बनी कई फिल्मो की शूटिंग इस मंदिर परिसर मे हो चुकी है। सिनेमाई निर्माता निर्देशक ऐसा मान करके चलते हैं कि इस मंदिर में शूटिंग करने के बाद फिल्म को खासी लोकप्रियता हासिल हो सकती है और इसीलिए वह यहां आकर के फिल्म का कुछ ना कुछ हिस्सा जरूर शूट करते हैं।

# श्रेयस तलपड़े की लव यू शंकर का ट्रेलर जारी चार भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म




श्रेयस तलपड़े-तनीषा मुखर्जी की फिल्म लव यू शंकरळ 19 अप्रैल, 2024 को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म को राजीव एस। रुइया ने निर्देशित है जबकि सुनीता देसाई ने इसे प्रोड्यूसर किया है। यह फिल्म एसडी वर्ल्ड फिल्म्स प्रोडक्शन और विसिकाफिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले रिलीज हो। फिल्म रिलीज से पहले आज मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दर्शकों को एक्साइटेड कर दिया है।पवित्र शहर बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक आठ वर्षीय लड़के और भगवान शिव के बीच के बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर की शुरुआत श्रेयस और छोटे लड़के के परिचय से होती है। जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ता है,तो आप देख सकते हैं कि उनकी और भगवान शंकर की दोस्ती कैसे बढ़ती गई। फिल्म का ट्रेलर काफी प्यारा लग रहा है।आने वाली फिल्म के लिए एक्टर श्रेयस तलपड़े काफी एक्साइटेड हैं। उन्होंने फिल्म को लेकर कहा, लव यू शंकर ़का हिस्सा बनना अद्भुत था। यह एक ऐसी कहानी है जो आपको मुस्कुराएगी और जीवन के आश्चर्यों के बारे में सोचने पर मजबूर कर देगी। इस तरह की फिल्म वास्तव में दिलों को छू सकती है। फिल्म देखने वालों की संख्या इसे और भी खास बनाती है और मैं इस खूबसूरत फिल्म के साथ अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं।वहीं एक्ट्रेस तनीषा मुखर्जी का कहना है कि मुझे इस विशेष फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लगा। यह एक खूबसूरत कहानी है जो आपके दिल को छू जाती है और आपको किसी बड़ी चीज़ पर विश्वास करने पर मजबूर कर देती है। हमारे प्यारे छोटे भगवान शिव निश्चित रूप से आपको मुस्कुरा देंगे।बता दें कि यह फिल्म 19 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी।

# पूजा भट्ट के साथ 28 साल पहले शाहरुख खान ने यूं शूट किया था रोमंटिक सीन

## दिल है कि वीडियो देखने से मानता नहीं



शाहरुख खान को यूं हीं नहीं रोमांस का किंग कहा जाता है। एक्टर का रोमांस देखकर हर कोई उन्हें देखते हुए खो जाता है। शाहरुख खान ने अपने फिल्मी करियर में कई रोमांटिक फिल्मों में काम किया है। उन्होंने जिस भी एक्ट्रेस के साथ फिल्म में रोमांस किया है फैंस को हमेशा वो पसंद आया है। शाहरुख खान ने पूजा भट्ट के साथ फिल्म चाहत में काम किया था। ये फिल्म हिट साबित हुई थी। फिल्म में शाहरुख और पूजा की केमिस्ट्री को बहुत पसंद किया गया था। इस फिल्म का एक गाना फैंस को बहुत पसंद आया था। इस गाने के शूट का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

**गाने की शूटिंग का वीडियो हुआ वायरल**

चाहत फिल्म साल 1996 में आई थीं। फिल्म में शाहरुख खान के साथ पूजा भट्ट, राम्या कृष्णन, नसीरुद्दीन शाह अहम किरदार निभाते नजर आए थे। इस फिल्म को महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। चाहत हिट साबित हुई थी और शाहरुख-पूजा की जोड़ी भी।

शूटिंग में शाहरुख खान पूजा भट्ट के साथ रोमांस करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने उनका दुपट्टा पकड़ा हुआ है। जिसके बाद वो उनके पास जाकर उन्हें एक फूल देते हैं और वो फूल लेकर पूजा वहां से भाग जाती हैं। वीडियो में पूजा येलो कलर के सूट में बहुत प्यारी लग रही हैं। वहीं शाहरुख के लुक की बात करें तो उन्होंने व्हाइट कुर्ता-पजामा के साथ जैकेट पहनी हुई है। जिसमें वो काफी क्यूट लग रहे हैं।

# मनीषा रानी को नहीं मिली झलक दिखला जा 11 की प्राइज मनी !

## चाय की दुकान खोलने का है प्लान!



इंडियन रियलिटी शोज की पॉपुलर सेलिब्रिटी मनीषा रानी लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। मनीषा रानी ने अपनी अदाओं से फैंस को दीवाना बनाया हुआ है। मनीषा रानी पहले 'बिग बॉस ओटीटी 2' में नजर आई थीं। इसके बाद मनीषा रानी ने डासिंग रियलिटी शो 'झलक दिखाला जा 11' में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री ली और शो की ट्रॉफी अपने नाम की। हालांकि, मनीषा रानी ने हाल ही में एक व्लॉग शेयर कर चौंकाने वाला खुलासा किया है। दरअसल, मनीषा रानी का कहना है कि उन्हें शो 'झलक दिखाला जा 11' की प्राइज मनी नहीं मिली है। आइए जानते हैं कि आखिर पूरा माजरा क्या है।

**मनीषा रानी का व्लॉग हो रहा वायरल**

मनीषा रानी ने अपने व्लॉग से फैंस को अपने से जुड़ी जानकारी देती रहती हैं। अब मनीषा रानी ने एक व्लॉग शेयर किया है जिसमें वह अपने दोस्त महेश केशवाला से बात कर रही है। महेश केशवाला को ठगेश के नाम से भी जाना जाता है। मनीषा रानी और महेश केशवाला मजाकिया लहजे में एक चाय की दुकान खोलने की बात कर रहे हैं। मनीषा रानी कहती हैं, 'चाय की ठगेश चलाएगा।' महेश केशवाल कहते हैं, 'मनीषा रानी ने 'झलक दिखाला जा 11' जीता है तो इसे उन्हें ही खोलना चाहिए।' इस पर मनीषा रानी कहती, 'उन्हें 'झलक दिखाला जा 11' की विनिंग प्राइज मनी नहीं मिली है।' उन्होंने आगे कहा, 'वो लोग आधा काट लेंगे।'

**मनीषा रानी ने जीती थी 30 लाख रुपये की प्राइज मनी**

गौरतलब है कि शो 'झलक दिखला जा 11' का फिनाले मार्च में हुआ था। शो के फिनाले में पांच फाइनलिस्ट में मनीषा रानी, शोएब इब्राहिम, अद्रिजा सिन्हा, श्रीराम चंद्रा और धनश्री वर्मा ने जगह बनाई थी। मनीषा रानी ने शोएब इब्राहिम और अद्रिजा सिन्हा को हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया है और उन्हें 30 लाख रुपये की प्राइज मनी मिली थी। बताते चलें कि मनीषा रानी सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं और आए दिन अपने फोटोज और वीडियोज फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं।

# केट शर्मा का कर्वी फिगर देख लट्टू हुए फैंस

एक्ट्रेस केट शर्मा का बोल्ड अंदाज सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर है। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली केट शर्मा ने एक बार फिर अपनी दिलकश अदाओं से फैंस को दीवाना बनाया हुआ है। केट शर्मा ने लेटेस्ट तस्वीरों अपने कर्वी फिगर से फैंस का ध्यान खींचा है। केट शर्मा की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है जिन पर फैंस प्यार लुटा रहे हैं। इसके साथ ही फैंस अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की फोटोज पर प्यारे कमेंट भी कर रहे हैं।केट शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में केट शर्मा बोल्ड अंदाज दिखाते हुए नजर आ रही हैं। केट शर्मा ने क्रॉप-टॉप के साथ शॉर्ट्स पहना हुआ है। केट शर्मा कैमरे की तरफ देखकर कातिलाना पोज दे रही हैं।केट शर्मा ने लेटेस्ट फोटोज में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। केट शर्मा का ये अंदाज फैंस को पसंद आ रहा है।

केट शर्मा की नई तस्वीरों को फैंस पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही फैंस केट शर्मा को लेकर प्यार कमेंट कर रहे हैं।केट शर्मा की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। केट शर्मा की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।केट शर्मा ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान हाथों में फूलों का गुच्छा पकड़ा हुआ है। इससे केट शर्मा का फोटोशूट और भी ज्यादा खूबसूरत हो गया।



# पौराणिक शो की भव्यता मुझे आकर्षित करती है : शिव्या पठानिया

शो लक्ष्मी नारायण में मुख्य भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस शिव्या पठानिया ने शो में अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें पौराणिक शो की भव्यता और धार्मिकता आकर्षित करती है।शिव्या इससे पहले राम सिया के लव कुश में सीता और बाल शिव-महादेव की अनदेखी गाथा में देवी पार्वती का किरदार निभा चुकी हैं। आने वाले शो लक्ष्मी नारायण में वह लक्ष्मी का किरदार निभाएंगी।पौराणिक भूमिकाओं में उन्हें क्या आकर्षित करता है, इस बारे शिव्या ने बताया, भव्यता और धार्मिकता के साथ शो अपने दर्शकों को जो नैतिक मूल्य प्रदान करते हैं, वह मुझे सबसे अधिक आकर्षित करते है।दोनों भूमिकाओं में भिन्नता के बारे में बात करते हुए, शिव्या ने कहा, विक्रम बेताल एक नैतिक कहानी थी, इसलिए यह एक संपूर्ण शो नहीं था, कि कैसे लक्ष्मी नारायण अस्तित्व में आए और उन्होंने देवताओं के रूप में अपनी भूमिका निभाई और यह उनकी अनकही प्रेम कहानी के बारे में नहीं था।उन्होंने कहा, स्वास्तिक प्रोडक्शंस का शो लक्ष्मी नारायण उनके अस्तित्व से लेकर अनकही प्रेम कहानी तक की यात्रा के मामले में बेहद अलग है जिसे अभी तक खोजा नहीं गया है। इसके अलावा शो में हमारे पास सिद्धार्थ कुमार तिवारी भी है। स्वास्तिक प्रोडक्शंस के साथ काम करना अपने आप में एक आशीर्वाद है।शिव्या देवी लक्ष्मी के दर्शन और कहानी से मोहित हो गई।दिल ढूंढता है की एक्ट्रेस ने कहा, मैंने देवताओं के बारे में जो कुछ भी जाना है, यह उससे बहुत अलग था। इसलिए, इसी ने मुझे शो की ओर आकर्षित किया।तैयारियों के बारे में बात करते हुए शिव्या ने कहा, सच कहूं तो सब कुछ बहुत तेजी से हुआ। लेकिन किरदार के बारे में मेरी कोई पूर्व धारणा नहीं है। मैं इसे उस कहानी और ग्रंथों के साथ जी रही हूं।यह शो जल्द ही कलर्स पर प्रसारित होगा।







# गुकेश की पहली हार, शीर्ष स्थान से फिसले प्रगनानंदा ने शीर्ष वरीय कारुआना से ड्रॉ खेला

टोरंटो (कनाडा),13 अप्रैल (एजेंसियां)।

**डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ अच्छी स्थिति में होने के बावजूद मात सहनी पड़ी। इस हार के बाद गुकेश (4) को संयुक्त शीर्ष स्थान भी गंवाना पड़ा।**

अब वह आर प्रगनानंदा और फैबियानो कारुआना के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रगनानंदा (4) और शीर्ष वरीय कारुआना (4) ने सातवें दौर की बाजी ड्रॉ खेली। विदित गुजराती (3.5) का भी अजरबैजान के निजात एबासोव (2) से मुकाबला बराबरी पर छूटा। रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। चीन की झोंगयी तान (5) ने रूस की अलेक्जेंडर गोर्याचकिना (4.5) से ड्रॉ खेल महिला वर्ग में अपनी बढ़त को कायम रखा है।

### टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त

सात दौर के बाद टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त हो चुका है। अब अगले सात दौर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले का फैसला होगा। टूर्नामेंट में पहली बार चीजें गुकेश की योजनाओं के अनुसार नहीं चलीं। मध्य खेल तक गुकेश अच्छी स्थिति में थे, लेकिन उन्हें गैरजरूरी जटिलताओं को अपनाना महंगा पड़ा। वह बुरी तरह समय के फेर में फंस गए थे। प्रगनानंदा ने 41 चालों में फ्रेंच रक्षण का सहारा लेते हुए कारुआना से ड्रॉ खेला। गुजराती भी मध्य खेल में मजबूत स्थिति में थे, लेकिन एबासोव ने खेल के अंत में मजबूत रक्षण का परिचय देकर ड्रॉ खेला।

### हंपी ने 40 चालों में ड्रॉ खेला

वैशाली और हंपी दोनों सबसे निचले स्थान पर हैं। ऐसे में उनकी टूर्नामेंट में वापसी की उम्मीदें लगभग समाप्त हो चुकी हैं। वैशाली टिंगजी से 36 चालों में हारीं। वहीं काले मोहरों से खेल रहीं हंपी और मुजिशुक का मुकाबला 40 चालों में बराबरी पर छूटा। टूर्नामेंट का दूसरा विश्राम दिवस है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारतीय तीरंदाजों ने देखा नया संसद भवन, साझा किए अनुभव, पेरिस में सफल अभियान की जताई आशा



**नई दिल्ली ।** तुषार शेल्के, पार्थ सालुके, प्रथमेश जवाकर और सिमरनजीत कौर जैसे शीर्ष भारतीय तीरंदाजों ने नई दिल्ली में नई संसद भवन का दौरा किया। इस दौरान इन तीरंदाजों ने अंदर से भारतीय लोकतंत्र के मंदिर को देखा और अपने अनुभव साझा किए। इस साल जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक का आयोजन भी होना है और ये तीरंदाज इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। नया संसद भवन देख गदगद हुए भारतीय तीरंदाज नया संसद भवन देखने के बाद पार्थ ने कहा, मैं यहां पहली बार आया। यह बील्डिंग काफी भव्य है और काफी बेहतरीन दिख रही है। वहीं, प्रथमेश ने इसे विशेष अनुभव बताया और कहा, हमने लोकसभा और राज्यसभा के नए हॉल को देखा। यह बहुत बड़ी इमारत है। 19वें एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष रिकर्व टीम का हिस्सा रहे तुषार ने कहा, यह अच्छा अनुभव था क्योंकि अबतक हमने इसे टीवी पर ही देखा था। हमने दोनों सदनों को देखा। यहां बैठने की व्यवस्था काफी अच्छी है। पेरिस ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं तुषार तुषार ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों को लेकर कहा कि वह इन खेलों में भारत के अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं और उन्हें उम्मीद है कि भारत पिछले बार की तुलना में ज्यादा पदक जीतेगा। तुषार ने कहा, पेरिस ओलंपिक भारत के लिए अच्छा रहेगा। भारत पिछली बार की तुलना में पेरिस ओलंपिक में अधिक पदक जीतेगा। वहीं, सिमरनजीत को भी उम्मीद है कि भारत इस बार तीरंदाजी में पदक लेकर आएगा। सिमरनजीत ने कहा, हमारी तैयारी जोर शोर से चल रही है। मुझे भरोसा है कि हम इस बार बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मैं काफी सकारात्मक हूं। भारत इस बार जरूर तीरंदाजी में पदक लेकर आएगा।

### पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर भाला फेंकना चाहते है नीरज



**नई दिल्ली ।** भारत के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह अभी पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में लगे है और उनका लक्ष्य इस बार 90 मीटर भाला फेंकना है। नीरज ने कहा कि जिस प्रकार से उनकी तैयारियां चल रही हैं। उसको देखते हुए वह ये आंकड़ा कुछ ही समय में हासिल कर लेंगे। चोपड़ा का इससे पहले का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका 89.94 मीटर का थ्रो रहा है। अभ्यास के दौरान वह 90 मीटर तक भाला फेंक चुके हैं पर किसी प्रतियोगिता में वह अभी तक इस आंकड़े तक नहीं पहुंचे हैं। नीरज ने कहा कि मैं पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का प्रयास करूंगा। उम्मीद करता हूं कि ये लक्ष्य ओलंपिक से पहले हासिल हो जाएगा। वैसे अभी हर चीज सही दिशा में आगे बढ़ रही है, इसलिये लोगों को शायद ओलंपिक तक इंतजार नहीं करना पड़े और यह इससे पहले ही हो जाये। साथ ही कहा कि उनका अभ्यास अच्छा चल रहा है और इस दौरान उन्होंने अपनी फिटनेस और 'स्ट्रेंथ' पर ध्यान लगाया है। उन्होंने कहा, ''सत्र की शुरूआत में ध्यान फिटनेस और 'स्ट्रेंथ' पर था, जिसमें भाला फेंकने की कोई विशेष ट्रेनिंग नहीं थी।

### सैमसन और चहल को मिल सकता है टी20 विश्वकप में अवसर

**मुम्बई ।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल का आईपीएल 2024 सत्र में अब तक का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। सैमसन ने जहां शानदार बल्लेबाजी की है वहीं चहल ने अपनी स्पिन का जादू दिखाया है। इसके बाद से ही कई दिग्गजों ने कहा है कि इन दोनो को आगामी टी20 विश्वकप के लिए टीम में शामिल किया जाना चाहिये। ये दोनो ही पिछले काफी समय से टीम में जगह बनाने का प्रयास कर रहे थे। सैमसन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के कारण टीम से अंदर-बाहर होते रहे हैं। वहीं चहल भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं करने के कारण बाहर हुए हैं। अब आईपीएल से दोनों खिलाड़ियों की उम्मीदें बन रही है पर इन्हें आने वाले मैचों में भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस सत्र में दोनों ने खुद को साबित किया है हालांकि ऋषभ पंत की वापसी के बाद से सैमसन के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज की जगह हासिल करना तो कठिन है। इसके अलावा इस एक जगह के लिए केएल राहुल , जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल भी दौड़ में हैं। वहीं चहल की बात करें तो आईपीएल में उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें टीम में जगह मिल सकती है। उनका मुकाबला कुलदीप यादव से रहेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार चहल और सैमसन टी20 क्रिकेट से कभी बाहर नहीं हुए। चयनकर्ताओं की नजरें इन दोनो पर बनी हुई हैं।

# जीत की राह पर लौटी राजस्थान, पंजाब को तीन विकेट से हराया, दर्ज की सीजन की पांचवीं जीत



**मुल्लांपुर, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स को 5वीं जीत मिली। टीम ने मुल्लांपुर में होम टीम पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हराया। आरआर ने लो-स्कोरिंग मुकाबले के आखिरी 3 ओवर में 34 रन बनाकर जीत हासिल की। शिमरोन हेटमायर ने 10 बॉल पर 27 रन बनाए, उन्होंने 20वें ओवर की पांचवीं बॉल पर सिक्स लगाकर टीम को जीत भी दिलाई। शनिवार को राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए। आशुतोष शर्मा ने 31 रन बनाए। राजस्थान ने 148 का टारगेट 19.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। पंजाब से सैम करन और कगिसो रबाडा ने 2-2 विकेट लिए।

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की यह 6 मैच में 5वीं जीत है, टीम 10 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। दूसरी ओर पंजाब किंग्स 6 मैचों में चौथी हार से 8वें नंबर पर ही बरकरार है। आखिरी 6 गेंदों पर राजस्थान को 10 रन चाहिए थे। पंजाब से अर्शदीप सिंह ने शुरुआती 2 गेंदों पर कोई रन नहीं दिया। लेकिन तीसरी बॉल पर छक्का चले गया, चौथी बॉल पर फिर हेटमायर ने 2 रन लिए और पांचवीं बॉल पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। राजस्थान को आखिरी 2 ओवर में 20 रन चाहिए थे, यहां सैम करन के खिलाफ शुरुआती 2 गेंदों पर रोवमन पॉवेल ने 2 चौके लगा दिए। करन ने फिर कमबैक किया और आखिरी 4 बॉल पर 2 ही रन दिए और 2 विकेट भी निकाल लिए। अर्शदीप सिंह ने रियान पराग को कैच आउट कराया। 17वें ओवर की चौथी बॉल अर्शदीप ने शॉर्ट पिच फेंकी, पराग डीप मिड-विकेट पर कगिसो रबाडा के हाथों कैच हो गए। पराग ने 18 बॉल पर 23 रन बनाए। राजस्थान ने 16वें ओवर में 100 रन पूरे कर लिए। ओवर की पहली बॉल पर रियान पराग ने एक रन लिया, इसी के साथ टीम के 100 रन पूरे हो गए। कगिसो रबाडा ने संजू सैमसन के रूप में दूसरा विकेट लिया। सैमसन ने 13 बॉल पर 18 रन बनाए, रबाडा ने उन्हें 14वें ओवर में एलबीडब्ल्यू किया। रबाडा ने इससे पहले यशस्वी जायसवाल को भी कैच आउट कराया। कगिसो रबाडा ने 12वें ओवर में यशस्वी जायसवाल को कैच आउट कराया। यशस्वी ने 28 बॉल पर 39 रन बनाए। लियम लिविंगस्टन ने तनुष कोटियन को बोल्ड किया। कोटियन ने 31 बॉल पर 24 रन बनाए, उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ 56 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। यशस्वी जायसवाल और तनुष कोटियन ने राजस्थान का स्कोर 8वें ओवर में 50 रन तक पहुंचाया। दोनों आज ओपनिंग उतरे और पावरप्ले में टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। इस सीजन राजस्थान से पहली बार ही 50 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। 148 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान से यशस्वी जायसवाल के साथ तनुष कोटियन ओपनिंग करने आए। दोनों ने टीम को संभली हुई शुरुआत दिलाई और शुरुआती 6 ओवरों में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। टीम ने इस दौरान 43 रन भी बना लिए। राजस्थान से यशस्वी जायसवाल और तनुष कोटियन ओपनिंग करने उतरे। कोटियन ने प्लेइंग-11 में जोस बटलर की जगह ली, बटलर इंजरी के कारण बाहर हुए।

# ओलंपिक से पहले भारत को झटका, दिग्गज मुक्केबाज मैरीकॉम ने इस पद से दिया इस्तीफा, कारण भी बताया



**नई दिल्ली,13 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

भारत की दिग्गज मुक्केबाज और छह बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस बहुराष्ट्रीय प्रतियोगित में देश के दल के प्रमुख (शेफ डी मिशन) के अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 21 मार्च को शेफ डी मिशन नियुक्त किया था। मैरी कॉम ने पद से हटने के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है और कहा कि उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।

### पीटी उषा ने कही यह बात

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए कहा है। मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा- देश की किसी भी रूप में सेवा करना गर्व की बात है और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी, लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं।

देश के लिए कुछ भी करना गर्व की बात 41 साल की मैरी कॉम ने कहा, इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं, लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हमेशा हौसलाअफजाई करती रहूंगी। आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का एलान किया था।

### उनकी निजता का सम्मान

लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेत मैरी कॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होतीं। उषा ने अपने बयान में कहा, हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरी कॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जाएगी।

पीटी उषा ने कहा, मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं। मैंने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है। मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### सम्पन्न लोगों...

वहीं दूसरा, डाटा प्रोसेसिंग के दौरान भेदभाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि एआई के यूरोपीय संघ विनियमन के लिए यूरोपीय आयोग का प्रस्ताव न्यायिक बदलाव में एआई से जुड़े जोखिमों पर प्रकाश डालता है। कुछ एल्गोरिदम अपनी ब्लैक-बॉक्स प्रकृति के कारण अधिक खतरे के रूप में जाने जाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मानवाधिकारों, लोकतंत्र और कानून के शासन पर फ्रेमवर्क कन्वेंशन का मसौदा तैयार करने के लिए यूरोप की परिषद की पहल एआई शासन के लिए वैश्विक मानकों को विकसित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।दो दिवसीय सम्मेलन में जो चर्चाएं की जा रही हैं उनमें एआई और कानूनी प्रणाली के लिए इसके निहितार्थ, अदालती कार्यवाही को सहयोग की इसकी क्षमता, न्यायिक प्रशिक्षण में इसकी भूमिका, न्याय तक पहुंच में सुधार, इसके इस्तेमाल को लेकर नैतिक विमर्श और एआई के भविष्य से संबंधित विषयों की एक विस्तृत शृंखला शामिल होगी। यह आयोजन प्रौद्योगिकी और कानून के अंतर्संबंध में भविष्य की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हुए सार्थक संवाद और सहयोग को बढ़ावा देगा। सम्मेलन का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और विधिक प्रणालियों के विकास तथा कानूनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, मुकदमेबाजी से जुड़े समय और लागत को कम करने तथा न्याय को अधिक सुलभ बनाने के लिए एआई के संभावित इस्तेमाल के लिए एक साझी प्रतिबद्धता का निर्माण करना है।

### आधे नेता...

लालू यादव ने चारा घोटाला किया। उन्होंने नौकरी के बदले जमीन के घोटाले में भ्रष्टाचार किया। ममता बनर्जी ने शिक्षक भर्ती घोटाला, पशु तस्करी घोटाला, रेत घोटाला किया। ऐसे नेताओं को क्या चुनकर संसद भेजा जाना चाहिए?जेपी नड्डा ने कहा, इंडी गठबंधन के पास देश के विकास का कोई एजेंडा नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है मोदी हटाओ, मोदी को गाली दो। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यभूमि महाराष्ट्र के गोंदिया में भारतीय जनता पार्टी के लिए यह उत्साह और प्रचंड समर्थन जनता-जनार्दन द्वारा अबकी बार- 400 पार का उद्घोष है। विपक्षी गठबंधन अपनी हार देखकर हताशा में हैं इसलिए वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। ये सिर्फ भ्रष्टाचारियों को और अपने परिवार को बचाने वालों का गठबंधन है। इनका काम सिर्फ घोटाला करना है।

नड्डा ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा हर वर्ग का उत्थान करने के साथ हमारी विरासत व संस्कृति को सम्मान देकर देश को स्वाभिमान से परिपूर्ण किया है, इसलिए आज जन-जन मोदी जी के साथ है। नड्डा ने आगे कहा कि साल 2014 से पहले देश में आए दिन आतंकी घटनाएं होती थीं, घोटाले होते थे और नीतियां एयर कंडीशन कमरे में बना करती थी। पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने 10 साल विकास, सांस्कृतिक विरासत के उत्थान, किसानों को ताकत मिलने का काल देखा, महिलाओं के सशक्तिकरण और दुनिया में भारत को अग्रणी बनता देखा। भाजपा नेता ने कहा, हमारे विपक्षी दल बहुत घबराए हुए है, हताशा में हैं, निराशा में हैं, नए नए तरीकों से समाज को खंडित करने का प्रयास कर रहे हैं। इंडी गठबंधन का जातीय जनगणना का मकसद देश को जातियों में बांटने का है।

### आपा भ्रष्टाचार...

अपने पत्र में आनंद ने सरकार पर कई सारे सवाल खड़े किए हैं। अपने पत्र में राजकुमार आनंद केजरीवाल से कहते हैं कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और दिल्ली के जनता के साथ धोखा किया गया है, जिस पार्टी को हमने भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ा किया। सत्ता में आने के बाद वही पार्टी खुद ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई। पार्टी के कार्यकर्ता धूप में बैठते हैं, जबकि, दूसरी ओर पार्टी के बड़े नेता करप्शन करते हैं। यहीं नहीं, आपा के पूर्व मंत्री कहते हैं कि आम आदमी पार्टी का भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद इतना समझ आ गया है कि कार्यकर्ता केवल बसें भरने के लिए होते हैं। मैं अब इस सरकार और इसके भ्रष्टाचार के साथ अपना नाम नहीं जोड़ना चाहता।राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी छोड़ने की एक और वजह अपने पत्र में बताई है। उनका कहना है कि चार साल तक पार्टी और सरकार में रहने के बाद इतना समझ आ गया है कि दलित, आरक्षण और बाबासाहेब के विचारों की धुर विरोधी है। उन्होंने ये भी कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं बाबा साहेब के विचारों के कारण हूं। बाबासाहेब ने हमें समाज का ऋण अदा करने की सीख दी है। इसी उद्देश्य से मैं आपके साथ खड़ा हुआ, लेकिन सच्चाई कुछ और ही है।

### बेहद खतरनाक...

पूजा स्थलों को निशाना बनाने वाले आतंकवादी कृत्यों के कारण 203 लोगों की मौत हुई थी। पिछले दिनों ही खबर सुर्खियों में थी कि दुनिया के कई देश पाकिस्तानियों को चुन-चुन कर भगा रहे हैं। पाकिस्तानियों के आतंकवाद के साथ-साथ दूसरे जरायम धंधों में मुब्तिला होने से परेशान सैकड़ों देश अब पाकिस्तानियों को अपने देश से चलता कर रहे हैं।

एफसीडीओ ने कुल 24 देशों को इस लिस्ट में शामिल किया है। खतरे वाले देशों की लिस्ट में रूस, यूक्रेन, इज़राइल, ईरान, सूडान, लेबनान, बेलारूस और फिलिस्तीनी क्षेत्र को भी शामिल किया गया है। इन सभी देशों में कहीं न कहीं संघर्ष चल रहे हैं। एफसीडीओ ने जो लिस्ट बनाई है वह अपराध, युद्ध, आतंकवाद, बीमारी, मौसम की स्थिति, प्राकृतिक आपदाएं और आगंतुकों की सुरक्षा के लिए अन्य खतरों को देखते हुए बनाई गई है।

यहीं नहीं एफसीडीओ ने कुछ देशों को ब्लैक लिस्ट भी किया है। इनमें अमेरिका के सहयोगी देश इज़राइल का भी नाम है। दरअसल, बीते 5 माह से भी अधिक समय से इजरायल और हमास के बीच युद्ध चल रहा है। इज़राइल के अलावा इस लिस्ट में अफगानिस्तान, बुर्किना फासो, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड, हैती, इराक, लेबनान, लीबिया, माली, नाइजर, उत्तर कोरिया, सोमालिया, सोमालीलैंड, दक्षिण सूडान, सीरिया, वेनेजुएला और यमन शामिल हैं।

### दुर्दांत खालिस्तानी...

बनाने की योजना बना रहा है। इस काम को पूरा करने के लिए उसने भारत में साथियों को हथियार और वित्तीय सहायता प्रदान की थी। पंजाब पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए इस मॉड्यूल के चार गुर्गों को गिरफ्तार करके इसका पर्दाफाश किया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए थे। इस सम्बन्ध में पुलिस द्वारा गैर-कानूनी गतिविधियों (निवारक) एक्ट (यूएपीए) की धाराएं 13, 17, 18, 18-बी और 20 और हथियार एक्ट की धारा 25 के अंतर्गत 19.12.2020 को थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में मामला दर्ज किया गया था।डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया था कि वह आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा और उसके करीबी प्रभप्रीत सिंह के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गए आरोपियों ने यह भी खुलासा किया था कि वह नामवर शख्सियतों को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। प्रभप्रीत जर्मनी में रह रहा था, इसलिए पंजाब पुलिस ने उसको इस केस में नामज़द करने के उपरांत उसको गिरफ्तार करने के लिए ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन, नयी दिल्ली के द्वारा उसके ख़िलाफ़ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करवा दिया था। डीजीपी ने कहा कि बुधवार को आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली के इमिग्रेशन अधिकारियों ने प्रभप्रीत सिंह को हिरासत में लेने संबंधी सूचना दी। इसके उपरांत एसएसओसी अमृतसर की टीम दिल्ली पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

### चुनाव बाद...

इतनी शांति हो सकेगी, युवावस्था में भी नहीं सोचा था।

ध्रुवीकरण का रट्टा लगाने वालों को आड़े हाथों लेते हुए सीएम सरमा ने कहा, मेरे लिए असम में ध्रुवीकरण जरूरी है। इसलिए नहीं कि सत्ता में रहें, बल्कि हमारे असम में मूल निवासी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में बने रहें। हमारा अस्तित्व खतरे में न पड़े। इसके लिए, कभी-कभी हम लोगों को इस तरह के मामले उठाने पड़ते हैं। यह हमारी मजबूरी है। जब एक राज्य में 36 प्रतिशत लोग पलायन करके आते हैं और धीरे-धीरे आप अपने देश में ही अल्पसंख्यक बन जाते हैं। सामने वाला भी ध्रुवीकरण करता है, तो हमें भी ध्रुवीकरण करना पड़ता है।

यूसीसी लागू करने की बात पर सरमा ने कहा, यूसीसी तो तैयार है, हम चुनाव के बाद बहुविवाह प्रथा पर प्रतिबंध लगाएंगे। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भी लेकर आएंगे। उत्तराखंड में यूसीसी के असर का अध्ययन कर रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी लेनी है। मुझे लगता है 2026 तक हो जाना चाहिए।सीएम सरमा ने कहा, हमने सरकारी मदरसे तो बंद कर दिए। यह भी तलाश रहे हैं कि कानून के रास्ते से कैसे प्राइवेट मदरसे भी बंद किए जा सकते हैं।

मैं नहीं मानता हूं कि मुसलमान का भला मदरसा शिक्षा से होगा। मुसलमान बेटों और बेटियों को आप सार्वजनिक शिक्षा से जोड़ें। उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वैज्ञानिक बनने की राह दिखाइए। अगर किसी को धार्मिक शिक्षा लेनी है, तो वह घर में ले सकता है, अपने समुदाय में ले सकता है। मुसलमान बच्चों की शिक्षा-दीक्षा बचपन से ही एक अलग रास्ते पर चली जाए और उनके सारे रास्ते बंद हो जाएं, ऐसी शिक्षा नहीं चाहिए।सरमा बोले, मैं तो हमेशा कहता हूं कि जो वर्ग आपको वोट नहीं देता है, आपको वहां जाकर समय नष्ट नहीं करना चाहिए। धीरे-धीरे विकास कीजिए। तब एक समय आएगा, वे लोग खुद वोट देंगे। मैं किसी से जबरदस्ती तो नहीं कर सकता। मैं जब जानता हूं कि एक विशेष वर्ग वोट नहीं देगा, तो वहां जाने से मेरा एक दिन का कीमती वक्त बर्बाद ही होगा। ऐसे बहुत से हिंदू इलाके भी हैं, जो मुझे वोट नहीं देंगे, मैं वहां भी नहीं जाता हूं। बेवजह हल्ला होगा, दोनों ग्रुप में मारपीट की नौबत आ जाएगी। जो हमें वोट देते हैं, उनका सम्मान करना है, जो हमें वोट नहीं देते, उनका भी सम्मान करना है। 2021 में मैंने बोला कि अभी वे लोग हमें वोट नहीं देंगे। लेकिन, तीन साल में हमने काफी काम किया है, मुसलमान बेटियों और माताओं के बीच। उम्मीद है कि मैं मांगूं या नहीं मांगूं, 10 प्रतिशत वोट तो हमें मिलेंगे ही।कांग्रेस और भाजपा में फर्क के बारे में असम के सीएम का कहना है कि एक परिवारवादी पार्टी है, दूसरी लोकतांत्रिक पार्टी है। जो हमारी देश पहले की नीति है, वैसी कांग्रेस की नीति नहीं रही। आप कांग्रेस के घोषणापत्र को देखें, वह भारत के चुनाव के लिए बनाया है, या पाकिस्तान के लिए बनाया है, कोई फर्क ही नहीं नजर आएगा। अपराधी के लिए बनाया है या नागरिकों के लिए बनाया है, फर्क ही नहीं है। इसलिए कांग्रेस और भाजपा के बीच कोई तुलना ही नहीं है।

शुभ लाभ

# मोदी जी का कार्यकाल आजादी के बाद का स्वर्ण युग है : योगी

## ▪ हल्द्वानी की जनसभा में बोले योगी, सीएम धामी भी उपस्थित






**हल्द्वानी, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल देश की आजादी के बाद का स्वर्ण युग माना जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की हर समस्या का समाधान पीएम मोदी ने निकाला है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत की हर समस्या की जड़ में कांग्रेस है। यही नहीं उत्तराखंड में समान नागरिक कानून पास होने से कांग्रेस को सबसे ज्यादा पीड़ा हो रही है, जबकि इस कानून का स्वागत किया जाना चाहिए। योगी ने कहा कि उत्तराखंड से निकलने वाली नदियों के जल से उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। योगी शनिवार को यहां नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखंड की देवभूमि ने प्रथम मुख्यमंत्री पं गोविंद बल्लभ पंत के साथ साथ नारायण दत्त तिवारी और हेमवती नंदन बहुगुणा के रूप में यूपी को यशस्वी नेतृत्व दिया है। उन्होंने उत्तराखंड की जनता को बैसाखी और खालसा पंथ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवभूमि के कंकड़-कंकड़ में शंकर हैं। यहां का हर स्थल पवित्रता के भाव से भरा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री धामी के साथ मिलकर उन्होंने यूपी और उत्तराखंड के बीच की सारी समस्याओं का समाधान निकाला। उन्होंने कहा कि भाजपा समस्या नहीं समाधान निकालती है, जबकि कांग्रेस समस्या का नाम है, जिसने जीवन भर देश को समस्याएं दी हैं। चाहे देश का विभाजन हो, आतंकवाद हो या फिर नक्सलवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार और अलगाववाद जैसी समस्याएं कांग्रेस की ही देन हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए ही देश को मोदी जी जैसा यशस्वी नेतृत्व मिला।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखंड का नौजवान देश की रक्षा के लिए सीमा पर खड़ा है तो 140 करोड़ भारतीय चैन की नींद सोता है। ये आपका सौभाग्य है कि रक्षा राज्य मंत्री के रूप में अजय भट्ट लगातार सीमा पर जाकर हमारे जवानों को प्रोत्साहित करते हैं। योगी ने कहा कि उनका बचपन उत्तराखंड में व्यतीत हुआ है। उन्हें पता है कि पहले दो-तीन किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना होता था। मगर आज हर घर नल की योजना की वजह से घरों तक पानी पहुंच गया है। पहले ईंधन की समस्या होती थी। कांग्रेस राज में मिट्टी का तेल भी नहीं मिलता था। अब उज्ज्वला योजना कनेक्शन से गैस सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है। देश की हर समस्या के समाधान का रास्ता मोदी जी ने निकाल दिया है। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कश्मीर में धारा 370 की बीमारी कांग्रेस की देन है। मोदी जी ने इस बीमारी को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया। कांग्रेस को पीड़ा है कि उत्तराखंड में समान नागरिक कानून क्यों पास हो गया, जबकि इसका स्वागत किया जाना चाहिए। समान नागरिक कानून पास कराके मुख्यमंत्री धामी ने बड़ा काम किया है। योगी ने कहा कि अयोध्या को भी कांग्रेस ने ही विवादित बनाए रखा था। कांग्रेस के लोग नहीं चाहते थे कि अयोध्या में विवाद समाप्त हो। हमने अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण किया। इसके साथ ही मथुरा, गोकुल, बरसाना, काशी और प्रयागराज को उसी रूप में संवारा है। उत्तराखंड में भी केदारनाथ, बद्रीनाथ सहित चार धाम को नई पहचान के साथ भाजपा सरकार ने प्रस्तुत किया है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अन्नदाता, नौजवान और महिलाओं की समृद्धि और सुरक्षा को लेकर कहीं कोई संकट नहीं है। आज केवल भ्रष्टाचारी और दुराचारियों पर संकट है। यूपी में हमने कह दिया है कि बेटी और व्यापारी की सुरक्षा के लिए जो खतरा बनेगा, उसके लिए दो ही जगह होगी, या तो जेल या जहन्नुम। आज यूपी में न दंगा है, न कर्फ्यू। पहले बम बाजी होती थी आज हर-हर बम-बम के साथ धूमधाम से कांवड़ यात्राएं निकलती हैं। हम सुरक्षा भी दे रहे हैं और समृद्धि भी ला रहे हैं। नौजवानों की आजीविका और देश की आस्था का सम्मान हो रहा है। ये सभी काम मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी और उत्तराखंड के रिश्ते को कोई खत्म नहीं कर सकता। ये दोंनों राज्य एक दूसरे के साथ रचे बसे हैं। मगर, कुछ लोगों को गफलत होती है कि यूपी में अपराध करके उत्तराखंड भाग जाएंगे। हमने कह दिया है कि उन्हें उस लायक ही नहीं छोड़ेंगे कि वे यहां आकर इस देवभूमि को अपवित्र कर सकें।

# काशी में बने श्रीरामलला नीदरलैंड में स्थापित होंगे





**वाराणसी, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** अयोध्या में विराजे भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनियाभर में इनकी ख्याति बढ़ी है। यही वजह है कि भारत ही नहीं विदेशों में भी उनकी प्रतिमा स्थापित होने की तैयारी शुरू हो गई है। पहली प्रतिमा नीदरलैंड में हनुमान मंदिर में लगेगी। प्रभु श्रीरामलला की ये प्रतिमा काशी में बनी है। इसी माह इस प्रतिमा की अयोध्या में पूजा होगी और इसके बाद नीदरलैंड में इसे स्थापित किया जाएगा।

काशी में 5.10 फीट की प्रभु श्रीरामलला की प्रतिमा दो माह में बनकर तैयार हुई है। ढेलवरिया स्थित मूर्ति कारखाने में मूर्तिकार कन्हैयालाल शर्मा ने 10 सहयोगियों के साथ इस प्रतिमा को बनाया है। यह प्रतिमा अयोध्या में स्थापित श्रीरामलला की ही प्रतिरूप है, जो ब्लैक ग्रेनाइट से बनी है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्रीरामलला की प्रतिमा स्थापित होने के बाद हमारी इच्छा थी कि वैसी ही प्रतिमा बनाएं। इसी बीच इसका ऑर्डर मिल गया। इंटरनल ब्लिस फाउंडेशन के डायरेक्टर राहुल मुखर्जी ने बताया कि श्रीरामलला की इस प्रतिमा की पहले अयोध्या में पूजा होगी।

इसके बाद नीदरलैंड में हनुमान मंदिर में इसे स्थापित किया जाएगा। संस्था के संस्थापक स्वामी अखंड सम्राट आनंद महाराज के सानिध्य में विश्व के कई देशों में श्रीरामलला की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नीदरलैंड के बाद जर्मनी, इटली, अमेरिका, कनाडा, बेल्जियम, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में स्थापित करने की तैयारी है। राहुल मुखर्जी ने बताया कि 24 इंच की भी श्रीरामलला की प्रतिमा बनाई जाएगी। रुद्राभिषेक के लिए इस प्रतिमा का विग्रह बनाया जाएगा।

कन्हैयालाल शर्मा की तीन पीढ़ियां इस पेशे में लगी हैं। उनके दादा महादेव प्रसाद बड़े मूर्तिकार थे। उन्होंने इंडिया गेट पर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा, जॉर्ज पंचम, दरभंगा नरेश आदि की प्रतिमाएं बनाई हैं।

कन्हैयालाल के पिता ओंकारनाथ ने भी इस विरासत को संभाला। कन्हैयालाल ने इंग्लैंड की महारानी के अलावा अन्य विदेशियों की प्रतिमाएं भी बनाई हैं।

### अतीक और अशरफ की बेनामी सम्पत्ति

# आठ करोड़ का मालिक निकला सफाईकर्मी

**प्रयागराज, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ अहमद की बेनामी सम्पत्तियों के लिए आठ हजार महीने कमाने वाले जिस सफाईकर्मी के नाम का इस्तेमाल किया गया, वह आठ करोड़ की सम्पत्ति का मालिक निकला। उसके नाम नैनी, फूलपुर व हंडिया तहसील में बेशकीमती जमीनों का बैनामा कराए जाने के सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं। फिलहाल, पांच जमीनों के बारे में पता चला है। पुलिस इन सम्पत्तियों की जांच में जुट गई है। एक दिन पहले ही नवाबगंज के करोली निवासी इस सफाईकर्मी श्याम जी सरोज का नाम तब चर्चा में आया, जब उसने माफिया भाइयों के चार करीबियों पर मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि इन चारों ने अतीक-अशरफ की बेनामी सम्पत्तियों का बैनामा उसके नाम पर कराया। उसे बंधक बनाकर जबरन दस्तखत करवाए गए और दोनों की मौत के बाद उक्त सम्पत्तियों का बैनामा करने का दबाव भी बनाया गया।

मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी तो बेहद चौंकाने वाले खुलासे हुए। सूत्रों का कहना है कि उसके नाम पर फिलहाल, पांच जमीनों का बैनामा कराने की बात पता चली। इनमें से तीन अरैल के मीरखपुर उपरहार व मवैया और दो जमीनें हंडिया व फूलपुर के सरायइनायत में स्थित हैं। इनकी मौजूदा बाजार के अनुसार कीमत आठ करोड़ आंकी गई है। खास बात यह है कि तीन साल पहले जब इन जमीनों का बैनामा कराया गया, तब वह महज आठ हजार महीने कमाता था। मामले में उसने अपने मालिक, माफिया के गुर्गों जावेद, उसके भाई कामरान व फराज अहमद खान निवासी जीटीबी नगर करेली व शुक्ला जी नाम के एक शख्स को नामजद कराया है।

डीसीपी दीपक भूकर ने कहा, जिन भी सम्पत्तियों से संबंधित जानकारी मिली है, उनके बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। राजस्व प्रशासन के सहयोग से इन सभी का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। इन सम्पत्तियों को अपराध से अर्जित सम्पत्ति मानकर इन्हें गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क भी कराया जाएगा।

श्याम जी सरोज ने पुलिस की पूछताछ में शुक्रवार को अन्य खुलासे भी किए। बताया कि आरोपियों ने उसके नाम पर आईसीआईसीआई बैंक में खाता खुलवा रखा था। साथ ही चेकबुक, एटीएम व पासबुक अपने कब्जे में रखे थे। ब्लैंक चेक पर दस्तखत करा लिए थे। साथ ही समय-समय पर उसके नाम एनआई एक्ट के तहत नोटिस भी भेजते रहते थे। उनका ऐसा करने का मकसद यह था कि अगर वह इधर-उधर भागने की कोशिश करे तो उसे कानूनी शिकंजे में फंसा सके।

श्याम जी सरोज 15 साल से आरोपियों के घर पर रहकर साफ-सफाई का काम करता था।

# राजनीति का अपराधीकरण विकास में सबसे बड़ी बाधा: सीएम योगी

## मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के पक्ष में जनसभा



**बढ़ापुर (बिजनौर), 13 अप्रैल** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनीति का अपराधीकरण और माफिया प्रवृत्ति के तत्वों को प्रश्रय देना विकास में सबसे बड़ा बैरक है। 1980 में मुरादाबाद में भयंकर दंगा हुआ था। दर्जनों लोग मारे गए थे। लोगों ने उस समय से 2017 तक रिपोर्ट दबाकर रखी थी। मैंने इसकी जांच शुरू कराई तो दंगा कराने वालों के चेहरे उजागर हो गए। निर्दोष व्यापारी, हिंदू, सिख मारे गए थे पर कोई पूछने वाला नहीं था। 2016 में सहारनपुर में भी सिख विरोधी दंगा हुआ था पर दंगाई आज जान की भीख मांगते हुए छिपे-छिपे फिर रहे हैं। भाजपा ने विकास व सुशासन का मॉडल दिया है। आज यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा है, यहां सब चंगा है। कर्फ्यू का स्थान अब कांवड़ यात्रा ने ले लिया है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के पक्ष में जनसभा कर उन्हें चुनाव जिताने की अपील की। सीएम योगी ने मुरादाबाद वासियों से मोदी जी को भी तीसरा कार्यकाल देने का आह्वान किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, सपा व बसपा के एजेंडे में विकास व गरीब कल्याण नहीं था। आस्था से खिलवाड़ करना यह जन्मसिद्ध अधिकार समझते थे। अपराधी व माफिया को गले का हार बनाकर जनता, बेटी-व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। भाजपा की सरकार जो कहती है, करके दिखाती है। अब माफिया-अपराधी जेल में हैं या जहन्नुम में। किसी बेटी-व्यापारी को धमकी देने की कोशिश अब कोई नहीं कर सकता है, क्योंकि उसे परिणाम मालूम है। यह सुरक्षा भाजपा ही दे सकती है। वे लोग यह सुरक्षा नहीं दे सकते हैं, जो माफिया के सामने नाक रगड़ते थे। बड़े-बड़े माफिया जिनकी कभी तूती बोलती थी, आज वे घिघियाते थे। उनकी हालत देख रहे हैं। कहते हैं कि जान बख्श हो, ठेली पर सब्जी लगाकर पेट भर लेंगे, लेकिन किसी की जमीन पर कब्जा नहीं करेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि मुरादाबाद का किसान हो या नौजवान, बेटी हो या व्यापारी, हर एक व्यक्ति इसलिए सुरक्षित है, क्योंकि आपके हितों की चिंता करने वाली सरकार दिल्ली और लखनऊ में बैठी है। हम जब अच्छा निर्णय लेते हैं तो अच्छा परिणाम भी आता है, जब बुरा निर्णय लेते हैं तो उसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। सपा का सांसद कहता था कि मैं भारत मां की जय नहीं बोलूंगा। हम कुछ भी ऐसा नहीं बोलेंगे, जो हिंदू समाज को अच्छा लगे पर मैं बता देना चाहता हूं कि भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ की छूट किसी को नहीं दी जा सकती है।

सीएम ने कहा कि 2014 के पहले देश में गरीब भूखों मरता था। आज 80 करोड़ गरीबों को राशन मिल रहा है। कोई गरीब बीमार हो जाता था तो परिवार तबाह हो जाता था। यूपी में हमने व्यवस्था की है कि जिसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, सांसद-विधायक या सामान्य आदमी भी पत्र लिख देता है तो सीधे उसके अकाउंट में पैसा भेज दिया जाता है यानी पैसे की कमी के कारण कोई उपचार से वंचित न रहने पाए। यूपी में केवल सादी दाल नहीं होगी, दाल में तड़का भी होगा। 10 करोड़ लोगों को फ्री में सिलेंडर मिले हैं तो हमने तय किया है कि यूपी में होली-दिवाली फीकी नहीं होगी, फ्री में एक-एक सिलेंडर भी देंगे।

## पीलीभीत और बरेली के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा

# रामलला की जमीन हो या गरीब की, कोई कब्जा नहीं कर सकता: योगी



**बहेड़ी (बरेली), 13 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामलला की भूमि हो या किसी गरीब-व्यापारी और सामान्य नागरिक की जमीन। जो भी भूमाफिया सार्वजनिक जमीनों पर कब्जा करेगा। उसे लेने के देने पड़ेंगे। उससे ब्याज सहित वसूली होगी। उनकी सम्पत्तियों पर गरीबों के लिए वैसे ही आवास बनाएंगे, जैसे प्रयागराज में बनाया था। जब एक जैसी सरकारें होती हैं, अच्छे लोग चुनकर जाते हैं तो परिणाम भी अच्छा ही आता है। आपने कमल को वोट दिया तो विकास और सुरक्षा भी हो रही है। हमने सुरक्षा का बेहतर वातावरण दिया है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी व प्रदेश सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद व बरेली से भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में जनसभा कर उन्हें चुनाव जिताने की अपील की। सीएम ने बैसाखी की बधाई दी। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने वंचित कर दिया था पर अब भारत का कोई भी नागरिक जम्मू-कश्मीर में जाकर जमीन खरीद सकता है। पिछली सरकारें कर्फ्यू लगाती थीं। दंगा पॉलिसी के लिए कुख्यात थीं। दूसरी तरफ यूपी में पिछले सात वर्ष में कोई दंगा नहीं हुआ। नो कर्फ्यू-नो दंगा, यूपी में है सब चंगा। सीएम ने कहा कि बरेली में पहले हर महीने दंगा होता था, आज दंगाई जान की भीख मार रहे हैं। उन्हें पता है कि ऐसा करने पर उल्टा टंगवा दिए जाएंगे। अब यह नहीं हो पाएगा कि दंगा भी कराएंगे और किसी पार्टी से जाकर जबर्दस्ती फतवा जारी कर अव्यवस्था पैदा करेंगे। कांग्रेस, सपा व बसपा के समय लगातार दंगे पर दंगे होते थे। जो लोग पहले आम जनता, बेटियों-व्यापारियों की जान के खतरे थे, आज वे जान की भीख मांगे फिर रहे हैं। कुछ लोग पहले ही कर्मों की सजा पा चुके हैं। कुछ लोग भयभीत होकर जहन्नुम की यात्रा पर जा रहे हैं।

सीएम ने कहा कि यहां का परिश्रमी किसान अपने पुरुषार्थ से धरती माता से सोना उगलकर देश का पेट भरता है। पिछली सरकारों ने उसके परिश्रम की कीमत नहीं समझी। बड़ेड़ी इतिहास के परिवर्तन की धरती है। बहुत बार बहेड़ी का निर्णय कौतूहल व आश्चर्य का विषय बनता है। मुझे बहेड़ी आकर काफी अच्छा लगा। बहेड़ी में ही मेगा फूड पार्क का काम हो रहा है। सीएम ने कहा कि जिसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और वह बीमार हो गया। ऐसी स्थिति में सांसद-विधायक या पीड़ित एक पत्र लिख देता है तो तत्काल जिले से रिपोर्ट मंगाकर उसके खाते में पैसा भेज दिया जाता है। जो भी प्रदेश का नागरिक है, उसे सुविधा प्रदान करना मेरा दायित्व है। यूपी में कहीं मेगा फूड पार्क तो कहीं आईटी पार्क बन रहा है। विकास की परियोजनाएं लाकर नौजवानों की आजीविका का प्रबंध हो रहा है।

सीएम ने कहा कि बहेड़ी के मतदाताओं को आश्वस्त करता हूं कि सात वर्ष में हम लोगों ने किसानों की गन्ना व चीनी मिल की समस्या को समाप्त करने का भरपूर प्रयास किया। 120 चीनी मिलें हम चला रहे हैं। 105 मिलें एक सप्ताह के अंदर भुगतान कर रही हैं। 15 मिलों का भुगतान लेट है। हमने अब तक ढाई लाख करोड़ का गन्ना भुगतान किसानों को किया है। सात वर्ष में ढाई लाख करोड़, जबकि कांग्रेस, सपा-बसपा के 22 साल के कार्यकाल में भी नहीं कर पाए। जो मिलें समय से भुगतान नहीं करेंगी, हम किसानों को उसका मालिक बनाएंगे। किसान ही वहां कोऑपरेटिव बनाकर मिलों को संचालित करेगा। एक-एक पाई का हिसाब लेंगे, किसी का एक पैसा डूबेगा नहीं। हम समस्या नहीं, समाधान पर विश्वास करते हैं। इस अवसर पर बरेली के सांसद संतोष गंगवार, प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, बलदेव सिंह औलख, बरेली से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार, पीलीभीत से उम्मीदवार जितिन प्रसाद, विधायक एमपी आर्य, डीसी वर्मा, कुंवर महराज सिंह, विधान परिषद सदस्य प्रांशु दत्त द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 14 अप्रैल, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# श्रीराम को पूर्ण रूप से जानने के लिए रामजी का चरित्र जानना अति आवश्यक : अंजली आर्य

## आर्यसमाज ईसामिया बाज़ार में रामकथा का आयोजन

**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आर्य समाज ईसामिया बाज़ार में रामायण कथा का आयोजन किया गया है। शनिवार को महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती के समारोह के राष्ट्रीय सदस्य डॉ. धर्मतेजा बताया कि श्रीराम नवमी के अवसर पर पांच दिन की रामकथा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आज वृहद यज्ञ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।



इस अवसर पर हरियाणा प्रांत से पधारी अंजली आर्य ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आर्यसमाज श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में मानती है। अपने भजनों के माध्यम से उन्होंने कहा कि रामायण कथा का उद्देश्य ये होना चाहिए कि हम श्रीराम को मानते हैं तो श्रीराम की बात को भी मानना चाहिए। श्रीराम की चित्र की पूजा तक ही सीमित नहीं होना चाहिए अपितु श्रीराम के चरित्र से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। श्रीराम धर्म के उद्धार करने में सबसे पहले उपस्थित हुआ करते थे। श्रीराम त्याग के मूर्तिमान हैं। श्रीराम को पूर्ण रूप से जानना चाहते हो तो राम जी के चरित्र को जानना अत्यंत आवश्यक है। आज घर-घर में, जन-जन के हृदय में श्रीराम विराजमान हैं तो इसका कारण श्रीराम का चरित्र है। रामायण का अर्थ है, श्रीराम के घर की कथा ही रामायण है। श्रीराम का घर स्वर्ग के समान है। श्रीराम जी अपने माता-पिता की आज्ञानुसार प्रसन्नता पूर्वक वनवास चले गये थे। श्रीराम के जीवन से हमें प्रेरणा लेते हुए हमें अपने परिवार को आदर्श बनाना है। इससे पूर्व डॉ. धर्मतेजा ने क्रान्तिकारी बहन अंजली आर्य का परिचय दिया है। आर्यसमाज ईसामिया के प्रधान धर्मपाल ने अपने स्वागत भाषण में मंचासीन अतिथियों एवं आगन्तुक अतिथियों का स्वागत करते हुए रामकथा के उद्देश्य को स्पष्ट किया है। आर्यसमाज के मंत्री विजयपाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सत्यपाल, सोमनाथ, भक्तराम, प्रदीप जाजू, डॉ. विद्याधर, संग्राम सिंह, सत्यनारायण, विश्वपाल आर्य, भवानी एवं नगरद्वय के आर्यसमाज के सदस्य, धर्मानुष्ठान में रूचि रखनेवाले रामभक्त उपस्थित हुए।



केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी शनिवार को हैदराबाद के अमीरपेट गुरुद्वारे में बैसाखी समारोह में भाग लेते हुए।

# तुलजा माता की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव, वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय हुआ अत्तापुर



**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर स्थित मारुति नगर में 15 अप्रैल को नवनिर्मित मंदिर में तुलजा माता की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस आयोजन को भव्यता देते हुए आयोजकों ने माता की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को महोत्सव के रूप में मनाए जाने के लिए हर प्रकार की व्यवस्था की है। यहां आचार्य ज्योतिषी पंकज कुमार शास्त्री के नेतृत्व में 11 ब्राह्मण विद्वान पंडित माता की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ पूरे क्षेत्र में गुंजायमान कर रहे हैं। यहां वैदिक अनुष्ठान उपाचार्य पंडित शिव नारायण, ब्रह्मा पंडित राजेश शर्मा, पंडित लोकेश शर्मा, सर्वोपदृष्टा पंडित चिरंजीवी शर्मा, ध्रुव शर्मा, बृजराज शर्मा, महावीर शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, गोविंद नारायण, मुकेश शर्मा, आयुष शर्मा, नीरज शर्मा के द्वारा जारी है।

मारुतिनगर वासियों द्वारा किए जा रहे तुलजा भवानी माता के पुनः प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सैकड़ो की संख्या में भक्त रोज भाग ले रहे हैं। 11 अप्रैल से चल रहे इस अनुष्ठान की पूर्णाहुति व प्राण प्रतिष्ठा 15 अप्रैल को होगी जिसमें हजारों की संख्यां में भक्तों द्वारा भाग लेने का अनुमान लगाया जा रहा है। 15 अप्रैल को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र नगर विधायक टी प्रकाश गौड़, गोशामहल विधायक टी राजा सिंह अत्तापुर पार्षद एम संगीता, मेलरदेवपल्ली भाजपा पार्षद तोकला श्रीनिवास रेड्डी, समाजसेवी गोपाल बल्दवा, अत्तापुर बीआरएस अध्यक्ष श्री राम रेड्डी, गौ रक्षा दल तेलंगाना संरक्षक कोटी श्रीधर, गौ रक्षा दल तेलंगाना के प्रेसिडेंट कालू सिंह, समाजसेवी बद्री प्रसाद सराय वाला, राजस्थानी समाज के अध्यक्ष सुरेश कुमार मोदी, समाजसेवी बाबूलाल जोशी, पवन नालपुरिया, राजेंद्र नगर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रेसिडेंट बालू सुब्रह्मण्यम सहित अनेक गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। तुलजा माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के लक्ष्मण ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या मे़ं पधारने हेतु आग्रह किया है।

# घांसी बाजार झुला शाखा का गणगौर पूजन कार्यक्रम सम्पन्न



**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज घांसी बाजार झुला शाखा द्वारा सुनीता पचेरिया व राखी अग्रवाल के संयोजकत्व में श्री राणी सती दादी जी मन्दिर में एकदिवसीय गणगौर पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञातव्य हो कि सुहागिन महिलाओ को गणगौर पर्व के एक दिवसीय पूजा के लिए गणगौर के कुण्डा के लिए इधर-उधर प्रयास करना पड़ता है।

इसी समस्या को देखते हुए शाखा ने यह कार्यक्रम बिना जात पात देखें सभी महिलाओं के लिए आयोजित किया है। शाखा की व अन्य महिलाओं सहित 150 महिलाओं ने अपनी सुविधानुसार पूजा की। शाखाध्यक्ष गोविन्द राम पचेरिया, गोपाल पचेरिया व मनोज गौशालावाला भी कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित होता देख कर संयोजिकाओं को धन्यवाद दिया।

# अग्रवाल समाज बालानगर शाखा की बैठक आज

**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना की बालानगर शाखा के पदाधिकारी-गणों द्वारा शाखा की सावन की सैर 14 अगस्त बुधवार से 18 अगस्त सोमवार तक करने पर विचार किया गया। जिसमे गंगा आरती बनारस, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन, भगवान श्री राम मंदिर अयोध्या दर्शन, त्रिवेणी संगम इलाहबाद में स्नान। इस विषय पर रविवार 14 अप्रैल साय 7 बजे शाखा संस्थापक प्रमोद मोदी के ऑफिस में विचार विमर्श किया जाएगा। शाखा के सभी सम्मानित सदस्यों ने निवेदन है कि समय पर पहुंच कर अपने विचार रखे एवं सभा में पधार कर शाखा का मान-सम्मान बढ़ाएं।



राजेन्द्र कुड़ी कर्ड सरपंच एवं माधोपुर कृषि उपज मंडी के सदस्य के राजस्थान से नगरागमन पर सम्मान करते हुए हिन्दू सेवा संघ के अध्यक्ष प्रमोद मोदी, विकास रणवा युवा जाट नेता एवं प्रमोद शर्मा।

# 26 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले में केरल से दो लोग गिरफ्तार



**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 26 करोड़ रुपए के निवेश धोखाधड़ी मामले में शामिल होने के आरोप में हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने शनिवार को केरल से दो लोगों को गिरफ्तार किया। संदिग्धों ने कथित तौर पर धोखाधड़ी के पैसे स्थानांतरित करने के लिए साइबर जालसाजों को बैंक खाते उपलब्ध कराए। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान नौशाद और अहमद कबीर के रूप में की गई, दोनों केरल के कासरगोड के बैंक खाता आपूर्तिकर्ता हैं। पुलिस ने उनके पास से पांच मोबाइल फोन, 15 बैंक चेकबुक, आठ डेबिट कार्ड और दो नकली रबर स्टांप जब्त किए। साइबर अपराध अधिकारियों के अनुसार, 2021 में दोनों ने केरल के दो साइबर जालसाज इस्साक और ताहिर अली से मुलाकात की जो वर्तमान में फरार हैं, और अपराध करने में उनकी मदद मांगी। नौशाद और अहमद कबीर ने फर्जी केवाईसी का उपयोग करके विभिन्न बैंकों में खाते खोले और धोखाधड़ी की रकम स्थानांतरित करने और साइबर धोखेबाजों की मदद करने के लिए किराए पर खाते भी लिए। हैदराबाद के साइबर क्राइम डीसीपी डी.कविता ने कहा, वे दुबई गए और वहां उन्होंने अपने बैंक खातों में मौजूद पैसे को भारतीय मुद्रा से यूएसडीटी में बदलवा लिया, जिसे टीथर भी कहा जाता है, एक क्रिप्टोकरेंसी जो अमेरिकी डॉलर से जुड़ी होती है। उन्हें संदेह है कि उन्होंने 18 खाते मुहैया कराए, जिनके जरिए करीब 26 करोड़ रुपये का फर्जी लेनदेन हुआ। इस वर्ष जनवरी में एक पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद धोखाधड़ी का खुल-ासा हुआ। शिकायत में आरोप लगाया गया कि निवेश पर अच्छा रिटर्न देने की पेशकश करने वाले एक लोकप्रिय सोशल नेटवर्किंग ऐप पर उनसे संपर्क किया गया था और उन्हें 9.4 लाख रुपये का नुकसान हुआ।

# अत्तापुर महिला मंडल के गणगौर उत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर महिला मंडल के तत्वावधान में गणगौर महोत्सव शिव मंदिर में आयोजित किया गया। मंडल द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सर्वप्रथम साई बाबा मंदिर तेजस्वी नगर में गणगौर की पूजा के बाद शोभायात्रा अत्तापुर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शिव मंदिर पहुंची।



जहां महिला मंडल की सदस्यों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें अनेक प्रकार की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा। विभिन्न मार्गो से होते हुए निकाली गई आकर्षक ईश्वर गणगौर की झांकी का स्वागत मनीष अग्रवाल, भरत नगर के अशोक शर्मा, तेजस्वी नगर के हनुमान अग्रवाल और संजय गोयल एवं अन्य सदस्यों ने गणगौर का स्वागत पुष्पवर्षा कर किया तथा गणगौर यात्रा में मौजूद लोगों को शीतल पेय एवं जलपान कराकर उनका सम्मान किया गया। शोभायात्रा के मार्ग में अशोक शर्मा एवं हनुमान अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम की मुख्य संयोजिकाओं ज्योति शर्मा, अंजू गोयल, कुसुम गुप्ता एवं रीना अग्रवाल का स्वागत मोती की माला एवं शॉल पहनाकर किया गया।

शोभायात्रा के मंदिर में आने के बाद रितु जैन, प्रीति पोद्दार, अंकिता अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, मिनी अग्रवाल, ज्योति पारीक, मीना सिंह आदि मंडल महिला सदस्यों ने कई आकर्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आशा शर्मा एवं राज कुमारी सारडा द्वारा मनमोहक नाटक की प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब हंसाया। अत्तापुर महिला मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रवीण नावेंदर, समाजसेवी गोपाल बल्दवा एवं विशेष अतिथि गोपाल जाजू, सुरेंद्र रेड्डी एवं सुरेश रेड्डी ने कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम में जोश भरा। इसके अलावा इस मौके पर अत्तापुर के समाज अध्यक्षों एवं विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के अध्यक्षों तथा समाज सेवकों का भी स्वागत किया गया। जिसमें शिव मंदिर ट्रस्टी सदस्यगण, अग्रवाल समाज अत्तापुर शाखा प्रेजिडेंट बद्री प्रसाद सरायवाला, श्याम मित्र मंडल में राजेंद्र प्रसाद दादरीवाल, नव जाग्रति मंच के सुरेश मोदी, श्याम सत्संग समिति के हनुमान अग्रवाल, राजेंद्र नगर हिंदी मीडिया के पवन नालपुरिया, सुंदरकांड समिति के श्याम अग्रवाल, खम्मा धनी के प्रभारी समाजसेवी बाबूलाल जोशी का माला एवं शॉल पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर श्याम मित्र मंडल ने महिला मंडल की मुख्य संयोजिका ज्योति शर्मा, अंजु गोयल, कुसुम गुप्ता, रीना अग्रवाल का स्वागत शॉल ओढ़ाकर किया गया। नेहा अग्रवाल, रानी शर्मा, अनिता नावेंडर, राज कुमारी पारीक आदि सोना चांदी तंबोला कार्यक्रम के विजेता सदस्यों को गणमान्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गए। कार्यक्रम का संचालन निधि अग्रवाल, ज्योति शर्मा और नंदा अग्रवाल द्वारा किया गया। मुख्य संयोजिकाओं ज्योति शर्म, अंजू गोयल, कुसुम गुप्ता, रीना अग्रवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम के सफल आयोजन की उपस्थित सदस्यो ने खूब प्रसंशा की।

# आतंकी हमलों और सांप्रदायिक दंगों से मुक्त है देश : किशन

**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केन्द्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को राज्य की जनता से आम चुनाव के लिये अपने मताधिकार प्रयोग करने की अपील की।



उन्होंने खैरताबाद में आयोजित एक चुनावी रैली के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य और सुरक्षा के लिये मतदान करना जरूरी है। श्री रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार में देश पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों और सांप्रदायिक दंगों से मुक्त है।

श्री रेड्डी ने भाजपा की नीतियों को गिनाया और कहा कि गरीबों के लिए चिकित्सा उपचार, वित्तीय सहायता सहित मुफ्त राशन वितरण और स्वास्थ्य देखभाल पहल के लिए निरंतर समर्थन करते रहेंगे।

उन्होंने केसीआर परिवार पर भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया तथा मौजूदा तेलंगाना सरकार के शासन की आलोचना की। उन्होंने केसीआर परिवार पर भूमि अधिग्रहण तथा अवैध व्यापारिक उद्यम का आरोप लगाया। श्री रेड्डी ने मतदाताओं से 13 मई को संसदीय चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करके प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को मजबूत करने का आग्रह किया।



गुरु दर्शन यात्रा के अंतर्गत हैदराबाद के श्रावक वीर पिता राजेन्द्र कटारिया, पारस डोसी, मनोहर बागमार, महावीर कामदार, उत्तम मुथा व वसंत बागमार नाशिक में विराजित परम पूज्य उपाध्याय प्रवर, श्री डॉ गौतममुनिजी म. सा. प्रथम, सेवाभावी श्री वैभवमुनिजी म. सा. आदि ठाणा 2 एवं श्री चंपक गच्छ नायक परम पूज्य गुरुदेव श्री पारसमुनिजी म.सा आदि थाना 4 के दर्शन व वंदन का लाभ लिया।



# सीएम जगन मोहन पर विजयवाड़ा में पथराव, माथे पर चोट लगी

## रोड शो के दौरान फूलों के साथ पत्थर भी फेके गए


**विजयवाड़ा, 13 अप्रैल (एजेंसियां)।**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर चुनाव प्रचार के दौरान शनिवार रात को पत्थर से हमला हुआ। इसमें जगन मोहन रेड्डी घायल हो गए। उनके माथे पर चोट लगी है। न्यूज एजेंसियों मुताबिक, जगन मोहन ने विजयवाड़ा में मेमंता सिद्धम (हम सब तैयार हैं) बस यात्रा निकाली थी। वे बस के ऊपर से लोगों का अभिवादन कर रहे थे। इसी दौरान उन पर फूलों के साथ पत्थर फेंके गए।



वाईएसआरसीपी ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने सीएम पर पत्थर फेंका, जिससे उनकी बाईं आंख के ऊपर चोट लग गई। सीएम को प्राथमिक उपचार के लिए बस में ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सीएम रेड्डी ने अपनी बस यात्रा फिर से शुरू की। पार्टी ने सीएम पर हमले को लेकर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) को जिम्मेदार ठहराया।

पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपने गुंडों से हमारे सीएम पर हमला करवाया। टीडीपी के लोग सीएम रेड्डी की यात्रा की लोकप्रियता को सहन नहीं कर सके। राज्य की जनता 13 मई को इसका जवाब देगी। आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा की 25 और विधानसभा की 175 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। 4 जून को नतीजे आएंगे। राज्य में पिछले 5 साल से जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में वाईएसआरसीपी की सरकार है। विपक्ष की भूमिका में टीडीपी है, जिसका नेतृत्व चंद्रबाबू नायडू कर रहे हैं। वे तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं।



गुजरात से हैदराबाद पधारीं काजल हिन्दुस्तानी ने श्याम मन्दिर काचीगुडा में बाबा के दर्शन लाभ प्राप्त किए। अवसर पर उपस्थित अरुणा डाकोतिया, जिग्नेश दोशी, रामदेव अग्रवाल एवं मुख्य पुजारी रामचरण महाराज।



ऋषि श्रृंग भवन में आयोजित सिखवाल महिला मंडल के गणगौर महोत्सव पर भाग्यनगर हैदराबाद लोकसभा प्रत्याशी माधवी लता शर्मा के आगमन पर सिखवाल प्रगति समाज द्वारा शॉल-साफा एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकार एवं अन्य समाज बंधु-महिलाएं उपस्थित रहीं।

# लोहिया समता न्यास, पित्ती ट्रस्ट-सेवा दल ने स्कूल को प्रदान की सामग्री




**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राममनोहर लोहिया समता न्यास, बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट तथा अग्रवाल सेवा के प्रतिनिधि मंडल ने पंजागुट्टा स्थित गवर्नमेंट स्कूल को वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुविधा हेतु लगभग दो लाख रुपए की सामग्री प्रदान की। सेवा दल के प्रचार संयोजक अजित गुप्ता के अनुसार लोहिया समता न्यास, पित्ती ट्रस्ट तथा सेवा दल द्वारा अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा सरकारी विद्यालयों के लिए चलाई जा रही सेवा योजनाओं के अंतर्गत सेवा दल के संयोजक अजित गुप्ता, कैलाश केडिया, दीपक गुप्ता, विनय सी अग्रवाल तथा रत्नम राजू द्वारा पंजागुट्टा स्थित गवर्नमेंट स्कूल को वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुविधा हेतु दो लाख रुपये मूल्य के कंप्यूटर, प्रिंटर, अलमारी, पब्लिक अड्रेस सिस्टम, बेंच, कुर्सियां, स्टील के थाली- गिलास आदि प्रदान किये गए। इस अवसर पर पंजागुट्टा स्थित गवर्नमेंट स्कूल के प्रमुख, अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। लोहिया समता न्यास, पित्ती ट्रस्ट के चेयरमेन तथा सेवा दल के परामर्शदाता शरद ब पित्ती ने बताया कि पित्ती ट्रस्ट तथा सेवा दल द्वारा नियमित रूप से अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा सरकारी विद्यालयों का दौरा कर उनकी जरूरतों का पता लगाने के बाद उन्हें उनकी आवश्यकता अनुसार पंखे, ट्यूब लाइट, वाटर कूलर, अलमारी, कंप्यूटर, प्रिंटर, फर्निचर आदि प्रदान किये जाते हैं। आवश्यकता पड़ने पर जरूरत अनुसार सोलार पैनल भी लगा कर दिये जाते हैं। उन्होंने बताया कि नगर स्थित अनाथालय, वृद्धाश्रम तथा सरकारी विद्यालय इस सेवा योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## तेलंगाना में बिजली गिरने और तेज हवाओं के साथ आंधी के आसार

**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के आदिलाबाद, कुमरमभीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निज़ामाबाद, जगित्याल, राजन्ना सिरिसिला, सिद्दीपेट, संगारेड्डी, मेडक, कामारेड्डी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने और तेज हवा चलने का अनुमान जताया है ।




हैदरगुड़ा स्थित एमएलए क्वाटर्स में तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गड्डम प्रसाद कुमार को स्मृति चिन्ह भेट करते हुए लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, साथ मे सीए एसवी काबरा एवं अन्य।

# बीआरएस प्रत्याशी निवेदिता के घर पर लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

## डबल बेडरूम आवास योजना के तहत आवेदकों से पैसे एकत्र कर धोखा देने का लगाया आरोप

**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

डबल बेडरूम आवास योजना के तहत आवेदकों के एक समूह ने सिकंदराबाद छावनी विधानसभा उपचुनाव के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की उम्मीदवार निवेदिता के आवास पर विरोध प्रदर्शन किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि मेरेडपल्ली में योजना के तहत घर उपलब्ध कराने के लिए उनसे पैसे इकट्ठा करने के बाद उनके परिवार ने उन्हें धोखा दिया था।

यह दावा करते हुए कि 30 लोगों ने घरों के लिए पैसे दिए, उन्होंने विधायक उम्मीदवार से उनके पैसे वापस करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि जी. सयन्ना को उनकी बेटियों की मौजूदगी



में 1.40 करोड़ रुपये दिए गए। बीआरएस विधायक जी. सयन्ना का पिछले साल 19 फरवरी को बीमारी के कारण निधन हो गया था। नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में बीआरएस ने उनकी बेटी नंदिता को मैदान में उतारा था। वह विधानसभा के लिए चुनी गईं।

नंदिता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के नारायणन श्री गणेश को 17,169 वोटों के अंतर से हराया था। हालांकि, 23 फरवरी को हैदराबाद के पास एक कार दुर्घटना में नंदिता की मृत्यु हो गई। 10 अप्रैल को बीआरएस ने उपचुनाव के लिए नंदिता की बहन निवेदिता की उम्मीदवारी की घोषणा की। मल्काजगिरी लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में से एक, सिकंदराबाद छावनी का उपचुनाव 13 मई को लोकसभा चुनाव के साथ होने वाला है। बीआरएस को उम्मीद है कि चुनाव के तीन महीने के भीतर नंदिता की मौत के बाद बनी सहानुभूति का फायदा उठाया जा सकेगा।



सनतनगर में माता के जागरण का आमंत्रण काव्य किशन रेड्डी को देते हुए सपना गुप्ता। साथ सुनील, वैशबी पंडित जी।

# मारवाड़ी युवा मंच पर्ल ने पक्षियों के लिए की दाने की व्यवस्था




**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मारवाड़ी युवा मंच पर्ल शाखा सिकंदराबाद द्वारा अबोल पक्षियों के लिए दाने की व्यवस्था की गई। शाखा मंत्री शीतल जैन के अनुसार शाखा अध्यक्षा रक्षा जैन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रकल्प जीवदया एवं पशु संरक्षण के तहत टैंकबंड पर अबोल पक्षियों के भोजन हेतु दाने की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रक्तदान संयोजक पूनम बोहरा, पुष्पा कोठारी, कविता मांडण ,सोनल जैन, संतोष गुजरानी आदि का सहयोग रहा शाखा मंत्री शीतल जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।



आगामी 15 अप्रैल को उमियाधाम मेडचल मे आयोजित श्री उमिया माता मंदिर भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे भाग लेने हेतु तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गड्डाम प्रसादकुमार, उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क व उनकी धर्मपत्नी नंदीनी, विधायक रामदास नायक, पूर्वमंत्री मल्ला रेड्डी, भाजपा से हैदराबाद सासंद पद प्रत्याशी माधवीलता, गुजराती समाज, भगीनी समाज को निमंत्रित करते हुए कांतीलाल पटेल, जसमत पटेल, एसबी काबरा, रिद्धीश जागीरदार, जनक भट्ट, घनश्याम पटेल, निखिल पोपट, परमेश्वरी शर्मा, तरूण महेता एवं अन्य।

## 111 गायों को गौरक्षकों ने कटने से बचाया

**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दूसरे राज्यों से हैदराबाद में काटने के मकसद से अवैध रूप से गाड़ियों में भरकर लाए जा रहे गोवंश को गौरक्षा दल तेलंगाना एवं गोरक्षा दल टाइगर फोर्स, ध्यान फाऊंडेशन, हिंदू तख्त के कार्यकर्ता गाय बचाओ के विशेष अभियान में किसी भी हद तक गायों को कटने से बचा रहे हैं।

उगादि एवं सनातनी नववर्ष के दिन गौरक्षकों ने पहली गाड़ी शमशाबाद पुलिस की सहायता से तथा दूसरी गाड़ी को अत्तापुर पुलिस की सहायता से बचाया। इन गाड़ियों में भरी 111 गायों को शमशाबाद एवं अत्तापुर पुलिस की सहायता से कटने से बचाया गया ।

# लापता बच्चे को पुलिस ने एक घंटे के अंदर ढूंढ निकाला

**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कोंडापुर में अपने घर के पास से लापता हुए साढ़े तीन साल के बच्चे को पुलिस ने शनिवार को एक घंटे के भीतर सुरक्षित ढूंढ लिया। जे. हरिसवा अपने माता-पिता के साथ रहता है आज दोपहर में वह अपने घर के सामने खेल रहा था और उसकी मां गृह कार्यों में व्यस्त थी। इसी मध्य खेलते-खेलते बालक लापता हो गया। पुलिस ने कहा कि हरिसवा के माता-पिता को कुछ समय बाद अहसास हुआ कि बच्चा लापता है, उन्होंने पड़ोस में उसकी तलाश की और पुलिस से संपर्क किया।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर हमने विशेष टीमें बनाईं और आसपास की आवासीय कॉलोनियों में बच्चे की तलाश शुरू की।

# रेलवे स्टेशनों पर पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयासों में जुटा दमरे

**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) अपने रेल नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी गर्मी के मौसम और संभावित लू की आशंका के मद्देनजर जोन लगातार स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता की समीक्षा कर रहा है ताकि रेल यात्रियों के लिए पीने के पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। स्थापित मानदंडों के अनुसार यात्रियों को स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें क्षेत्रीय और मंडल दोनों स्तरों पर स्थिति की निगरानी कर रही हैं।

इसे सुनिश्चित करने के लिए रेलवे की ओर से कई कदम उठाए जा रहे हैं। पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी स्टेशनों पर पानी की मांग और आपूर्ति क्षमताओं की समीक्षा करने के लिए इंजीनियरिंग और इले-क्ट्रिकल विभागों के पर्यवेक्षकों के साथ संयुक्त बैठकें आयोजित की जा रही हैं। किसी भी आपातस्थिति के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की




भी योजना बनाई जा रही है। जोन के 170 स्टेशनों पर 468 वाटर कूलर की व्यवस्था पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी है।

मंडल केंद्रीय नियंत्रण कार्यालय के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी प्रणाली (सभी स्टेशनों पर पानी की उपलब्धता की निरंतर निगरानी के लिए) भी शुरू की गई है। किसी भी समस्या की स्थिति में केंद्रीय नियंत्रण द्वारा संबंधित पर्यवेक्षकों से तुरंत संपर्क किया जा रहा है। पानी की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नियमित अंतराल पर समय-समय पर जल गुणवत्ता परीक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। कम से कम संभव समय के भीतर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों (जहां भी कोच में पानी डाला जाना है) पर स्वचालित जल आपूर्ति प्रणाली (कैमटेक) प्रदान की गई है। स्टेशनों में पानी के नल की कार्यप्रणाली को सुधारने के लिए संबंधित पर्यवेक्षकों के साथ टीमों को लगातार तैनात किया जा रहा है। विशेष रूप से, प्लेटफार्मों पर ग्रुप वॉटर पेडस्टल (जनरल कोच के पास स्थित) पर विशेष ध्यान दिया गया है।

उन स्टेशनों पर जहां नहरी पानी आपूर्ति का मुख्य स्रोत है, मांग से निपटने के लिए भंडारण टैंकों को बढ़ाया गया है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी भंडारण टैंकों (एचएल और जीएलआर दोनों) की लगातार निगरानी की जा रही है। जहां भी आवश्यकता हो, स्टेशन में स्थानीय नगर पालिकाओं से पानी की आपूर्ति की भी योजना बनाई गई है। भूजल क्षमता को बढ़ाने के लिए जोन भर में कई स्टेशनों पर विकसित वर्षा जल गड्ढों की भी लगातार निगरानी की जा रही है।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, No.JC 732399H Sub Jadhav Vallabhabhanu Karanrao of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my daughter name is changed from **SRUSHTI** to **SHRUSHTI VALLABHABHANU JADHAV**, son name is changed from **SHREERAM** to **SHREERAM VALLABHABHANU JADHAV** and daughter name is changed from **SHRAVANI** to **SHRAVANI VALLABHABHANU JADHAV**.

**CHANGE OF NAME**
I, Vijayalata spouse of No.JC 732399H Sub Jadhav Vallabhabhanu Karanrao, R/o. Vill: Somatna Fata, Plot No.32, Dist:Pune, Maharashtra have changed my name from **VIJAYALATA** to **VIJAYLATA VALLABHABHANU JADHAV** vide affidavit dt:13-4-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No.JC733249Y Sub Kondababu Medasetti of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my daughter name is changed from **POORNIMA** to **POORNIMA MEDASETTI**.

**CHANGE OF NAME**
I, No.6944220L Nk Nagendra Kumar Ray of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my son name is changed from **NIRAJRAI** to **NEERAJ RAY** and another son name is changed from **RAJA RAI** to **RAJA RAY**.

**CHANGE OF NAME**
I, No.JC 733203W Sub R Nagarajan of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my daughter name is changed from **PAVITRA** to **PAVITHRA.N** and son name is changed from **DHANUSHKOODI** to **DHANUSHKODI.N**.

**CHANGE OF NAME**
I, No..15812009P Sep Biswajit Chakraborty of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my mother name is changed from **BASANTI** to **BASANTI CHAKRABORTY**.

**CHANGE OF NAME**
I, No.6510803W HavM.Venkatesan of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad TS that my daughter name is changed from **V.DIVEYA** to **V.DIVYA**.

**CHANGE OF NAME**
I, No.6940661K Hav Gopi Das of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my father name is changed from **DHARANICH DAS** to **DHARANI CHANDRA DAS**

**CHANGE OF NAME**
I, No.15812070Y L/Nk Selvaraj J of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad TS hereby state that my mother name is changed from **BANUMATHY. J** to **BANUMATHI J**.

**CHANGE OF NAME**
I, Shurhangi Patil spouse of Army No.JC 733813H Nb Sub Mohan Appasaheb Patil, R/o.House No. C-318, Rajaswa Nagar, Po:Indira Nagar, Teh and Dist:Solapur, Maharashtra have changed my name from **SHURHANGI PATIL** to **SHUBHANGI MOHAN PATIL** vide affidavit dt:13-4-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No.JC 733813H Nb Sub Mohan Appasaheb Patil of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad TS hereby that my son name is changed from **PRUTHVIRAJ** to **PRUTHVIRAJ MOHAN PATIL** and daughter name is changed from **TEJAL** to **TEJAL MOHAN PATIL**.

**CHANGE OF NAME**
I, No.JC 732239H Binod Kumar Choudhary of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad TS hereby state that my mother name is to be changed from **PHOOL KUMARI DEVI** to **PHUL KUMARI DEVI** and father name is changed from **SHIVJI CHOUDHRY** to **SHIVJI CHOUDHARY**.

**CHANGE OF NAME**
I, No.2611415Y Hav M NARSAIAH, R/o.H.No.47-13-2, Venkatapur, (Rural), NirmalDist, Telangana that my son name is to be changed from **CHARAN CHARY MALEPU** to **MALEPU CHARAN** vide affidavit:13-4-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No.JC733847W Sub Panneer Selvam.PC of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my daughter name is changed from **P.SUVIKA** to **P.SUVEKA**.

**CHANGE OF NAME**
I, MG Dhanya spouse of No.JC 735032N Nb/Sub Suresh MK, R/o.Vill and Po:Mezhuveli, Dist:Pathanamthitta, Kerala have changed my name from MG **DHANYA** to **DHANYA MG** vide affidavit dt:13-4-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No.JC733098L Nb/Sub Dulal Chandra Dhara of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad that my mother name is changed from **PADMA DHARA** to **PADMARANI DHARA**.

**CHANGE OF NAME**
I, No.6940531F Hav Tongbram Dhaneshwor Singh of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad TS. hereby state that my mother name is to be changed from **T SANAJAOBI DEVI** to **TONGBRAM SANAJAOBI DEVI**.

**CHANGE OF NAME**
I, No.6940493W Hav Ashwani Kumar of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad TS. hereby state that my mother name is changed from **SHAVITRI DEVI** to **SAVITRI DEVI**.

**CHANGE OF NAME**
I, Krishna Veni spouse of Army No 6942400P Raghupathi Ravi, R/o.House No.302, Flat No.564, House of Grace, Defence Colony, Vill & Po:Sainikpuri, Teh:Malkajgiri, Medchal Malkajgiri Dist have changed my name from **KRISHNA VENI** to **RAGHUPATHI KRISHNA VENI** vide affidavit dt:13-4-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No.JC 733193X Sub Jaipa Ram Kulhari of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad TS hereby state that my mother name is to be changed from **PRAMESHRI DEVI** to **PRAMESHWARI**.

**CHANGE OF NAME**
I, No.6940721N Hav Rojo Kanta Rabha of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, TS hereby state that my father name is changed from **DHONONJOY RABHA** to **DHONOJOY RABHA**.

**CHANGE OF NAME**
I, MOUMI SANTRA is legally wedded spouse of service No 17004280P Rank-Hav Name-Prasenjit Santra presently residing at Village -Santipur, PO-Macheda, Teh- Tamluk, District-Purba Medinipur, PIN-721137 State-West Bengal have changed my name from MOUMI SANTRA to MOUMI KUNDU add in my Husband service documents Before Notary G Ramchander, Secunderabad dated 13/04/2024.In future, I will be known by MOUMI KUNDU.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No JC-770211M Rank-Sub, Name-Kurban presently residing at EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad (TS), PIN-500015 have changed my son name from MOANISH AHAMAD to MONISH ALI add in my service documents Before Notary G.Ramchander Secunderabad dated 13/04/2024. In future, I will be known by MONISH ALI.

**CHANGE OF NAME**
I, VIJAYLAXMI SARAVADE is legally wedded spouse of service No 14651738N Rank-Nk Name-Balappa Lagamappa Sarawadi presently residing at Village-Godachnmalki, Teh- Gokak, District-Belagavi, PIN-591122 State-Karnataka, have changed my name from VIJAYLAXMI SARAVADE to VIJAYLAXMI BALAPPA SARAWADI add in my Husband service documents Before Notary P.B Nimbalkar, Gokak,Belgam dated 12/04/2024.In future, I will be known by VIJAYLAXMI BALAPPA SARAWADI.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No 14682807A Rank-Hav, Name-Dharmendra Kumar Gupta presently residing at Qtr No-103/02,New Milkha Singh Colony, Opps - Nagamandir, Trimulgherry, Secunderabad (TS), PIN-500015 have changed my Father name from ANANT RAM to ANANT RAM GUPTA and date of birth from 01/07/1960 to 19/03/1952 add in my service documents Before Notary G.Ramchander Secunderabad dated 13/04/2024.In future, I will be known by ANANT RAM GUPTA and DOB-19/03/1952.

# उमिया माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम भव्यता से प्रारंभ









**हैदराबाद, 13 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज हैदराबाद-सिकंदराबाद के तत्वावधान मे उमिया धाम मेडचल मे निर्माणाधीन दक्षिण भारत का प्रथम माँ उमिया माता के भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्य जोर शोर एवं उत्साहपूर्ण माहौल मे प्रारंभ हुआ। श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज हैदराबाद सिकंदराबाद के प्रचार प्रसार संयोजक जसवंत सुराणी ने बताया गया कि समाज अध्यक्ष कांतीलाल गोराणी एवं मंत्री हंसराज दडगा के नेतृत्व मे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मे आज शनिवार को प्रातः 8 बजे 1008 कलश यात्रा, तथा 1000 करोड राम नाम जाप अक्षर पुस्तिका (पोथी) के साथ राम मंदिर मुनिराबाद से प्रारंभ हुई। अवसर पर विख्यात संत श्री सद् गुरू श्री रितेश्वर स्वामी (वृंदावन), अखिल भारत हिन्दू महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्रीश्रीश्री त्रिदंडी श्रीनिवासा जीयर स्वामी, टीटीडी हिन्दू धर्म प्रचार परिषद बोर्ड सदस्य स्वामी कमलेश महाराज, संतश्री वल्लभकृष्ण, सुश्री भारती दीदी, पूज्य संतश्री जगु दादा आदि उपस्थित थे। सायं 3 बजे से 6 बजे तक संतो द्वारा आशीर्वचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कांतीलाल पटेल ने पधारे सभी का स्वागत करते हुए कहा कि श्री उमिया माताजी मंदिर उमिया धाम मेडचल तेलंगाना राज्य मे 5 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आगामी 11 से 15 अप्रैल तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज हैदराबाद सिकंदराबाद के तत्वावधान मे श्री उमिया धाम, मुनीराबाद रोड, गुसाइगुडा विलेज के पास, नेल्लुकुन्टे के पिछे, पुदुर, मेडचल मे दक्षिण भारत मे प्रथम बार पाटीदार बंधुओ की कूलदेवी माँ उमिया माता के विशाल मंदिर के साथ साथ श्री लक्ष्मीनारायण भगवान, श्री देवादि देव महादेव की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। उन्होने दरबार के भव्य शिखरबद्ध मंदिर मे आयोजित महापूजा तथा शिलान्यास विधी (खात मुहूर्त), धार्मिक समारोह व सभा, महाप्रसाद के सम्बंध मे विस्तृत जानकारी दी ।

अवसर पर हंसराज पटेल ने कहा कि माँ उमिया मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, शिवपार्वती मंदिर के साथ साथ उमिया धाम क्षेत्र मे श्री राम स्थंभ मे राम भक्तो द्वारा हस्तलिखित करीब 1000 करोड से भी ज्यादा की संख्या मे राम नाम लिखित पत्र स्थम्भ मे रखे जायेगे। राम स्थम्भ 32 फीट लम्बा और 18 फीट रेडीयस अष्टकोण के हिसाब से सुशोभीत होगा तथा स्थम्भ पारदर्शी होगा जिससे श्रद्धालु इसे अपने स्वनेत्रो से देख सकेगे।

कार्यक्रम मे लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमतभाई पटेल, संयोजक दामोदर पटेल, केशवलाल पटेल, भगवानदास पटेल, जयंत पटेल, दयाराम मेघजी दिवाणी, नारायण हिरजी रवाणी, शामजी करशन जबुवाणी, जयंतीलाल रामजी सुराणी व शिवजी कानजी लींबाणी, करमशी डाह्या पाचाणी व गोविन्द रतनशी सोमजीयाणी, हंसराज नानजीभाई दडगा, रमेश विश्राम राजाणी व पुरूषोत्तम करशन रामाणी, नानालाल राजाराम सोमजीयाणी, पुरूषोत्तम तेजालाल रवाणी, केशवलाल चौधरी, अरविंद चौधरी, शामजी जशा पोकार, अंबालाल पटेल, रामजी केसरा रामाणी आदि उपस्थित थे।
















स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.